✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 65 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 31 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



जहानाबाद में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी लेते सीएम नीतीश कुमार




### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को दिया एक और तोहफा

# आशा-ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को एक और सौगात दी है। सीएम ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने का एलान किया है। उन्होंने आशा का मानदेय 3000 और ममता का 600 रुपये कर दिया है। सोशल मीडिया पर सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से हमलोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में आशा तथा ममता कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के अहम योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार रुपये की जगह तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपये की जगह 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इससे उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। बता दें कि पिछले कुछ साल से बिहार राज्य ममता कार्यकर्ता संघ की ओर से मानदेय बढ़ाने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा था। बता दें कि ममता कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग में काम कर रही हैं। यह सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव के बाद नवजात शिशु और मां को सेवाएं देती हैं। वहीं आशा भी स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने



में मदद करती हैं। वह गर्भवती महिलाओं, बच्चों की देखभाल, टीकाकरण, परिवार नियोजन और बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### मुख्यमंत्री का फैसला ऐतिहासिक : मंगल

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय कहा कि एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रहे सीएम नीतीश कुमार ने बिहार में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने का जो फैसला लिया है, यह ऐतिहासिक फैसला है। आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार की जगह तीन हजार रुपये मानदेय मिलेगा। वहीं ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 की जगह 600 प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इसका ऐलान किया। यह एक ऐतिहासिक फैसला है। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं। उनके कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आशा एवं ममता कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी हैं। आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं ने सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है। मानदेय वृद्धि के बाद निश्चित तौर पर उनके आत्म बल और कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। श्री पांडेय ने बताया कि इस ऐतिहासिक निर्णय का सीधा लाभ 91094 आशा कार्यकर्ताओं, 4364 आशा फैसिलिटेटर्स और लगभग 4600 ममता कार्यकर्ताओं को मिलेगा। इसके अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन के लिए 13 हजार 180 रूपये, मोबाइल रिचार्ज हेतु 200 रूपये और दो साड़ियों के लिए 2 हजार 500 रूपये की राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 हजार नई आशा कार्यकर्ताओं की बहाली प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही विभाग में बीटीएस और बीपीएससी के माध्यम से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां भी की जा रही हैं। विभाग का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सेवाएं समय पर और सुलभ रूप में आमजन तक पहुंचें।

## वोटर लिस्ट से नाम कटने पर दावा-आपत्ति के लिए लगेंगे कैंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट रिवीजन अभियान के तहत घर-घर सत्यापन के बाद नई मतदाता सूची का ड्राफ्ट 1 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा। अगर वोटर लिस्ट से किसी मतदाता का नाम कट गया या कोई अन्य समस्या है तो चुनाव आयोग एक और मौका देने जा रहा है। इसके लिए बिहार में जगह-जगह विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंप में जाकर मतदाता पुनरीक्षण से जुड़े दावे और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। चुनाव आयोग की ओर से दावा और आपत्ति के निबटारे के लिए 2 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक अवधि तय की है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार आम मतदाता वोटर लिस्ट रिवीजन से जुड़े अपने दावे या आपत्तियों को इस अवधि के दौरान विशेष कैंप में दाखिल करा सकते हैं। आयोग ने यह सुनिश्चित करने का फैसला लिया है कि वोटर लिस्ट रिवीजन के दौरान दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाए। आयोग ने कहा कि दावा-आपत्ति के लिए विशेष कैंप राज्य के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों, शहरी निकाय कार्यालयों जैसे सभी कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय, नगर पंचायत, नगर परिषद और नगर निगम के अंचल कार्यालयों में लगाए जाएंगे। 2 अगस्त से 1 सितंबर के बीच इन विशेष कैंपों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच लगातार काम होगा। सोमवार से रविवार तक प्रतिदिन खुले रहेंगे। अगर किसी पात्र व्यक्ति का नाम किसी कारणवश ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है तो वह अपने नाम को स्थानांतरित या संशोधित कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ विशेष कैंप में संपर्क कर सकते हैं। बीएलओ को दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं घर जाकर आवेदन लेने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार प्रत्येक कैंप में संबंधित जिले का कोई भी मतदाता अपना आवेदन दे सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े पुत्र ने पिता को मारी गोली

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** छौड़ाही थाना क्षेत्र के डीह पताही गांव में बुधवार की सुबह एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता को गोली मार कर जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों ने जख्मी हालात में आरोपी युवक के पिता को इलाज के लिए बेगूसराय के अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी पाकर छौड़ाही थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आरोपित युवक का नाम पताही निवासी दीपक कुमार बताया जा रहा है। जख्मी पिता की पहचान संतोष यादव के रूप में की गई है।

### प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिलाव थाना क्षेत्र स्थित एकसारी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान निरंजन महतो की पुत्री विद्या भारती के रूप में हुई है। वह स्नातक पार्ट वन की छात्रा थी। मृतका के पिता निरंजन महतो ने बताया कि उनकी बेटी गांव के ही युवक छोटू से प्रेम करती थी।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ बीजापुर जिला अंतर्गत नैमेड़ थाना क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। जवान पप्पू यादव 22वीं बटालियन मिनगाचल में पदस्थ था। वह भोजपुर जिले का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक बैरक में बुधवार सुबह 5 बजे जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गले पर गोली चलाई। गोली सिर को चीरते हुए बाहर निकली जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, छात्रा जख्मी

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** साहेबगंज रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक स्टूडेंट गंभीर रूम से जख्मी हो गई। घायल को भागलपुर के जवाहर लाला नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के शिकार मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

## एसबीआइ का एटीएम काटकर 13.70 लाख रुपये की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र स्थित बागमल्ली मुहल्ले में देर रात बदमाशों ने एक बड़ा वारदात को अंजाम दिया। गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर अपराधियों ने 13 लाख 70 हजार रुपये की नकदी उड़ा ली। घटना मंगलवार-बुधवार की रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम मशीन टूटी हुई देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बैंक अधिकारियों के अनुसार उक्त एटीएम में मंगलवार को ही करीब चार लाख रुपये डाले गए थे जबकि मशीन में पहले से भी रकम मौजूद थी। बताया गया कि रात में गश्ती के दौरान पुलिस की एक टीम ने एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने गश्ती वाहन को टक्कर मार दी और वाहन लेकर छपरा की दिशा में फरार हो गए। पुलिस ने उनका करीब पांच किलोमीटर तक पीछा किया लेकिन वे फरार होने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही हाजीपुर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। वैशाली के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। यह टीम घटना से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

## वाणावर पर रोपवे निर्माण कार्य में लाएं तेजी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को वे अचानक पटना से जहानाबाद के मखदुमपुर स्थित वाणावर पर्यटक स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने श्रावणी मेले का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री सबसे पहले पातालगंगा स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। वहां से वे अधिकारियों के साथ श्रावणी मेला का निरीक्षण करते हुए मखदुमपुर के वाणावर के विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पहाड़ी की तलहटी में जाकर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को विकास से संबंधित कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मेले में आए लोगों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की



सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो। जलाभिषेक करने में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखें। मौके पर मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और जिलाधिकारी को समाधान करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वाणावर गुफायें भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती हैं। इसका विकास बहुत महत्वपूर्ण है ताकि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यह क्षेत्र संरक्षित रहे। साथ ही यहां पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। बिहार सरकार द्वारा वाणावर के विकास के लिए रोपवे का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रोपवे के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नीतीश कुमार करीब आधे घंटे तक वाणावर में रुके और विकास से संबंधित योजनाओं पर चर्चा की। उनके अचानक आगमन से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया था। स्थानीय लोग भी मुख्यमंत्री के आगमन से हैरान हुए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के आने से क्षेत्र के विकास की नई उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## घिनौना काम कर रहे तथाकथित प्रभावी लोग : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि सफ़ेदपोशी की आड़ में गणमान्य लोग अपराध और घिनौना काम कर रहे हैं। समाज को इसके विरोध में आंदोलन करना चाहिए मगर समाज चुप है। डीजीपी ने आरा और नवादा के दो उदाहरण देते हुए कहा कि इन दोनों मामलों में जनप्रतिनिधि ही नाबालिगों के यौन शोषण का जघन्य अपराध कर रहे थे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई भी की है। उन्होंने सभी डीएसपी समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) रोकने का काम आसान नहीं है। इसका फुलप्रूफ सिस्टम



है। ऐसे में कितना भी मजबूत आदमी हो, इस मामले में पुलिस निष्पक्ष होकर कार्रवाई करें। वह पुलिस मुख्यालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार निरोध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। डीजीपी ने कहा कि मानव तस्करी या किसी बच्चे का गुम हो जाना हत्या से भी ज्यादा पीड़ादायक है। मौत का दुख तो कुछ दिनों में भर जाता है मगर गुमशुदा बच्चे की पीड़ा से परिवार कभी उबर नहीं पाता इसलिए पुलिस इन मामलों को पार्ट टाइम नहीं, फुल टाइम समझ कर काम करे। डीजीपी ने कहा कि आज ड्रग्स बेचने वाला फॉर्च्यूनर गाड़ी पर चल रहा है। एक मामले में मैंने जांच की तो पता चला ड्रग्स माफिया ने 50 जगह जमीन की रजिस्ट्री की है। इस तरह के अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है। इनको चिन्हित किया जा रहा है। इस तरह के लोग बचेंगे नहीं। समाज को भी इनका प्रतिरोध करना चाहिए और अपने अंदर झांकना होगा।

## कैग रिपोर्ट पर ऐक्शन में नीतीश सरकार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में 70 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) लंबित होने के मामले में नीतीश सरकार ऐक्शन में आ गई है। बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को लेकर शिक्षा, नगर विकास समेत अन्य विभागों पर कार्रवाई की गई है। नीतीश सरकार ने शिक्षा विभा का आकस्मिक एडवांस फंड बंद कर दिया है तो वहीं नगर विकास एवं आवास विभाग और पंचायती राज विभाग के विशेष अनुदान पर भी रोक लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि इन तीनों विभागों के सबसे ज्यादा उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित हैं।

## सिपाही लिखित परीक्षा में चार अभ्यर्थी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की तरफ से 30 जुलाई को आयोजित सिपाही बहाली की लिखित परीक्षा में 4 अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं 6 अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है, जिसमें 5 को गिरफ्तार किया गया है। जहानाबाद में 2 एफआईआर, 3 अभ्युक्तों पर कार्रवाई और 2 की गिरफ्तार हुई है। मधेपुरा में 1 एफआईआर और 2 को गिरफ्तार किया गया है। मधुबनी में 1 एफआईआर और 1 की गिरफ्तारी हुई है। यह जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) कार्यालय की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। 30 जुलाई को राज्यभर में 627 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 2 लाख 79 हजार 95 अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिसमें 2 लाख 47 हजार 183 अभ्यर्थियों ने ई-प्रवेश पत्र डॉउनलोड किया था। अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर लगभग 79 प्रतिशत रही। लिखित परीक्षा कदाचारमुक्त कराने के लिए पर्षद की तरफ से सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग की लाइव मॉनीटरिंग की गई है। इसके लिए पर्षद मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर की व्यवस्था की गई थी।

## ईंट भट्ठों से बाल श्रमिकों की मुक्ति के चलेगा विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में मासूम बच्चों से मेहनत-मजदूरी कराने वाले सावधान हो जाएं। श्रम संसाधन विभाग ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार में 14 साल से कम आयु के बच्चों से मेहनत-मजदूरी कराने वालों के लिए छह माह से लेकर दो साल तक की जेल की सजा और 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। बिहार को बाल श्रम से मुक्त कराने के लिए श्रम अधिकारियों द्वारा गांवों में लोगों को जागरूक करने के लिए चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बाल श्रम कानून की सख्ती के संबंध में लोगों को जानकारी दी जा रही है। विभाग ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का फैसला लिया है। इसके बावजूद ईंट भट्ठों सहित होटलो, ढाबों, अपार्टमेंट्स और सामान्य घरों में बच्चों से काम कराए जा रहे हैं। ईंट भट्ठों पर काम करने वाले बाल श्रमिकों को विमुक्त कराने के लिए विशेष छापेमारी शुरू की जा रही है। इसी तरह, सामान्य घरों के साथ-साथ वैसे अपार्टमेंट को भी चिन्हित किया जा रहा है, जहां बच्चों से बाल श्रम करवाया जा रहा है। वहां से बच्चों को विमुक्त करने का अभियान चलाया जाएगा। श्रम विभाग चौपाल के माध्यम से लोगों को यह समझाया जा रहा कि ऐसे सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों का लोग बहिष्कार करें, जहां बच्चों से काम कराया जाता है। ऐसे दुकानों से कोई भी सामान की खरीद नहीं की जाए। साथ ही, उसके बारे में विभाग को जानकारी भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि कार्रवाई हो सके। स्कूली बच्चों को भी इस चौपाल से जोड़ा गया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि बच्चों से घरों में काम न कराएं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक पिछले 11 वर्षों में कुल 2976 बाल श्रमिकों को देश के अन्य राज्यों से मुक्त कराया गया है। इस रेस्क्यू में सबसे अधिक बच्चे हैदराबाद, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और एमपी के विभिन्न कारखानों में काम कर रहे थे। जिन्हें मुक्त कराने के बाद उनके घरों तक पहुंचा दिया गया है। वहीं, सैकड़ों बच्चों को शिक्षा से भी जोड़ा गया है। ये बच्चे बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी से बालश्रम उन्मूलन को गांव-गांव तक पहुचाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में बाल अधिकार जागरूकता शिविर व बाल संरक्षण समिति का गठन किया जाएगा। बिहार के प्रमुख पारंपरिक मेलों एवं त्योहारों जैसे सोनपुर मेला, श्रावणी मेला, छठ पर्व आदि में बाल अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह एवं शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

CMYK

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमियों को मिलेगा नया मंच

**▸ पटना में स्थापित होगा आधुनिक इन्क्यूबेशन सेंटर ▸ उद्योग विभाग और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच एमओयू**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण सहमति-पत्र (एमओयू) का हस्तांतरण हुआ जिसके तहत राजधानी स्थित संजय गांधी दुग्ध प्रौद्योगिकी संस्थान (एसजीआइडीटी) में एक अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह केंद्र प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत राज्य में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े सूक्ष्म उद्यमियों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगा। यह इनक्यूबेशन सेंटर कृषि उपज के मूल्यवर्धन, स्टार्टअप्स के प्रोत्साहन और स्थानीय बाजारों की मांग के अनुसार प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देगा। परियोजना की कुल लागत 222.55 लाख तय की गई है और इसे 31 मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है। एसजीआइडीटी में स्थापित होने वाला यह केंद्र स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों, स्टार्टअप्स और सूक्ष्म उद्यमों को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। यह चार प्रमुख प्रसंस्करण लाइनों से युक्त होगा जिनमें सब्जियों की प्राथमिक प्रसंस्करण एवं कोल्ड स्टोरेज, आलू चिप्स निर्माण, अचार निर्माण और टमाटर केचप एवं प्यूरी निर्माण शामिल हैं। इन प्रसंस्करण इकाइयों की कुल उत्पादन क्षमता 150 मीट्रिक टन वार्षिक रखी गई है। केंद्र की स्थापना का उद्देश्य एक साझा उपयोग वाली अधोसंरचना तैयार करना है जहां उद्यमी भारी पूंजी निवेश के बिना आधुनिक मशीनों, प्रसंस्करण तकनीकों, परीक्षण सुविधाओं और भंडारण संसाधनों का लाभ उठा सकें। इस सुविधा का संचालन एक चयनित एजेंसी द्वारा 'कस्टम हायरिंग मॉडल' के आधार पर किया जाएगा जिससे इसका अधिकतम उपयोग और व्यावसायिक प्रभाव सुनिश्चित हो सके। यह केंद्र न केवल उत्पादन बल्कि प्रशिक्षण का भी केंद्र होगा जहां खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता मानक, अच्छी निर्माण प्रक्रिया और व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के अनुरूप होंगे। यह राज्य में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्रस्तावित दूसरा इनक्यूबेशन सेंटर होगा। इससे पहले ऐसा ही केंद्र डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर में स्थापित किया जा रहा है। पटना में एसजीआइडीटी की रणनीतिक स्थिति इसे क्षेत्रीय स्टार्टअप्स और ग्रामीण उद्यमों के लिए अधिक सुलभ बनाती है। इस परियोजना को एस.एल.टी.आई. (सबौर) से अनुमोदन प्राप्त है और यह पूरी तरह प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। एसजीआइडीटी के सरकारी संस्था होने के कारण यह केंद्र 100% केंद्रीय सहायता के योग्य है। यह पहल राज्य को पूर्वी भारत में खाद्य प्रसंस्करण के एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीण और जमीनी स्तर के उद्यमियों को घरेलू और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा।

## अगस्त से मिलने लगेगा 1.86 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 1 अगस्त से बिजली उपभोक्ता चाहे वह पोस्टपेड उपभोक्ता हों या फिर स्मार्ट प्रीपेड के उपभोक्ता, दोनों को ही बिहार सरकार द्वारा घोषित 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। विगत 18 जुलाई को राज्य मंत्रिमंडल ने जुलाई महीने से ही 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने को मंजूरी प्रदान कर दी है जिसका लाभ उपभोक्ताओं को अगस्त के महीने से मिलना शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत कुल 60 लाख स्मार्ट प्रीपेड बिजली उपभोक्ताओं सहित लगभग 1.86 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत सब्सिडी वाली बिजली की 125 यूनिट मुफ्त मिलेगी। राज्य के 1.86 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं में से 1.67 करोड़ उपभोक्ता औसतन प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली का ही उपयोग करते हैं। ऐसे 125 यूनिट की सब्सिडी आधारित मुफ्त बिजली से प्रत्येक शहरी उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 550 रुपये की बचत होगी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 125 यूनिट तक की खपत करने वाले अन्य लोगों को 306 रुपये प्रति माह की बचत होगी। राज्य के बिजली उपभोक्ता यह जानने को उत्सुक हैं कि उन्हें विशेष रूप से स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं को इसका लाभ कैसे मिलेगा। हालांकि विभाग ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि पोस्टपेड उपभोक्ताओं को जो राहत मिलेगी वह अगस्त के महीने से बिजली के बिल में दिखाई देगा।

## केन्द्रीय सहकारिता नीति से बिहार को मिलेगा ग्रामीण विकास और रोजगार का नया मार्ग : डॉ प्रेम कुमार

**हर पंचायत में सहकारी इकाई और युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार द्वारा 24 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 को मंजूरी दिए जाने के बाद बिहार में सहकारिता आंदोलन को नई गति मिलने जा रही है। बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने इस नीति को राज्य के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया है जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में सहायक बनेगी। सहकारिता मंत्री की ओर से जारी प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि यह नीति 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। राज्य सरकार जल्द ही बिहार सहकारिता नीति 2025 लाकर इसे धरातल पर उतारेगी। ताकि छोटे किसानों, ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों तक इसके लाभ सीधे पहुंच सके। नई नीति के अंतर्गत राज्य की प्राथमिक कृषि साख समितियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, सहकारी बैंकों को आधुनिक वित्तीय प्रणाली से सुसज्जित किया जाएगा और प्रखंड स्तर पर सहकारिता सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके माध्यम से किसानों को सस्ता ऋण, उन्नत बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार की योजना है कि हर गांव में कम से कम एक सहकारी इकाई की स्थापना की जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सहकारी ढांचे से जोड़ा जाएगा और युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ ऋण सहायता दी जाएगी, ताकि वे पर्यटन, बीमा, टैक्सी सेवा, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में उद्यम शुरू कर सकें। नीति का लक्ष्य है कि सहकारी संस्थाओं की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हो और प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक इकाई स्थापित की जाए। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान तीन गुना तक बढ़ाने की योजना है। नई दिल्ली में घोषित राष्ट्रीय नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को अधिक समावेशी, व्यवसायिक और आधुनिक बनाकर उनकी भागीदारी देश की आर्थिक संरचना में और अधिक बढ़ाना है। इसके तहत 2034 तक देश में सक्रिय सहकारी सदस्यों की संख्या 50 करोड़ तक पहुंचाने और सहकारी क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी को तीन गुना तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। सहकारिता विभाग का कहना है कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य के लिए यह नीति एक सुनहरा अवसर है जिससे राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में व्यापक परिवर्तन संभव होगा।

## अनुराग जोशी ने एसबीआई पटना सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अनुराग जोशी ने भारतीय स्टेट बैंक के पटना सर्कल के नए मुख्य महाप्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण किया जो बिहार और झारखंड में फैली 1,598 शाखाओं और 4.16 ट्रिलियन के व्यवसायिक पोर्टफोलियो की देखरेख करता है। उनका पदभार 25 जुलाई से प्रभावी हुआ। 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक अनुभवी बैंकर के रूप में श्री जोशी ने 1995 में एसबीआई में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न नेतृत्वकारी भूमिकाओं में कार्य किया है जिसमें बेंगलुरु सर्कल (एनडब्ल्यू- I) के महाप्रबंधक, यूके में एसबीआई के मुख्य परिचालन अधिकारी और मुंबई स्थित कॉर्पोरेट सेंटर में उप महाप्रबंधक के रूप में कार्य शामिल है। हाल ही में उन्होंने एसबीआई के कॉर्पोरेट सेंटर में महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संप्रेषण और विपणन) के रूप में कार्य किया जहां उन्होंने ब्रांड संप्रेषण और विपणन पहलों का नेतृत्व किया। अपने रणनीतिक दृष्टिकोण और मजबूत प्रशासनिक क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध श्री जोशी व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और पटना सर्कल में परिचालन उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका नेतृत्व बैंक के वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और क्षेत्र भर में मजबूत बैंकिंग समाधान प्रदान करने के उद्देश्यों को समर्थन देगा।

## किसानों को सशक्त किए बिना भारत सक्षम नहीं बन सकता : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजनाः उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर क्षेत्रीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और बिहार सहित उत्तर भारत के राज्यों में इस योजना की प्रगति और प्रभाव पर चर्चा हुई। सेमिनार की अध्यक्षता केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा भारत तभी आत्मनिर्भर बन सकता है जब हमारे किसान सशक्त हों। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक वित्तीय सहायता योजना भर नहीं, बल्कि कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली योजना है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने और किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण को समर्पित प्रतीकात्मक आयोजन से हुई जो खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में टिकाऊपन की अनिवार्यता को दर्शाता है। आईआईए दिल्ली की चेयरपर्सन डॉ. ममतामयी प्रियदर्शिनी ने स्वागत भाषण में नीति और जमीनी स्तर के क्रियान्वयन के बीच की दूरी को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने की अपार क्षमता है। सेमिनार में आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने छोटे खाद्य उद्यमों के लिए तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता मानकों को अपनाने और प्रशिक्षण पर जोर दिया। उद्योग विशेषज्ञ चेतन देव भल्ला ने कहा कि उद्यमियों को योजना का लाभ लेने में प्रक्रियात्मक बाधाएं आती हैं जिन्हें सरल बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने ऋण की सुलभता बढ़ाने की जरूरत पर भी बल दिया।

## विनोद कुमार बने दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विनोद कुमार ने पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में जयंत कुमार चौधरी से कार्यभार ग्रहण कर लिए हैं। 1995-बैच के भारतीय रेल अभियंत्रण सेवा के अधिकारी हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आई.आई.टी.,रूड़की से एम.टेक.की डिग्री हासिल की हुई है। प्रशिक्षण के उपरान्त श्री कुमार ने सर्वप्रथम पश्चिम रेलवे के कोटा मंडल में सहायक मंडल अभियंता के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। पश्चिम रेलवे के कोटा, वड़ोदरा, रतलाम मंडल एवं पूर्व रेलवे के हावड़ा, आसनसोल मंडल के साथ-साथ मेट्रो रेलवे एवं निर्माण विभाग में विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है। रेलवे के परिचालन, अनुरक्षण एवं निर्माण विभाग में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है। दानापुर मंडल में योगदान से पूर्व श्री कुमार, कार्यकारी निदेशक के पद पर रेल भूमि विकास प्राधिकरण, दिल्ली में पदस्थापित थे। इस शताब्दी वर्ष में पदभार ग्रहण करने के पश्चात मंडल के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मंडल में रेल से संबंधित चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं परियोजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए समीक्षा की। साथ ही संरक्षा,समय पालन एवं सुरक्षा तथा आधारभूत संरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए समस्त रेल कार्यों को सुगम एवं पारदर्शी कार्य पद्धति का अनुसरण करते हुए संपन्न करने पर बल देते हुए अपनी प्राथमिकता जतायी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में गंगा गीतों पर झूमे श्रोता

**डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने गंगा मइया से देश की सुख-समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** सामयिक परिवेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 10वां आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और गंगा स्वच्छता मिशन की बुडको ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के अनेक पारंपरिक लोकगीतों को माता गंगा को समर्पित करते हुए वरदान मांगा कि देश की सुख और समृद्धि तथा सदैव बढ़ोतरी के लिए अपना आशीर्वाद बनाए रखें। कार्यक्रम में गंगा अवतरण के प्रसंग पर विस्तार से चर्चा करते हुए लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने चलली गंगोत्री से गंगा मइया जग के करे उद्धार गीत गाया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मां गंगा के पावन तट पर रहने वाले हम बिहारियों के दिल में मां गंगा ही रहती हैं। जन्म से मृत्यु तक के हर संस्कार में और विश्व के सबसे बड़े लोक त्यौहार में मां गंगा आशीर्वाद देने के लिए साक्षात हमारे साथ बनी रहती हैं। मां गंगा के पावन तटों की साफ-सफाई हम सब की जिम्मेदारी है। सांस्कृतिक संध्या में नीतू नवगीत ने मांगी ला हम वरदान हे गंगा मैया गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर किया। गायिका नीतू नवगीत ने वरिष्ठ गजलकार ममता मेहरोत्रा की कई गजलों की भी प्रस्तुति दी जिसे सब ने सराहा। इन गजलों में आज भी खुश हूं बीते कल की तरह, फिक्र मेरी है गंगा जल की तरह, खुशियां ढूंढते रहते हैं, जीवन में दुख को पाले हम, रंगमंच है यह दुनिया, किरदार निभाने वाले हम, बाहर की दुनिया का कोई दर्पण साफ नहीं होता, दिल के आईने में देखें, गोरे हैं या काले हम, मानवता के लायक पहले मन को कर लें, उसके बाद चाहे जितने भी बनवा लें, मस्जिद और शिवाले हम जैसे गजल गाए। कार्यक्रम में धीरज पांडेय ढोलक पर, आशीष पंडित पैड पर और सुरेश कुमार कैसियो पर लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत के साथ संगत किया।

## कोतवाली पुलिस की बर्बर कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस पीड़िता को देगी कानूनी और हरसंभव मदद : पवन खेड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कमला नगर कोतवाली थाना के पास स्लम एरिया में सामाजिक कार्यकर्ता रिया पासवान के साथ हुई पुलिसिया ज्यादती पर बोलते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार में गुंडाराज बोलते हैं हमलोग, लेकिन अब रिया पासवान और उनके परिवार के साथ हुई बर्बर पुलिसिया कार्रवाई से पता चला कि इस गुंडाराज में पुलिस भी अपराधियों के तरह काम कर रही है। उन्होंने रिया पासवान को माइक सौंपते हुए अपनी आपबीती मीडिया को बताने को कहा जहां उन्होंने बताया कि सीसीटीवी लगवाने के कारण कोतवाली पुलिस आकर बर्बर तरीके से मेरे बूढ़ी मां, भाई और मुझे सहित मेरी बहनों को पीटा गया। सामाजिक कार्य में बच्चा चोरी के खिलाफ और सूखे नशे के खिलाफ लगातार मैं ऑनलाइन पिटीशन डालने का काम करती हूं, लेकिन एसपी को आवेदन देने के 4 दिनों बाद ही मेरे घर देर रात दो बजे पुरुष पुलिस ने घुस कर पूरे परिवार के साथ मारपीट की और बाद में कोतवाली जाने पर मेरा पुलिस के खिलाफ आवेदन तक नहीं लिया गया। मेरा मोबाइल छीनकर वीडियो डीलिट कर दिया गया और पड़ोसियों को भी मदद न करने की हिदायत दी गई है। इस मामले पर मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने सामाजिक कार्यकर्ता रिया पासवान को हर संभव कानूनी मदद करने का वादा किया।

## 3 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रज्ञा समिति एवं बिहार पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में पटना के पाटलिपुत्र कोलनी स्थित पेन्शनर भवन में तीन अगस्त को अपराह्न साढ़े तीन बजे गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बिहार के पूर्व डीजीपी डी एन गौतम, विशिष्ट अतिथि जे एन त्रिवेदी, अध्यक्षता डॉ शिववंश पाण्डेय तथा मंच संचालन डॉ मुकेश कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के महासचिव जनक कुमार पाण्डेय करेंगे। इस अवसर पर प्रज्ञा वाणी पत्रिका का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रज्ञा समिति की कार्यकारिणी सदस्य डॉ मुकेश कुमार ओझा ने दी।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण हेतु राज्यस्तरीय कार्यक्रम 2 अगस्त को

**केंद्रीय कृषि मंत्री और उप मुख्यमंत्री ने तैयारियों की संयुक्त रूप से समीक्षा की**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 अगस्त 2025 को पटना स्थित बापू सभागार, गांधी मैदान में किया जाएगा। इस बाबत उपमुख्यमंत्री -सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। इस दौरान केंद्र प्रायोजित योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन तथा किसानों को मांग के अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे इसका सीधा प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से भी किया जाएगा। ताकि राज्य के दूरस्थ अंचलों के किसान भी इसका लाभ उठा सकें। इस विशेष अवसर पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण, कृषि विभाग के उच्चाधिकारी तथा कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञ भी भाग लेंगे। राज्य भर से किसान प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का वितरण सुनिश्चित करना तथा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाली एक ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म और कृषि से संबंधित योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने की जन सामान्य से रविवार को हॉर्न का उपयोग नहीं करने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहर की बढ़ती आबादी के अनुरुप सड़कों पर सभी प्रकार के पेट्रोल, डीजल चालित वाहनों की बढ़ती संख्या, निर्माण कार्यों में प्रयुक्त निर्माण संयंत्रों, विभिन्न वाणिज्यिक एवं औद्योगिक गतिविधियां, अन्य यांत्रिक उपकरणों के परिचालन, विभिन्न अवसरों पर लाउडस्पीकर, लोक संबोधन प्रणाली, डी.जे. इत्यादि के अनियंत्रित उपयोग से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण आज चिंता का विषय है। उपर्युक्त गतिविधियों के कारण चिड़चिड़ापन, बहरापन, उच्च रक्त-चाप, हृदय एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां संभावित हैं। इसी परिपेक्ष्य में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् जन-सामान्य से यह अपील करती है कि कम से कम रविवार के दिन वाहन चालक अपने वाहन के हॉर्न का उपयोग नहीं करें (आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर)। आप सबों के सहयोग से ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण लायी जा सकती है। आइये अगले रविवार से ही अपना सहयोग करें।

## राजनीतिक हिस्सेदारी अब अधिकार नहीं, आवश्यकता : मुकुल आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना का गांधी मैदान बुधवार को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना जब देशभर से आए विश्वकर्मा समाज के लाखों प्रतिनिधियों ने राजनीतिक अधिकारों की मांग को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा आयोजित इस विशाल 'विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली' का नेतृत्व महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने किया। मंच से संबोधित करते हुए मुकुल आनंद ने साफ शब्दों में कहा राजनीतिक भागीदारी अब हमारा अधिकार नहीं, हमारी जरूरत बन चुकी है। अब समय आ गया है कि हमें सत्ता में सम्मानजनक भागीदारी दी जाए। बिहार की सभी बड़ी पार्टियों ने वर्षों से हमें केवल वोट बैंक समझा, लेकिन सत्ता में प्रतिनिधित्व देने से हमेशा कतराती रहीं। यदि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारी भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई तो महासंघ वैकल्पिक रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने आगे कहा बारिश जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गांधी मैदान में उमड़ी अपार भीड़ इस बात का प्रमाण है कि समाज अब जाग चुका है। मैं आप सभी का दिल से धन्यवाद करता हूं कि आपने ऐसा मजबूत के साथ दिया।

## भू-अभिलेखों को अद्यतन करने को 16 अगस्त से शुरू हो रहा राजस्व महा अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में राजस्व महाअभियान की शुरुआत होने वाली है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से 16 अगस्त से 20 सितंबर तक ये महाअभियान चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और जनता को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण कार्यों को हल्का स्तर पर शिविर लगाकर पूरा किया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जारी पत्र में इसकी जानकारी दी है। इस राजस्व महाअभियान के तहत राज्यभर में डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन), छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान किया जाएगा।

## सिंधी समाज की महिलाओं ने किया सावन मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सिंधी वीमेन एसोसिएशन द्वारा पटना के प्रतिष्ठित होटल चाणक्य में सावन के पावन अवसर पर भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में 75 से अधिक सिंधी महिलाएं हरियाली परिधान एवं हरे चूड़ियों से सजी-धजी शामिल हुईं और पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम में खेल, संगीत, नृत्य, स्वादिष्ट व्यंजन और हंसी-ठिठोली के माध्यम से सावन का उत्सव बड़े ही उल्लास और पारंपरिक भावनाओं के साथ मनाया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सिंधी समाज की कई प्रतिष्ठित महिलाएं उपस्थित रहीं जिनमें प्रमुख रूप से-मधु मनकानी, राजकुमारी मनकानी, गरिमा लखमानी, सावित्री मनकानी, उषा मेघानी, कोमल थलानी, साक्षी मनकानी, लाज मध्यन, रेनू मनकानी, नीलू मनकानी, मोनिका, पायल, अंजू और अन्य कई आकर्षक एवं उत्साही महिलाएं शामिल थीं। यह सावन मिलन समारोह नारी शक्ति, पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया जिसे सभी ने खूब सराहा और आनंद उठाया।

# अवैध आग्नेयास्त्र व बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि काराकाट थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि ग्राम कोपा में एक व्यक्ति को गोली लगी है जिसके संबंध में थानाध्यक्ष द्वारा अपने पदाधिकारी के साथ ग्राम कोपा पहुंचकर छान-बीन किया गया। छान-बीन में पाया गया कि संतोष पाण्डेय का खेत का मोटर चोरी हो गया था जिसका शक गांव के ही रंजीत पासवान पर था, उसी में संतोष पाण्डेय एवं शहजाद हुसैन का रंजीत पासवान से चोरी का मोटर को लेकर बहस हो गया जिसमें संतोष पाण्डेय द्वारा एकनाली बंदूक से रंजीत पासवान को गोली मार दिया गया। छापामारी में संतोष पाण्डेय फरार पाये गये। उसके घर के तलाशी के क्रम में एकनाली बंदूक भूसा वाले घर से बरामद किया गया है तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर प्लस एवं हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंचकर रंजीत पासवान एवं उसके भाई संतोष पासवान से पूछताछ किया। पूछताछ में दोनों ओर से गोली चलने की बात बतायी गयी तथा संतोष पासवान के पूछताछ के आधार पर उसके निशानदेही पर ग्राम कोपा सकला सड़क किनारे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया तथा संतोष पासवान को गिरफ्तार किया गया। इस कांड में संलिप्त शहजाद हुसैन को भी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस गोली-बारी की घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस टीम द्वारा दोनों ओर से चलाये गये हथियार को बरामद करते हुये अभियुक्त को भी पकड़ा गया जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है, इसके लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति में संतोष पासवान पिता स्व. अर्जुन पासवान सा. कोपा थाना काराकाट जिला रोहतास। शहजाद हुसैन पिता अब्दुल रज्जाक मियां सा. विशुनपुरा थाना-सासाराम (मुफसिल) जिला रोहतास।

# कैमूर में वोटरों के लिए इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को लेकर मतदाताओं के बीच इवीएम एवं वीवीपैट के प्रति विश्वास और जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से कैमूर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए भभुआ नगर में स्थायी रूप से इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना की गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस केंद्र की स्थापना अनुमंडल कार्यालय परिसर में की गई है जिसमें मतदाताओं को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन के माध्यम से मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का सीधा अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इस डेमोंस्ट्रेशन सेंटर में प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा आम नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है जिसमें उन्हें बताया जा रहा है कि इवीएम और वीवीपैट कैसे कार्य करते हैं, मतदान के दौरान मतदाता को क्या करना होता है और वीवीपैट पर्ची से कैसे यह सुनिश्चित किया जाता है कि उनका मत सही उम्मीदवार को पड़ा है। इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं के मन में तकनीकी प्रक्रिया को लेकर किसी भी तरह की शंका का निराकरण करना है। इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह जनसामान्य के लिए प्रतिदिन खुला रहता है और लोग बिना किसी पूर्व अनुमति के सीधे आकर इस सेंटर में मशीनों को देखकर, स्वयं प्रयोग करके और प्रशिक्षकों से प्रश्न पूछकर मतदान प्रणाली को समझ सकते हैं। यहां आम भाषा में सरल शब्दों में तकनीकी जानकारी दी जाती है जिससे सभी वर्गों के लोग आसानी से समझ सकें।

# छापेमारी में तीन अभियुक्त शराब के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गुप्ताधाम में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत के आलोक में मद्य निषेध विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। मद्य निषेध विभाग द्वारा निरीक्षक मद्य निषेध कपिलदेव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें शामिल सदस्य अवर निरीक्षक मद्य निषेध सुश्री रोजी एवं सुशील कुमार तिवारी, सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध दीपक कुमार, संतोष कुमार चौधरी एवं सद्दाम हुसैन, मद्य निषेध सिपाही विपुल कुमार, गोविन्द चौहान, मेराज अंसारी, विरेन्द्र कुमार, शालु कुमारी के साथ गुप्ताधाम एवं उसके आसपास के क्षेत्रों से छापामारी करते हुए तीन अभियुक्तों को 23.000 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। चेनारी थाना द्वारा गुप्ताधाम एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में छापामारी करते हुए कुल 25.000 लीटर शराब जप्त किया गया। अभियुक्त अनिल कुमार पे. जगनारायण राम, सा.-नारायणपुर थाना-सोनहन, जिला-कैमूर एवं रीमा देवी पति रंगलाल राम सा. - लोहंदी, थाना-सबार जिला कैमूर को कुल 15 लीटर शराब के साथ तथा रौशन कुमार पे. कमिता सिंह सा. थिलोइ थाना-सबार, जिला-कैमूर को कुल 8 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल/हाजत भेजा गया। इन अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद थाना सासाराम काण्ड - 262 / 2025 दर्ज किया गया है। जिला पदाधिकारी के द्वारा शराब कारोबारियों तथा शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा टीम गठित कर गुप्ताधाम एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में निरंतर छापामारी, गश्ती कार्य किया जा रहा है तथा शराब कारोबारियों एवं शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## 30 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 30 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, चोरी, एससीएसटी एक्ट, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 56 लीटर देशी व नौ लीटर अंग्रेजी शराब, दो ट्रैक्टर, पांच मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 16 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# किसान 18 अगस्त को करेंगे पटना में मुख्यमंत्री का घेराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** किसानों ने भारत माला परियोजना बनारस रांची टू कोलकाता एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहित भूमि की एक तरह मुआवजा को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं भारतीय किसान यूनियन कैमूर के नेतृत्व में पीएनसी कैंप स्थल मसोई में किसानों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विमलेश पांडेय अध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं संचालन पशुपति नाथ सिंह महासचिव ने किया। बैठक में एक जिला एक परियोजना एक भूमि प्रकृति एक मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने के विषय पर चर्चा की गई। किसानों ने बैठक में कहा एक जिला एक परियोजना एक भूमि प्रकृति होने के बाद सीओ मौजा में 1 करोड़ 30 लाख से अधिक कृषि भूमि की मुआवजा मिल रहा है। वहीं कैमूर जिले के सभी चार प्रखंड में मुआवजा 30 लाख रुपए प्रति एकड़ कृषि भूमि की मिल रही है। किसानों ने कहा कि एक परियोजना है एक भूमि की प्रकृति है तो सभी किसानों को एक तरह का मुआवजा मिलना चाहिए। बैठक में किसानों ने कहा एक तरह मुआवजा को लेकर आंदोलन तेज किया जाए। किसानों ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसान 18 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पटना आवास में घेराव किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के घेराव का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विमलेश पांडेय ने कहा किसानों के लिए उचित मुआवजा की आंदोलन अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा एक जिला एक परियोजना एक भूमि प्रकृति एक मुआवजा की मांग लेकर बिहार सरकार से मरते दम तक लड़ते रहेंगे। बैठक को महासचिव पशुपति नाथ सिंह सचिव अनिल सिंह एवं अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने संबोधित किया।

# सैकड़ों कांवरियों का जत्था लेकर सोनू व नीतू देवघर के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डिहरी/अकोढ़ीगोला।** प्रत्येक साल की तरह इस बार भी डिहरी के चर्चित समाजसेवी व लोजपा आर के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह व पूर्व जिला परिषद नीतू सिंह ने अपने नावाडीह स्थित ऑक्सीजन प्लांट से बुधवार को सैकड़ों कांवरियों की एक जत्था लेकर दर्जनों छोटी व बड़ी वाहन से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व कांवरियों का जत्था अकोढ़ीगोला बाजार स्थित हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का पूजा पाठ करते हुए सभी मंदिरों का दर्शन करते हुए डिहरी झारखंडी मंदिर पहुंचे जहां पूजा पाठ कर देवघर के लिए रवाना हुआ जिसमें अकोढ़ीगोला, डालमियानगर और डिहरी क्षेत्र सहित कई गांवों की महिला-पुरूष श्रद्धालु सोनू व नीतू कांवरिया के रूप में शामिल रहे। सोनू सिंह ने बताया कि सभी कांवरियों को आने-जाने व रहने खाने की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कांवरियों का जत्था गुरुवार को सुलतानगंज पहुंचकर गंगा का पवित्र जल भरकर देवघर, बाबा धाम के लिए श्रद्धालु नाचते गाते पैदल प्रस्थान करेंगे। रास्ते में ठहरने व प्रसाद की पूर्णतः व्यवस्था किया गया है। उन्होंने बताया कि जत्था की देखभाल के लिए मेडिकल टीम व रात्रि विश्राम के लिए समुचित व्यवस्था किया गया है। ताकि किसी भी कांवरियों श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। वहीं मनोरंजन व श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण बनाए रहने के लिए जगह-जगह देवी-देवताओं की झांकी की प्रस्तुति व गीत संगीत का कार्यक्रम किया जायेगा। देवघर बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करने के बाद सभी कांवरिया बासुकीनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेगे। वहां भी कांवरिया जलार्पण करेंगे। भजन गाने वाले कलाकारों में गायक विकाश पांडेय, गायक सोनू राय (भोजपुरी के मोहम्मद रफी) गायिका प्रियंका सिंह भास्कर, गायक सुधीर कुमार छोटू, गायिका पूजा पांडेय, गायक विकाश सिंह, गायिका सीमा गुप्ता और भोजपुरी सनातनी एंकर आकाश बाबा के द्वारा बाबा भोलेनाथ के भजनों से कांवरियों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ से एक अगस्त तक मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** राजपुर में पैक्स चुनाव की मतगणना में धांधली मामले में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय की जांच रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग में भेजी गई है। इसके बाद राजपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। जीते हुए प्रत्याशी के बदले नीति नीयत में अंतर कर हारे हुए प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देने के मामले में राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर से एक अगस्त 2025 तक स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी किया है। आयोग ने चेतावनी दी है कि इस तरह की धांधली के मामले में क्यों नहीं विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा जाए। राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता की शिकायत पर डीडीसी रोहतास विजय कुमार पांडेय ने जांच पड़ताल की और रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दी। इसमें बताया गया कि राजपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मूल दस्तावेजों में छेड़छाड़ की और चुनाव आयोग के गाइडलाइन का पालन नहीं किया। वर्ष 2024 में राजपुर पैक्स चुनाव की मतगणना में धांधली का आरोप है जिसमें प्रबंध कार्यकारिणी के विजयी उम्मीदवार विजेंद्र कुमार और संगीता देवी की जगह दूसरे प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया था। इस मामले में पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है जो मतगणना की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर रही हैं। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि एक अगस्त 2025 को हर हाल में मतगणना प्रपत्र तैयार करने वाले कर्मी का नाम, पद नाम तथा वर्तमान पदस्थापना की सूची प्राधिकार के उप सचिव कार्यालय को प्राप्त कराएं।

# गुहार लगा थक गये तो श्रमदान से सड़क की मरम्मत शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** प्रखंड के देवराढ़ कला गांव में शासन- प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार से थके ग्रामीणों ने श्रमदान व चंदा से सड़क की मरम्मती कार्य शुरू कर दिया है। गांव के बीचों गुजरने वाली पक्की सड़क ध्वस्त होने से वर्षों से ग्रामीण पानी से होकर आते जाते हैं। यह सड़क कुदरा-परसथुआ सड़क को कर्मा गुमटी के फोरलेन सड़क से जोड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार का कोई असर नहीं हुआ जिससे लोग काफी परेशान थे। सड़क के ध्वस्त होने से कीचड़ से सने पानी से होकर ग्रामीणों के साथ महिलाओं व स्कूली बच्चों को जाना पड़ता था। ग्रामीण मन्नू कुशवाहा सैयद अली व जितेंद्र कुमार का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी बुरी स्थिति है कि लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क के किनारे बना नाला बुरी तरह टूट चुका है। ग्रामीणों घरों का पानी नाला से निकासी न होकर सड़क पर ही गिरता है जिससे गर्मी के दिनों में भी सड़क पर हमेशा जलजमाव व कीचड़ पसरा रहता है। मेराजुदीन अली, रामलाल कुशवाहा, बीरबल राम, जंगली राम व रुपेश खरवार का कहना है कि बारिश के दिनों में सड़क पर नहर का नजारा रहता है जिसस काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पप्पू यादव, अमित सिंह उर्फ टप्पू, संदीप सिंह, अजय गुप्ता व अमित सिंह भंडारी का कहना है कि गांव के लिए नासूर बन चुकी ध्वस्त सड़क की मरम्मति के लिए ग्रामीणों ने बैठक कर श्रमदान व चंदा देने का फैसला लिया जिसके बाद सड़क की मरम्मति प्रारम्भ हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क पर ईंट का टुकड़ी डालने का कार्य प्रारंभ हो गया है। दो-तीन दिन में सड़क को चलने लायक बना दिया जाएगा।

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन से भंगी समाज का होगा कायाकल्प : मोहन राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान से सम्मानित मोहन राम ने कहा कि सूबे बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन से भंगी समाज का कायाकल्प होगा। इस आयोग के गठन की घोषणा से भंगी समाज में काफी उत्साह देखा गया। श्री राम ने कहा कि अनुसूचित जातियों में सबसे नीचले पायदान से आने वाले मेहतर, डोम, बासफोर एवं बाल्मीकि (भंगी) आदि जातियों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक हालत काफी दयनीय है। यहां तक की बिहार के किसी भी सदनों में भंगी समाज के एक भी प्रतिनिधि नहीं हैं, जो भंगी समाज की समस्याओं को सरकार तक पहुंचा सके।

# दलित मजदूर से बेरहमी से मारपीट, प्रशासन की बेरुखी से परिजन नाराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** तिलौथू थाना क्षेत्र के कुशडीहरा गांव से मजदूरी मांगने पर एक मजदूर की पीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि खेत में मजदूरी करने के बाद अपनी मेहनत की मजदूरी मांगने गए दलित मजदूर जयराम राम (55 वर्ष) को रात के करीब 1 बजे बेरहमी से पीटा गया। आरोप है कि कुशडिहरा गांव निवासी जयराम राम पर चाकू और टांगी से जानलेवा हमला किया गया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घायल अवस्था में जयराम राम को परिजनों द्वारा तिलौथू पीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सासाराम रेफर कर दिया गया। सासाराम से भी हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पीड़ित के पुत्र बीएसएफ में तैनात हैं जिन्हें जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे असम बॉर्डर से सीधे वाराणसी रवाना हो गए हैं जहां उनका पिता जीवन और मौत से जूझ रहा है। परिजनों ने बताया कि वे जब एफआईआर दर्ज कराने तिलौथू थाना पहुंचे तो उन्हें पहले इलाज कराने की सलाह देकर लौटा दिया गया। परिजनों का आरोप है कि हमला नावाडीह (प्रखंड डिहरी) निवासी एक खेत मालिक ने किया जो कुशडिहरा गांव से सटा हुआ इलाका है। हमला जान से मारने की नीयत से किया गया और हमलावर घटना के बाद फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और न्याय की मांग की है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना सं०–**
**टीआरडी–ओ०टी०–02–टीडब्ल्यू–एएमसी2–25–26**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी ओईएम/ओईएम का प्राधिकृत प्रतिनिधि रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **(1) कार्य का नाम और स्थान:** डीडीयू डिविजन में 3 वर्षो के लिए 4 व्हीलर (1 नं०) और 8 व्हीलर (6 नं०) टावर वैगन कमिंस मेक डीजल इंजन (13 नं० ईजन) का एएमसी का कार्य **(2) अनुमानित रकम:** रू0 7,63,60,681.61 **(3) बयाना राशि:** रू0531800.00 **(4) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 19/08/2025 को 15:00 बजे तक। **(5) वेबसाईट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है:** **www.ireps.gov.in**

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/0688/डीडीयू/टीआरडी/टी/25–26/24


# कोचस में जल निकासी का प्रबंध नहीं होने से शहर की स्थिति बदतर बनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** शहर में सार्थक रूप से जल निकासी का समाधान नहीं होने से शहरवासियों की स्थिति बदतर बनी हुई है। अभी तक इस दिशा में कोई खास कार्य नहीं हुआ है जिसका कारण है कि शहर के अधिकांश मोहल्ले में जल जमाव की स्थिति बन जाती है। खासकर सासाराम चौसा पथ में चौक पर बना ओवरब्रिज इसका जीता-जागता उदाहरण पेश कर रहा है जिसके वजह से ओवरब्रिज के दोनों तरफ जल जमाव होता है। बारिश ही नहीं इस तरह भी नाले का पानी हमेशा सड़क पर पसरा रहता है। वही जब बारिश होती है तो शहर की हालात बद से बदतर हो जाती है जिससे नागरिकों को आने-जाने में खासे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि नागरिकों द्वारा कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी इसे अनसुना कर दिया जाता है। यहां के संबंधित वरीय पदाधिकारियों द्वारा एक-दूसरे पर ठिकरा फोड़ दिया जाता है। ओवरब्रिज को लेकर इसका दोषारोपण एनएचएआई पर किया जाता है। सवाल पैदा होता है कि नागरिक आखिर किससे शहर में लगे जल-जमाव की शिकायत करें कौन सुनने के लिए तैयार है। फिलहाल बरसात का मौसम है शहर के चारों पथों से लेकर कई वार्डों में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। नागरिकों को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यथाशीघ्र जल निकासी का प्रबंधन करने की मांग बिहार विकास मोर्चा संयोजक खेदन प्रसाद सिंह, रामनिवास पासवान ने प्रशासन से की है। वही कार्य पालक पदाधिकारी से मोबाइल से उनका वक्तव्य लेने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं॰–डी.डी.यू/ईएल/जी/ई.निविदा/25.26/11, दिनांक: 28.07.2025

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत /जी/ डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ– साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

क्र॰ सं॰: 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं॰ डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025–26/06, विषय – डीडीयू मंडल के अन्तर्गत वरी सेक्शन ए॰ सी॰ के अधीन पूरे मंडल के एसएम पैनल रूम, केबिन आदि में एयर कंडीशन का प्रावधान करने में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत: ₹59,82,608.68

क्र॰ सं॰: 02, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं॰ डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2024–25/13 आर 1, विषय : डी.डी.यू मंडल के अंतर्गत (क) जपला में शंटिंग निक लाइन नं. 5 सोननगर साइड की बढ़ोत्तरी में विद्युती कार्य करने में संबंध में । (ख) अनुग्रह नारायन रोड में हावड़ा इंड साइड शंटिंग क्रास ओभर एवं अप लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत: ₹19,84,550.32

क्र॰ सं॰: 03, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं॰ डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2024–25/14 आर 1, विषय : डी.डी.यू मंडल के अंतर्गत (क) कुदरा में यार्ड रिमाडलिंग के ओभर रन लाइन में अप एवं डाउन लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। (ख) गंजख्वाजा में ओभर रन लाइन के अप लूप लाइन में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत: ₹20,36,540.65

निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 20.08.2025, 15:00 hrs. ई–निविदा वेव साइट का विवरण: www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा॰)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0693/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/52


## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 11(रा0)(वि0)/दिनांक 04/07/2025 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत निम्नांकित योजनाओं का लाभ लेने हेतु उनसे विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। **जिसके लिए 20/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

| क्र0 | योजना का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई रू0 में। | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई रू0 में। | अनुदान एवं लाभुक अंशदान का विवरण। | अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | 30 | 0.5445 (2420/– रू0 प्रति इकाई) | 1815/– रू0 प्रति इकाई | 605/– रू0 प्रति इकाई | स्वीकृत कार्य में प्रति इकाई सरकार का अनुदान 75 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 25 प्रतिशत निहित होगा। | 1. आवेदनकर्त्ता जलाशय केज कल्चर के लाभुक हो। 2. लाभुक द्वारा केजों में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 101 | 02 | 2.56 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का जीयो–टैग फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| | | 789 | 01 | 1.28 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | | | | |
| 3 | पुरस्कार | 101 | 03 | 0.90 | सभी वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 30000/– रू0 देय होगा। | शेष लाभुक अंशदान होगा। | – | 1. प्रगतिशील मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य उत्पादकों/उत्कृष्ट हैचरी संचालक आवेदन कर सकते है। 2. तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 3. मछली उत्पादन संबंधित विवरणी पूर्ण हो। 4. वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभाग से मत्स्य स्पॉन प्राप्त किया हो। 5. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। 6. आवेदक आवेदन के साथ मत्स्य कार्य का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **नोट :– (चयनोपरान्त पुरस्कार के रूप में 12Paddle Wheel Areator (विभाग द्वारा अनुमोदित अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिंडर) (Accessories सहित) का क्रय किया जायेगा। )** |
| 5 | निजी क्षेत्र के तालाब में देशी मांगुर पालन कार्य | – | – | – | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 की दूरी के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 358572 Fish(25-26).D

# तटवासी समाज न्यास ने बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नवादा।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर तटवासी समाज न्यास की पहल पर नवादा रेलवे स्टेशन पर हुए एक जागरूकता कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक सुनील कुमार, रेलवे सुरक्षा बल से उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार, ए.एस.आई अमित कुमार एवं जीआरपी थाना से अवर निरीक्षक रवि प्रकाश सिंह तथा शैलेन्द्र प्रसाद सिंह सभी लोग एक साथ आए और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। तटवासी समाज न्यास, देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और नवादा में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। तटवासी समाज न्यास ने पिछले वर्ष के दौरान 910 बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफ़े के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती। बताते चलें कि जुलाई में तटवासी समाज न्यास ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य में ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं, इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों, रेल कर्मियों, विक्रेताओं, दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था। बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी हितधारकों के बीच तालमेल व समन्वय की अहमियत और जिला प्रशासन के सहयोग को रेखांकित करते हुए तटवासी समाज न्यास के निदेशक कन्हैया कुमार सिंह, ने कहा, "हम बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकना है तो कानूनी कार्रवाई जरूरी है। बाल दुर्व्यापारियों को जब शीघ्र और सख्त सजा मिलेगी, तभी हम उनमें कानून का भय पैदा कर पाएंगे और यह भय ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए सबसे असरदार उपाय साबित होगा। रोकथाम अभियानों की सफलता के लिए जिले में मजबूत प्रशासनिक समन्वय और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। इस तरह से काम कर हम न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा बल्कि उन ट्रैफिकिंग गिरोहों के नेटवर्क का भी खात्मा कर सकेंगे जो बच्चों का शिकार करते हैं। इस अभियान में तटवासी समाज न्यास के कार्यकर्ता कल्याणी कुमारी, अभय कुमार, दिलशाद आलम एवं राहुल कुमार मौजूद थे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का पांचवां चरण शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा 2025 के पांचवें चरण का आयोजन जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परीक्षा एकल पाली में आयोजित की गई, जो दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक चली। परीक्षा के आयोजन हेतु जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर कुल 10072 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था, जिनमें से 8141 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 1931 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। केंद्रों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, बायोमैट्रिक सत्यापन, सघन जांच आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भीड़-भाड़ एवं गैर-आवश्यक गतिविधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया था। सभी परीक्षार्थियों को समय पर केंद्र में प्रवेश देने के लिए समुचित मार्गदर्शन व सहयोग उपलब्ध कराया गया।

# सृजन आर्ट्स में पारंपरिक रंगों से सजा 'कजरी महोत्सव', कलाकारों ने लोक संस्कृति में भरे सुरों के रंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था सृजन आर्ट्स के प्रांगण में बुधवार को कजरी महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर लोक संस्कृति, परंपरा और माटी से जुड़ी कजरी गीतों की अनुपम छवि मंच पर देखने को मिली। संस्था के निदेशक विजय शंकर पाठक ने समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारी मिट्टी की सोंधी महक और लोकगायन की समृद्ध परंपरा को सहेजना समय की ज़रूरत है। कजरी महोत्सव का उद्देश्य इन्हीं लोकपरंपराओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत आयुष द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात एक से बढ़कर एक पारंपरिक कजरी गीतों और नृत्यों ने मंच को जीवंत कर दिया।




प्रसिद्ध कजरी पिया गैइले परदेस की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। महिला कलाकार रिम्पू ने झूला झूलन हम लागी व दातूर मोर पपीहा बोल जैसे लोकगीत प्रस्तुत किए।

रूबी बरनवाल ने अरे रामा भादो रैन अंधियारी,

मो. फैयाज ने सावन झरी लागे बरसे बदरिया,

सतीश कुमार ने खेले गइली कन्हैया धइले अचरी,

अक्षिता राज ने छह मासा और

आनंद कुमार ने अरे रामा रिमझिम बरसे पनिया जैसी रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

नृत्य प्रस्तुति में शानवी, काव्या, तृषा, रिद्धि और शानवी अग्रवाल ने पिया मेहंदी लायदा मोती झील से जैसे गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल कुमार सिंहा ने किया।

प्रतियोगिता के अंत में सीनियर वर्ग में सतीश ने प्रथम, शिवर्ती ने द्वितीय और रिम्पू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग में अक्षिता राज प्रथम, रिद्धि द्वितीय और अंकित कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

सभी विजेताओं को मोमेंटो व मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुजीत कुमार वर्मा, अनिल विश्वकर्मा, पवन कुमार सिंहा, सुजाता मैडम, प्रीति कुमारी, कुसुम कुमारी, रश्मि अग्रवाल, सहित कई गणमान्य नागरिक, अभिभावक और कला प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह महोत्सव नवादा की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्ज़ा देने वाला साबित हुआ।

# ममता देवी बनीं विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** बुधवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां में विद्यालय शिक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कान्ती कुमारी की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में आयोजित आमसभा में सदस्यों एवं सचिव का चयन किया गया। पर्यवेक्षक ने उपस्थित माताओं एवं अभिभावकों को विद्यालय शिक्षा समिति के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय के विकास में शिक्षा समिति की भूमिका पर चर्चा की गई। सामान्य वर्ग से जूली खातून एवं शहनाज प्रवीण का, पिछड़ा वर्ग से रेखा एवं शोभा देवी का चयन किया गया। अति पिछड़ा वर्ग से ममता देवी एवं आरती शर्मा का चयन किया गया। अनुसूचित जाति से मनोरमा देवी एवं जूही कुमारी का चयन हुआ। जीविका संगठन से जीनत प्रवीण एवं राहत प्रवीण का चयन किया गया। बाल संसद से अनिशा राज एवं मीना मंच से आरती कुमारी का नाम शामिल किया गया। पदेन अध्यक्ष के रूप में अनिता देवी शामिल की गई। विद्यालय के वरीयतम शिक्षिका के रूप में नसीमा खातून शामिल हुईं। इस अवसर पर वार्ड सदस्या अनिता देवी, शिक्षक शंभु कुमार, उषा सिंह, उषा पाल, अमोला कुमारी, बबली सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुढी नदी का मुहाना खुलवाने की मांग को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** सुढी नदी में जल प्रवाह सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने हिलसा अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीओ अमित कुमार पटेल को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लोकायन से जुड़ी सुढी नदी का मुंह कुछ असामाजिक तत्वों ने होम पाइप के स्थान पर सीमेंट और गिट्टी डालकर अवरुद्ध कर दिया है, जिससे नदी में जलप्रवाह पूरी तरह रुक गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी में पानी नहीं आने से ब्रह्मस्थान, मलावां, भोकिलापर, गजेंद्र बिगहा, सैदनपुर, खोरमपुर, कैतीया बिगहा और बेलवाबाग जैसे गांवों में किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए मोटरों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पानी के अभाव में कुछ स्थानों पर भू-माफिया ने नदी क्षेत्र को पाटकर अवैध रूप से जमीन बना ली है। अगर नदी का मुंह दोबारा खोल दिया जाए, तो इन गांवों के किसानों को सिंचाई में बड़ी राहत मिलेगी और खेती कार्य सुचारु रूप से हो सकेगा। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जांच कराकर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी और किसानों की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में रजनीश कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजकिशोर प्रसाद, अनुज प्रसाद, सुमंत कुमार, अरविंद कुमार, अंबिका प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, राकेश कुमार, विष्णु प्रकाश प्रभाकर, अशोक कुमार, सतनारायण प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण बिंद, अखिलेश पासवान, शैलेंद्र पासवान, उमेश जमादार, श्रीचरण पासवान, धनेश्वर कुमार, उपेंद्र प्रसाद, बहादुर प्रसाद और मिथिलेश पासवान सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## एक नजर

### पीड़ित परिवार से मिल जदयू नेता ने जताई संवेदना

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा के मिर्जापुर इलाके में मंगलवार की दोपहर कौआकोल थाना क्षेत्र के डोमनबाग गांव निवासी ब्रह्मदेव महतो उर्फ ब्रह्म महतो के 22 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की बदमाशों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर देने की घटना के बाद बुधवार को जदयू के वरिष्ठ नेता व गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से सम्भावित प्रत्याशी सतीश कुशवाहा ने मृतक के गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी संवेदना जताई। उन्होंने घटना पर गहरा शोक जताते हुए पीड़ित परिवार को धैर्य से काम लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय है। और निश्चित ही अपराधियों को बहुत जल्द पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने प्रशासन से भी घटना की तह तक जाकर दोषी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग किया है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि व जदयू के पंचायत अध्यक्ष शम्भु महतो ने भी घटना पर काफी दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहायता करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने निजी तौर पर मृतक छात्र के पिता को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान किया। मौके पर प्रखण्ड जदयू सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, मुखिया हीरालाल शर्मा,ओमप्रकाश चौहान, यदुनन्दन पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पीएचसी में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में बुधवार को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों के शरीर का परीक्षण किया गया। शिविर में 20 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सहगल ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदन के आधार पर जांचकर योग्य दिव्यांगों को दिव्यांगता का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। मौके पर चिकित्सक डॉ0. कौशल कुमार, डॉ. सुमित कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में ड्राइवर गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने सड़क हादसे के एक पूर्व के मामले में ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि महरामा के अरुण कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मई माह में पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के बड़ी तालाब मोहल्ले में ससुराल में रह रहे मो. शकील की मौत मामले में मो. ताज को विधि निरुद्ध किया है।

### अस्पताल रोड में जलजमाव से परेशानी

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अस्पताल रोड में जलजमाव से लोगों को परेशानी हो रही है। खासकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इस मार्ग पर जलजमाव तो है ही साथ ही कीचड़ से भी लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। लोगों ने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

### विद्यालय जाने में बच्चों को हो रही परेशानी

**पकरीबरावां।** राजकीय कन्या विद्यालय पकरीबरावां जाने में स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर विद्यालय तक कीचड़ जमा है। बच्चों को पईन के साइड वाल पर से होकर जाना पड़ता है। बारिश होने पर कई बच्चे फिसल कर गिर जाते हैं।

### बच्चों को दी गई स्वच्छता की जानकारी

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय धेवधा में उत्थान शिक्षा समिति की टीम ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रोजेक्ट समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउंडेशन मुंबई द्वारा सीएसआर अंतर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 गांवों में संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना का क्रियान्वयन के लिए चयन किया गया है। इसी के तहत यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। डॉ. गौरव कुमार ने बच्चों को हाथ धुलाई के तरीके बताए एवं बच्चों का हाथ धुलाई कराया गया। इस बीच बच्चों एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार, विद्यालय के शिक्षक संजीत कुमार, ज्ञान भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन जख्मी

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के बाजार में बुधवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में ठोकर मार दी। जिससे एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि टोटो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक नालंदा थाना क्षेत्र के रघुबिगहा निवासी 80 वर्षीय सुखदेव यादव हैं। जख्मी में द्वारिका यादव, शिव यादव और विनोद यादव हैं। परिवार वालों ने बताया कि सभी लोग रघुबिगहा गांव से हिलसा कोर्ट गवाही देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक ने मानवता दिखाते हुए सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने सुखदेव यादव को मृत घोषित कर दिया।

# सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए किसानों के साथ बैठक करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जिले में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 2 अगस्त को दोपहर 12 बजे, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ कार्यालय में कृषकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार यह बैठक नहरों में अंतिम छोर तक जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की जा रही है। सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों के किसानों को बैठक की जानकारी देने और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में किसान अपनी सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं, समस्याओं और सुझावों को रख सकेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराना तथा नहर प्रबंधन को प्रभावी बनाना है।

# युवती ने लगाई फांसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एक युवती ने अपने ननिहाल में फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। मामला गिरियक थाना क्षेत्र के गिरियक बाजार का है। मृतका की पहचान नवादा जिला के मेसकौर थाना क्षेत्र के नीमचक आषाढी गांव निवासी स्व. अजय कुमार की (18) वर्षीया पुत्री सुहानी राउत के रूप में की गई है। इस मामले में गिरियक थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है।

# आठ साइबर ठग गिरफ्तार, मोबाइल समेत कई सामान बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरीठ में लोन फाइनेंस के नाम पर ठगी करने वाले एक सक्रिय साइबर गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने आठ साइबर अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कई एंड्रॉयड मोबाइल, एक आईफोन और दो कीपैड मोबाइल भी बरामद किए गए हैं, जिनमें लोन फाइनेंस से संबंधित फर्जी विज्ञापन, कॉल रिकॉर्डिंग व अन्य तकनीकी साक्ष्य पाए गए हैं। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये युवक सस्ते ब्याज दर पर लोन देने का झांसा देकर लोगों को कॉल करते थे और फिर उनसे दस्तावेज व प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर ठगी करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में जहानाबाद थाना क्षेत्र के कुबेर गांव निवासी अंचल कुमार वर्तमान बरीठ तथा मंटू कुमार, गोलू कुमार, सौरभ कुमार, रवि रौशन उर्फ पप्पू पासवान, राहुल पासवान, राजू कुमार और कुंदन पासवान क है। इनमें अंचल को छोड़ शेष सभी आरोपी ग्राम बरीठ, थाना कतरीसराय, जिला नालंदा के निवासी हैं। पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं और इनके खिलाफ देश के अन्य राज्यों से भी साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। छापेमारी के दौरान बरामद कुल 15 मोबाइल फोन (12 एंड्रॉयड, 1 आईफोन और 2 कीपैड) को जब्त कर लिया गया है। इन उपकरणों से मिले डेटा की जांच साइबर पुलिस द्वारा की जा रही है। कई मोबाइल नंबर ऐसे मिले हैं जिनके माध्यम से विभिन्न राज्यों में लोगों से ठगी की गई थी। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सुनील कुमार सिंह, गिरियक अंचल के पुलिस निरीक्षक मनीष भारद्वाज, कतरीसराय थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी, पु.अ.नि. गुरुदेव खड़िया, स.अ.नि. मनीष कुमार, स.अ.नि. स्वीटी सोरेन, पी.टी.सी. लालू कुमार, संजय राम सहित कतरीसराय थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. सत्यम प्रकाश की लापरवाही से एक सर्प दंश से पीड़ित महिला राधा देवी की मौत हो गयी। मृतका इसलामपुर थाना क्षेत्र के महरोगौरैया गांव निवासी शोभी यादव की पत्नी राधा देवी बतायी जाती है। घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों एवं ग्रामीणों ने हंगामा किया। इधर घटना की सूचना मिलते ही इसलामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कुमार रौशन इसलामपुर सरकारी अस्पताल पहुंचे और मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान विधायक ने पत्रकारों को बताया कि इसलामपुर थाना क्षेत्र के महरोगौरैया गांव निवासी शोभी यादव की पत्नी राधा देवी को घर मे ही सांप ने काट लिया था। सांप काटने के बाद परिजनों एवं पंचायत के मुखिया युगेश्वर यादव द्वारा इलाज के लिए इसलामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। इसी दौरान मुखिया युगेश्वर यादव ने इसलामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉ. सत्यम प्रकाश से मोबाइल पर बात की। उन्होंने वैक्सीन नहीं उपलब्ध होने की बात कह दूसरे जगह जाकर रोगी को दिखाने के लिए कहा। चिकित्सा प्रभारी को मना करने के बाद परिजनों द्वारा राधा देवी को इलाज कराने के लिए इसलामपुर निजी चिकित्सक के यहां ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मुखिया युगेश्वर यादव ने विशेष सूत्रों से पता लगाया कि अस्पताल में पांच वैक्सीन उपलब्ध रहते हुए महिला को वैक्सीन नहीं दिया गया। विधायक ने कहा कि चिकित्सा प्रभारी डॉ. सत्यम प्रकाश रोजाना पटना से हटिया ट्रेन से 9 बजे आते है। शाम को मगध ट्रेन से पटना चले जाते हैं। घटना के सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों को समझा बूझकर शव को अपने कब्जे में बिहारशरीफ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय औरंगाबाद**

**SH-101 (अम्बा–देव–मदनपुर) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजना के निर्माण हेतु प्रकाशित मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में खाता सं0–84 प्लॉट सं0–1069 एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 का धारा 11(1) एवं 19(1) का शुद्धि**

SH-101 (अम्बा–देव–मदनपुर) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परियोजना के निर्माण हेतु मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में खाता सं0–84 प्लॉट सं0–1069 एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 में अधिग्रहण की जानेवाली भूमि का द्वितीय फेज के लिए उप महाप्रबंधक (तक0), परियोजना कार्यान्वयन ईकाई, गया से अधियाचना प्राप्त हुआ। प्राप्त अधियाचना के आलोक में अर्जनाधीन भूमि का RFCTLARR Act, 2013 की धारा 11(1) के तहत मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में खाता सं0–84 प्लॉट सं0–1069 किस्म–रैयती अज्ञात एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 किस्म–डिस्ट्रीक्ट बोर्ड का अधिसूचना प्रकाशन स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक–29.11.2023 को किया गया। पुनः RFCTLARR Act, 2013 की धारा 19(1) के तहत मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में खाता सं0–84 प्लॉट सं0–1069 किस्म–रैयती अज्ञात एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 किस्म–डिस्ट्रीक्ट बोर्ड का अधिघोषणा स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक–18.05.2024 को प्रकाशन किया गया।

धारा 19(1) के प्रकाशन के पश्चात् छः सदस्यीय समिति से अधिग्रहित भूमि के प्रकृति की जाँच के क्रम में मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में अज्ञात प्रकाशित होने के कारण अधिग्रहित भूमि के हितबद्ध रैयतों का सत्यापन करते हुए पुनः जाँच प्रतिवेदन का मांग इस कार्यालय के पत्रांक 652/07.08.2024 अंचल अधिकारी, कुटुम्बा से की गई। अंचल अधिकारी, कुटुम्बा के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्लॉट सं0–1069 का खाता सं0–125 भूमि का किस्म गैरमजरूआ आम एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 का किस्म रैयती है, जबकि मौजा–तेलहारा, थाना सं0–473 में खाता सं0–84 प्लॉट सं0–1069 किस्म–रैयती अज्ञात एवं खाता सं0–55 प्लॉट सं0–1168 किस्म– डिस्ट्रिक्ट बोर्ड धारा 19(1) में प्रकाशित है। अंचल अधिकारी, कुटुम्बा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रकाशित धारा 11(1) एवं 19(1) में निम्न प्रकार से शुद्धि प्रकाशित किया जाता है।

| मौजा | धारा 11(1) के अनुसार | | | धारा 19(1) के अनुसार | | | अंचल अधिकारी, कुटुम्बा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर | | | शुद्धि गजट | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | खाता सं0 | खेसरा सं0 | किस्म | खाता सं0 | खेसरा सं0 | किस्म | खाता सं0 | खेसरा सं0 | किस्म | खाता सं0 | खेसरा सं0 | किस्म |
| तेलहारा | 84 | 1069 | रैयती अज्ञात | 84 | 1069 | रैयती अज्ञात | 125 | 1069 | गै0 आम | 125 | 1069 | गै0आम |
| | 55 | 1168 | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड | 55 | 1168 | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड | 55 | 1168 | रैयती | 55 | 1168 | रैयती |

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 009857 (REVENUE) 25-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

समाहर्त्ता
औरंगाबाद



**मुंबई ऋण वसूली न्यायाधिकरण सं.1**

भारत सरकार वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग, एमटीएनएल भवन, द्वितीय तल, कोलाबा मार्केट, कोलाबा, मुंबई 400 005

**अगली तिथि 20/8/25**

**प्रदर्श संख्या 8**

**वसूली कार्यवाही संख्या 83/2024**

आईडीबीआई बैंक लि. प्रमाण पत्र धारक
बनाम
मेसर्स फेयरडील एजेंसीज़ एवं अन्य
प्रमाण पत्र देनदार

**माँग सूचना**

1.प्रति मेसर्स फेयरडील एजेंसीज़, एकमात्र स्वामित्व, श्री राय राज कुमार, फेयर डील एजेंसीज़, के.पी. रोड, किरण सिनेमा के सामने, गया-823001

2. लीवे लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय यूनिट संख्या 203, 'ए' विंग, सुप्रीम बिज़नेस पार्क, पवई, मुंबई -400076

3. **संजय सिन्हा,** एक वयस्क, भारतीय निवासी,पता 1101, समरसेट, हीरानंदानी गार्डेन्स, पवई, मुंबई -400076 है

4. **नमिता संजय सिन्हा,** एक वयस्क, भारतीय निवासी, जिनका पता 1101, समरसेट, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई -400076

माननीय पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी ओ.ए. संख्या 416/2019 वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार, आप पर 1,39,08,717.94 (एक करोड़ उनचालीस लाख आठ हज़ार सात सौ सत्रह रुपये और चौरानबे पैसे मात्र) की राशि बकाया है। आपसे अनुरोध है कि आप इस सूचना की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर उपरोक्त राशि जमा करें, अन्यथा कानून के अनुसार वसूली की जाएगी।

**उक्त राशि के अतिरिक्त, आपको निम्नलिखित भुगतान करना होगा:-**

(क) निष्पादन कार्यवाही की इस सूचना के तुरंत बाद शुरू होने वाली अवधि के लिए देय ब्याज।

(ख) इस सूचना की तामील और देय राशि की वसूली के लिए की जाने वाली अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में किए गए सभी खर्च, प्रभार और व्यय। इस न्यायाधिकरण की मुहर सहित 10 जुलाई 2025 को जारी

ह०
श्री महेश कुमार,
डीआरटी-I, मुंबई

Seal

# सहकारिता मंत्री की पहल पर गयाजी जिले की 47 पंचायतों में बनेंगे नए गोदाम

**▶ भंडारण क्षमता बढ़ाने को मिली मंजूरी ▶ 278 स्थानों पर होंगे गोदाम निर्माण, किसानों को भंडारण की मिलेगी सुविधा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता विभाग को मंत्रिमंडल से बड़ी मंजूरी मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दो लाख उन्चास हजार एक सौ मीट्रिक टन अतिरिक्त भंडारण क्षमता सृजित करने हेतु 278 स्थानों पर गोदाम निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इन गोदामों का निर्माण दो सौ, पांच सौ और एक हजार मीट्रिक टन की क्षमता के हिसाब से किया जाएगा। इसके लिए कुल एक अरब 80 करोड़ 29 लाख 77 हजार 688 रुपये की लागत स्वीकृत की गई है जिसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में तथा शेष 50 प्रतिशत राशि चक्रीय पूंजी के रूप में दी जाएगी। सहकारिता विभाग ने जानकारी दी है कि इन गोदामों का निर्माण पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इस योजना से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा क्योंकि इससे भंडारण की सुविधा बेहतर होगी, बाजार तक पहुंच सशक्त होगी और किसानों को उपज बेचने की बेहतर स्थिति प्राप्त होगी। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिलेगा। चक्रीय पूंजी की वापसी बीस अर्द्धवार्षिक समान किस्तों में दस वर्षों में की जाएगी। इस वापसी की राशि से बिहार राज्य सहकारी बैंक में एक स्थायी कोष का गठन होगा जिसका उपयोग भविष्य में पैक्सों और व्यापार मंडलों के रखरखाव और मरम्मत जैसे कार्यों में किया जाएगा। प्रत्येक जिले में दी गई चक्रीय पूंजी का ब्यौरा संबंधित जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रहेगा। वहां किस्तों की वापसी की तारीख और समिति द्वारा लौटाई गई राशि का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। गोदाम निर्माण के लिए समितियों का चयन विभागीय चयन समिति द्वारा किया गया है। गया जिले के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 47 पंचायतों में गोदाम निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनमें गुरुआ, शेरघाटी, मोहनपुर, डुमरिया, बोधगया, फतेहपुर, बाराचट्टी, टिकारी, कोच, परैया, खिजरसराय, डोभी, वजीरगंज और गया नगर क्षेत्र की पंचायतें शामिल हैं जिन पंचायतों में निर्माण कार्य होगा, उनमें चीलोर, गुनेरी, कोलैना, पलुहारा, काज, नदौरा, मंडा, बेलौटी, राजन, पकरी, नगर पंचायत शेरघाटी, सिंदूर, डेमा, एकरी, अनकोला, भोंकहा, नंदई, मदन बीघा, केशरुधरमपुर, उतरेन, कोराप, खजूरी, बीवीपेसरा, नौडीहा, धरहरा कला, नावां, झीकटिया, बारा, गुड़ियावां, करहट्टा, सरबहदा, बजौरा, जयपुर, सिनवारा, दिघोड़ा, खारदी, दक्षिणी लोधवे, कोरमा, औरवा, रसलपुर, सिमर, पतेड़ और मंगरावा प्रमुख हैं। इन सभी पंचायतों में गोदाम निर्माण से किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही बाजार में अनाज की उपलब्धता के समय और मात्रा को नियंत्रित कर मूल्य स्थिरता बनाए रखने में भी यह पहल सहायक सिद्ध होगी।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में चार प्रदर्शन केन्द्र संचालित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इवीएम/वीवी पैट के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में 04 प्रदर्शन केन्द्र संचालित है जो सदर अनुमंडल, टिकारी अनुमंडल, शेरघाटी अनुमंडल एवं नीमचक बथानी अनुमंडल में अवस्थित है। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के निर्देशानुसार जिले के मतदाताओं के बीच इवीएम तथा वीवी पैट के संबंध में जागरूकता का प्रसार करने हेतु जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम शशांक शुभंकर के निदेश के आलोक में गया जिला अन्तर्गत चारों अनुमडल में इवीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इवीएम प्रदर्शन केन्द्र को बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट उपलब्ध कराये गये हैं तथा ईवीएम के जानकार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में स्थापित इवीएम प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की प्रक्रियागत जानकारी दी जाती है तथा मॉक वोट डालकर उन्हें ईवीएम/ वीवीपैट की सहायता से मतदान का हैंड्स ऑन कराया जाता है। इससे मतदाताओं में मतदान के दौरान आत्मविश्वास पैदा होता है।

## एक बच्चे सहित तीन लोगों की नदी में डूबकर हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में आहर एवं नदी में एक बच्चा सहित तीन की डूबकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विशनपुर पंचायत स्थित देवाचक गांव निवासी श्रवण कुमार का 9 वर्षीय पुत्र अनु कुमार बुधवार की दोपहर शौच के लिए गया था। उसी क्रम में गांव के निकट स्थित आहर में अनु फिसलकर पानी में चले जाने से संभवतः बच्चे की मौत हो गई। ग्रामीणों को आहर में बच्चे को डूबने की जानकारी मिलते ही किसी तरह गांव के लोग बच्चे को बाहर निकाला जिसे इलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ बुधवार की शाम करीब तीन बजे अमैठी पंचायत के मचलबिगहा गांव निवासी 55 वर्षीय किसान लक्ष्मण मिस्त्री खेत पर धान की रोपाई कर खाना खाने के लिए वापस लौट रहा था, इस क्रम में मंगूरा नदी को पार करते समय पानी में डूब गया जिसे ग्रामीणों ने जब बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की जानकारी पंचायत मुखिया अशोक पासवान ने दी। दोनों का शव पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्डम हेतू मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा गया है। तीसरी घटना महूएत पंचायत के भागलपुर में अपने रिश्तेदार के घर आए 40 वर्षीय फंटूश मांझी की मौत पानी में डूबकर हो गई। पंचायत मुखिया संतोष साव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि फंटूश मांझी भागलपुर निवासी राजो मांझी के घर मजदूरी करने आया था। तभी बुधवार की सुबह में पैमार नदी पार कर खेत में काम करने जा रहा था, लेकिन नदी पार करते समय पैमार नदी में डुब गया, लेकिन किसी को भी बहुत देर तक घटना की जानकारी नहीं मिली जब परिजन खोजबीन करने लगा, तब नदी में उसका शव मिला।

## प्राथमिक विद्यालय ईश्वरपुर में तिथि भोजन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बुधवार को प्राथमिक विद्यालय ईश्वरपुर में तिथि भोजन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक एकता फाउन्डेशन के रसोई प्रभारी संतोष रंजन ने बताया कि आज संस्थान ने पूर्व से चयनित विद्यालय में तिथि भोजन समारोह का आयोजन किया है। प्रत्येक माह अलग - अलग विद्यालय का चयन किया जायगा जहां इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। बीआरपी विनोद प्रसाद ने बताया कि विभाग द्वारा जारी आदेश के आलोक में यह कार्यक्रम आज इस विद्यालय में आयोजित की गई है जिसमें विद्यालय के 55 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया है। किसी भी विद्यालय में गांव के कोई व्यक्ति या अभिभावक और शिक्षक तथा प्रधानाध्यापक यह आयोजन करवा सकते हैं। इसके लिये पहले विभाग की अनुमति लेनी होगी और अपनी खुशी के मौकों पर बच्चों को तिथि भोजन करवा सकते हैं। मौके पर बच्चों ने बताया कि वे रोज स्कूल आते हैं, दोपहर को मध्याहन भोजन मिलता है, लेकिन आज विशेष रूप से पूड़ी, सब्जी और खीर खिलायी गई जो अच्छा लगा।

## मानव तस्करी के विरुद्ध दिवस पर डाशरा व डीएलएसए ने किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विश्व मानव तस्करी के विरुद्ध दिवस के अवसर पर दलित एसोसिएशन फॉर सोशल एंड ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस (डाशरा) द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया के सहयोग से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गया जिले में मानव तस्करी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और इसके रोकथाम के लिए साझा रणनीतियों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने मानव तस्करी पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंद कुमार दास (सचिव, डालसा), लोलार्क दुबे (लोक अदालत अध्यक्ष), सुजाता माथुर (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति-सीडब्लूसी), नीरज कुमार (इंस्पेक्टर, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट-एएचटीयू, बिहार पुलिस), मुकेश चंद्र (चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल), कृष्ण कुमार पाठक ( डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल), राजन शाह (बिहार स्टेट कोऑर्डिनेटर, न्याय नेटवर्क), तथा नेफेश क्रिस्टन (प्रोग्राम मैनेजर, डाशरा) उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के कर्मचारी विकास कुमार, हारून राशिद, हादी अकरम, प्रतुल कुमार, उदय कुमार, अनिल कुमार और दीपक कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। वहीं डाशरा टीम से सुजीत कुमार, सुरेश और विवेक कुमार की भी सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराए गए श्रमिकों ने अपनी आजादी की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे वे बंधुआ मजदूरी में फंसे हुए थे, किन हालातों में उन्हें रिहा किया गया और अब वे स्वतंत्र जीवन की ओर अग्रसर हैं। उनकी कहानी ने उपस्थित लोगों को न सिर्फ भावुक किया बल्कि यह भी बताया कि यदि सही प्रयास हों तो बदलाव संभव है।

## मिड डे मील खाने के बाद दर्जनों स्कूली बच्चे बीमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी अनुमंडल के कोंच प्रखण्ड अंतर्गत निसूरपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय में बुधवार को मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे बीमार हो गये। विद्यालय के लगभग 30 बच्चे मिड डे मील खाने से बीमार हो गये। सभी बीमार बच्चों को टिकारी अनुमण्डलीय अस्पताल में लाया गया जहां सभी का इलाज किया गया व चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। अभिभावकों व बीमार पड़े बच्चों के अनुसार विद्यालय में दुबारा मिड डे मील का खाना बनाया गया जिसे खाने वाले सभी बच्चे पेट दर्द, उल्टी व चक्कर की शिकायत करने लगे जिसके बाद विद्यालय प्रधान द्वारा आराम करने की सलाह दी गई। इसके बावजूद भी



तबियत बिगड़ती ही गई जिसके बाद अभिभावकों को सूचना दी गई व टिकारी अनुमंडल अस्पताल से एम्बुलेंस व अन्य माध्यम से अनुमण्डलीय अस्पताल भेजा गया जहां अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विश्वमूर्ति मिश्रा, डॉ राजीव रंजन, डॉ शम्भू चौधरी द्वारा इलाज किया गया व सभी बच्चे खतरे से बाहर है। बीमार पड़े बच्चों में निशा कुमारी, स्नेहा कुमारी, सोनू राज, लक्ष्मी कुमारी, प्रियान्तु, सपना, गोलू, रंजू, खुशबू, छोटी, रिंकी, अंशु, सुमन, शिवानी, सविता, जुली, रिया, पंकज, रिया-2, पूजा, नीरज, श्रवण, अंकित, रिभा, गोलू, सुनीता, सजीवन, सन्नी, खुशी, अनुराधा, नेहा शामिल है। शिकायत पर अस्पताल प्रशासन द्वारा तत्काल एक मेडिकल टीम गांव भेजी गई है व सभी का जांच कराया गया।

**दुबारा बना था खाना, बीमार पड़ने के बाद विद्यालय प्रधान ने खाना फेंकवाया : भाकपा माले नेता**

भाकपा माले नेता रोहन यादव ने बताया कि बच्चों के अनुसार विद्यालय में दुबारा खाना पकाया गया था जिसे खाने के बाद बच्चे बीमार पड़ गये थे। बच्चों द्वारा पेट दर्द व अन्य परेशानी की शिकायत के बाद भी विद्यालय प्रधान द्वारा नजर अन्दाज किया गया। वहीं अधिक बीमार पड़ने पर आनन-फानन में बचे खाना को बाहर फेंकवा दिया गया ताकि सबूत हटाया जा सके। रोहन सहित अन्य अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## किशोरी लापता, शादी की नीयत से भगाने का मामला दर्ज, दो आरोपित नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी पंचायत के एक गांव से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किशोरी को शादी की नीयत से बहलाकर भगाया गया है। इस संबंध में स्थानीय थाना में दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज बुधवार को की गई है। परिजनों के अनुसार 16 वर्ष 11 महीने की किशोरी 27 जुलाई से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला जिसके बाद मंगलवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में पास के ही गांव के एक युवक सहित युवक की मां को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने कांड संख्या 398/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। किशोरी की बरामदगी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।


### शपथ पत्र

मैं लालो देवी उम्र करीब 57 वर्ष पति सुदर्शन साह सा. परमेश्वर बिगहा पो.-पहलेजा, थाना-मु. डिहरी, जिला-रोहतास, बिहार शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार सं. 4299 6437 0538 में लालो देवी दर्ज है एवं भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा डिहरी (रोहतास) के पॉलिसी सं.-513536648 है जिसमें लालझारी देवी दर्ज है।

लालो देवी एवं लालझारी देवी दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं ही हूं। मैं उपरोक्त दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।

मैं अपने दोनों नामों के संबंध में यह शपथ पत्र कर रही हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14009- दिनांक-30/7/25 है।

शपथकर्ता
लालो देवी



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-6/RCD/Daltonganj/2025-26/657 Dated:- 29.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **Ordinary Repair work of Chhatarpur Japla (Including Railway Station road) under non plan for the year 2025-26.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 99,93,619.00 (Rupees Ninety Nine Lakhs Ninety Three Thousand Six Hundred Nineteen) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 2,00,000.00 (Rupees Two Lakhs) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **03 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **06.08.2025, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **28.08.2025, 12:00 Noon** |
| 7. | Date and Time of Bid opening | **29.08.2025, 12:30 PM** |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | **Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in** |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019** |
| 10. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 358547 Road (25-26)_D


## शराब नहीं पिलाने पर दिव्यांग से मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के शंकर बिगहा गांव में एक दिव्यांग युवक के साथ बीते दिनों एक व्यक्ति ने सिर्फ इस बात पर मारपीट कर दी कि उसने शराब नहीं पिलाई। घटना के बाद पीड़ित संजय पासवान उम्र 33 वर्ष की शिकायत पर स्थानीय कोंच थाने में मामला दर्ज बुधवार को कर लिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना शंकर बिगहा गांव की है जहां एक दिव्यांग युवक पर गांव के ही बसंत पासवान पिता झगु पासवान ने शराब पिलाने से इनकार करने पर हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले शराब पीने की मांग कर रहे थे और जब उसने मना किया तो उसे गाली-गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़ित के अनुसार वह शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है और रोजमर्रा के कामों में भी कठिनाई होती है। इसके बावजूद आरोपी ने उस पर कोई रहम नहीं दिखाया। वहीं, मारपीट देख मना करने गई पीड़ित की मां को भी मारपीट किया गया जिसे इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद पीड़ित किसी तरह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई। कोंच पुलिस ने कांड संख्या 396/25 दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मुखिया सुनीता कुमारी के जनता दरबार में हर बुधवार हो रहा समस्याओं का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम पंचायत आंती की मुखिया सुनीता कुमारी द्वारा प्रत्येक बुधवार को आयोजित जनता दरबार अब आम लोगों के लिए आशा की किरण बन चुका है। इस दरबार में लोग अपनी समस्याएं लेकर आते हैं और मौके पर ही उनका समाधान किया जाता है। जनता दरबार को लेकर ग्रामीणों के बीच सकारात्मक माहौल बना है, वहीं जिला प्रशासन और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी इसे सराहनीय पहल मान रहे हैं। जनता दरबार में आने वाले लोगों की समस्याएं जमीन विवाद, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, शौचालय निर्माण सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी होती हैं। मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, पंचायत सचिव राम कुमार द्विवेदी, वार्ड सदस्य और अन्य पंचायतकर्मी मिलकर इन समस्याओं का यथासंभव समाधान करते हैं। मुखिया सुनीता कुमारी का कहना है कि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है। अगर लोग सीधे



अपनी बात हमारे सामने रख सकें और हम त्वरित निर्णय ले सकें तो यही लोकतंत्र की सच्ची ताकत है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुनीता कुमारी की इस पहल से पंचायत में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। अब पंचायत स्तर पर ही अधिकतर समस्याओं का समाधान हो जाता है जिससे लोगों को प्रखंड या जिला कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ग्राम पंचायत आंती का यह मॉडल अब जिले के अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है।

## श्रीलंका सरकार के उच्चस्तरीय अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने किया क्षेत्र भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार सरकार की लोक-कल्याणकारी योजना सतत जीविकोपार्जन योजना को समझने के उद्देश्य से श्रीलंका सरकार के उच्चस्तरीय अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने इमर्सन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बुधवार को बोधगया एवं मानपुर में क्षेत्र भ्रमण किया। इसके पश्चात जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने श्रीलंका सरकार के उच्चस्तरीय अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल को जीविका समूह के कार्यो कर बारे में विस्तार से जानकारी दिया। डीएम ने बताया कि जिले में 6 लाख से अधिक परिवार जीविका समूह से जुड़े हुए है। राज्य सरकार द्वारा जीविका दीदियों एवं जीविका से जुड़े लोगों को हर क्षेत्र में मदद पहुंचा रही है। डीएम ने बताया कि वर्तमान में जीविका दीदियों का मार्केटिंग स्किल को और अधिक प्रबल बनाया जा रहा है। जीविका दीदियों के माध्यम से अनेको सेक्टर में अपनी आत्मनिर्भरता बताते हुए प्रोडक्ट्स बना रहे हैं और उसे उद्योग विभाग के मदद से ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्म अर्थात अमेजन, फ्लिपकार्ट इत्यादि पर विक्रय करने का कार्य कर रहे हैं। जीविका दीदियों को सस्ते ब्याज दर पर बैंक लोन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बड़े पैमाने पर गया जिला के लोग लाभ ले रहे हैं। लगभग 5 लाख से अधिक लोगों को लाभ पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिया जा रहा है जिसमें लोगों को बैंक द्वारा अपना स्वरोजगार करने के लिए पैसा मुहैया करा रही है। इसके अलावा पीएम स्वनिधि स्कीम के विशेषता के बारे में विस्तार से बताया। डीएम ने बताया कि जीविका से जुड़े सभी बेनिफिशियरी की लगातार मॉनीटरिंग भी की जाती है ताकि किसी भी प्रकार की उन्हें कोई समस्या नहीं हो सके। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में जीविका दीदी की आकांक्षाओं को जानने के लिए महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो काफी भव्य रूप में आयोजित रहा है इनमें लाखों लाख की संख्या में आकांक्षाएं को सुनने का काम किया गया और उनकी आकांक्षाओं को धरातल पर लाने का भी काम किया गया है।


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-7/RCD/Daltonganj/2025-26/658 Dated:-29.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | हाथी खाना गोदाम परिसर में अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, डालटनगंज के आवास एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय भवन निर्माण का कार्य (वर्ष 2025–26) |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 1,80,00,000.00 (Rupees One Crore Eighty Lakhs) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 3,60,000.00 (Rupees Three Lakhs Sixty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 06.08.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 28.08.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 29.08.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address ofofficer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 358546 Road (25-26)_D



### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
E-Mail ID- dscopalamu2019@gmail.com

**आम-सूचना**

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 35 दिनांक 23.07.2025 द्वारा पलामू जिले में **वित्तीय वर्ष 2025–26** में राज्य सरकार द्वारा कृषि कार्य को बढ़ाया देने, बहु फसलीय खेती को बढ़ाने एवं सिंचाई की कमी को दूर करने के लिए मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे एवं सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों के साथ ही गत वर्षों में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा सरकारी/निजी तालाब का जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना अन्तर्गत निर्मित परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य किया गया हो उनके पानी पंचायत के सदस्यों एवं **अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों** को निम्न विवरणी के अनुसार अनुदानित दर पर पम्प सेट/सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन पत्र जमा करने की सूचना।

**पलामू जिले को प्राप्त कुल भौतिक लक्ष्यः–**

| जिला का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य (1.5-3.0 Hp) | भौतिक लक्ष्य (3.5-5.0 Hp) | भौतिक लक्ष्य सोलर पम्पसेट (1.0 Hp) | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) (1.5-3.0 Hp) | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) (3.5-5.0 Hp) | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) सोलर पम्पसेट (1.0 Hp) | कुल वित्तीय लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| पलामू | OSP | 152 | 21 | 13 | 30.40 | 6.30 | 11.70 | 48.40 |
| | SCSP | 76 | 7 | 3 | 15.20 | 2.10 | 2.70 | 20.00 |
| कुल योगः– | | **228** | **28** | **16** | **45.60** | **8.40** | **14.40** | **68.40** |

**पम्पसेट वितरण हेतू अनुदान की राशिः–**

| क्र0 | कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का नाम | 90% अनुदान की राशि | पम्प सेट और पाईप का मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट (1.5–3.0 hp)एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) | Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 2 | पम्पसेट (3.5–5.0 hp)एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) | Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 3 | **सोलर पम्पसेट1.0 hp)** (Troly Mounted Movable Type) | अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) | ज्रेडा/उर्जा विभाग द्वारा Approved |

वैसे कृषक जो पूर्व में कृषि विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय, समिति निदेशालय द्वारा पम्पसेट का लाभ ले चुके है। उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

अनुदान की राशि का भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत् होगी।

- ➢ कृषक द्वारा स्वयं पम्पसेट एवं पाईप क्रय कर विपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय में जमा कराने के उपरांत भुगतान RTGS के माध्यम से लाभुक कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। या
- ➢ बैंक ऋण के माध्यम से पम्पसेट एवं HDPEपाईप क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि हस्तातंरण किया जायेगा। (ऋण लिये जाने का प्रमाण पत्र जमा करना है) या
- ➢ लाभुक समूह या कृषक के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के माध्यम से कृषि यंत्रों का क्रय करने पर उनके बैंक खाते में अनुदान की राशि हस्तांतरित किया जायेगा।

1. ईच्छुक कृषक दिनांक **30.08.2025** तक कार्यालय दिवस में प्रात 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलामू एवं प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी, पलामू से पम्पसेट या सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः**–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK - C**केद्वितीय तल्ला
**फोन नं0–06562–230223**

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।**

PR 358541 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# ट्रेन का खाना, रेल मंत्री के दावे!

भारतीय रेलवे चलती ट्रेन में परोसे जाने वाले खाने की क्वालिटी और हाइजीन को लेकर चाहे जितने दावे करे, हकीकत यही है कि न तो रेल यात्री इससे संतुष्ट हैं और न ही यह अपेक्षित गुणवत्ता का होता है। ट्रेन में सर्व किए जाने वाले खाने की रेलवे को मिली शिकायतों के आंकड़ों से यह बात सिद्ध होती है। कई मामलों में कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन यात्रियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बंद नहीं हो रहा। यह बात रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा संसद में दिए उनके जवाब से स्पष्ट होती है। ट्रेनो में खराब खाने के बारे में माकपा सांसद सांसद जॉन ब्रिटास ने रेल मंत्री से जानकारी चाही थी। उन्होंने ट्रेनों में खाने की क्वालिटी और कंपनियों को ठेके देने में पारदर्शिता से जुड़ा सवाल पूछा था। इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में जवाब दिया कि साल 2024-25 के दौरान खाने की क्वालिटी को लेकर 6 हजार 645 शिकायतें मिलीं। इसी साल 1 हजार 341 मामलों में भोजन की सप्लाई करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया। रेल मंत्री ने बताया कि साल 2023-24 में 7 हजार 026 शिकायतें मिली थीं जबकि 2022-23 में 4 हजार 421 शिकायतें आई थीं। वहीं साल 2021-22 में खाने की खराब क्वालिटी की 1 हजार 82 शिकायतें दर्ज की गई थीं। रेल मंत्री ने बताया कि कुल शिकायतों में से 2 हजार 995 मामलों में कैटरिंग ठेकेदार को चेतावनी दी गई। 547 मामलों में उन्हें उचित सलाह दी गई और बाकी बचे 762 मामलों में दूसरे कदम उठाए गए। माकपा सांसद ने यह भी पूछा था कि क्या रेलवे कैटरिंग ठेकेदारों से अनहाइजेनिक तरीके से तैयार भोजन को जब्त किया गया है? इस पर वैष्णव ने बताया अगर खाने में मिलावट या अस्वच्छता पाई जाती है या यात्री शिकायत करते हैं, तो तुरंत कार्रवाई की जाती है। इसमें जुर्माना लगाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई करना, काउंसलिंग करना और चेतावनी देना शामिल है। सांसद ब्रिटास का एक और सवाल था कि क्या आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) ने कई रेलवे रूटों पर, जिसमें वंदे भारत और दूसरी लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं, एक ही कंपनी समूह को अलग-अलग नामों से ठेके दिए हैं? इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईआरसीटीसी ट्रेनों में खानपान सेवाएं देने के लिए समय-समय पर टेंडर निकालती है। इसी क्रम में वंदे भारत और लंबी दूरी की दूसरी ट्रेनों के लिए भी टेंडर निकाले जाते हैं। टेंडर एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दिए जाते हैं। जो कंपनी या ठेकेदार सबसे ऊंची बोली लगाता है, उसे ही टेंडर मिलता है। यह सब टेंडर के नियमों और शर्तों के अनुसार ही होता है। रेल मंत्री का दावा था कि रेल में भोजन सप्लाई के मामले में विभाग की पूरी नजर रहती है। रेल प्रशासन भोजन की क्वालिटी को बनाए रखने के लिए कई कदम उठाता है। उन्होंने बताया कि चलती रेलगाड़ी में भोजन नहीं बनाया जाता है बल्कि उसे बेस किचन में तैयार कर ट्रेन में सप्लाई किया जाता है। इस समय ठेकेदारों के बेस किचन आधुनिक बनाए जा रहे हैं। क्वालिटी पर नजर रखने के लिए बेस किचन में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भोजन तैयार करने के दौरान भी अच्छी क्वालिटी की चीजें इस्तेमाल की जाती हैं। इस दौरान फूड सेफ्टी सुपरवाइजर वहां साफ-सफाई का ध्यान तो रखते ही हैं, वे भोजन पकाने की प्रक्रिया पर भी नजर रखते हैं। रेल मंत्री जो भी दावे करें, वास्तव में रेलवे का भोजन यात्री मजबूरी में ही खाते हैं। इनमें ज्यादातर वो होते हैं, जो या तो निरंतर प्रवास करते हैं या फिर वो, जो किसी कारणवश घर का खाना नहीं ला सकते।

जयन्ती पर विशेष

# तीन दशक तक सक्रिय पत्रकारिता भी करते रहे प्रेमचंद

## हंस जब छीनने लगी तो बीसवीं सदी के प्रकाशन की योजना बनायी



डॉ ध्रुव कुमार

मुंशी प्रेमचंद अपनी कहानियों और उपन्यासों के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में भी लंबे समय तक लगातार सक्रिय रहे। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं से जुड़ कर उन्होंने सामाजिक सुधार, जागरूकता और राष्ट्रीय चेतना की लौ को पूरे देश में फैलाया। पत्रकारिता में उनका यह अवदान अविस्मरणीय है। उनकी पत्रकारिता को रचना और विचार की पत्रकारिता, दलितों - वंचितों के समर्थन की पत्रकारिता, राष्ट्रीय ओजस्विता की पत्रकारिता और राष्ट्रीय एकता की पत्रकारिता कहा जा सकता है।

उनकी पत्रकारिता की शुरुआत एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में 1903 में हुई। उन्होंने मुद्दों से केंद्रित विषयों पर लेखन के साथ पत्रकारिता की शुरुआत की । जिन विषयों पर उन्होंने लगातार अपनी कलम चलाई उनमें स्वाधीनता संग्राम, अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति, हिंदू- मुसलमान एकता, छूत -अछूत, किसान- मजदूर, नागरिक- शासन, साहित्य , दर्शन, धर्म - समाज, शिक्षा - संस्कृति, महिला जगत से लेकर राष्ट्रभाषा से जुड़े तमाम मुद्दों पर रिपोतार्ज, टिप्पणियां एवं लेख आदि शामिल थे।

उनकी पत्रकारिता की शुरुआत ओलिवर क्रॉमवेल के विभिन्न प्रसंगों पर टिप्पणी लेखन से एक मई, 1903 से हुई। यह सिलसिला 24 सितंबर, 1903 तक 5 महीने तक धारावाहिक के रूप में चलता रहा। वे 1920 में बनारस से प्रकाशित दैनिक आज से भी जुड़े। स्वदेश और मर्यादा मैं भी उनकी रिपोर्ताज और टिप्पणियां छपती रहीं । प्रसिद्ध उर्दू समाचार पत्र जमाना से भी वे जीवनपर्यंत जुड़े रहे। इसमें वे खबरों और टिप्पणियों के अलावा एक स्थाई स्तंभ रफ्तार - ए - जमाना भी लिखते रहे। वे 1933- 34 में साप्ताहिक जागरण से भी जुड़े। लेकिन इन सबके बावजूद यदि उनके मानस पुत्र हंस की चर्चा न हो तो प्रेमचंद की पत्रकारिता के स्वरूप और तेवर को समझना मुश्किल है।

कई दशकों तक प्रेमचंद पर शोध कर अनेक पुस्तक लिखने वाले कमल किशोर गोयनका के अनुसार प्रेमचंद ने जयशंकर प्रसाद को एक पत्र लिखा। काशी से कोई साहित्यिक पत्रिका नहीं निकलती है। मैं कोई धनिक नहीं, मजदूर आदमी हूं। मैंने पत्रिका निकालने का निश्चय कर लिया है। हालांकि इसका नाम हंस प्रेमचंद को जयशंकर प्रसाद इसके प्रकाशन से माह माह पूर्व सुझाया था। कहा जाता है कि उनके निकट के एक रिश्तेदार थे, जो विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे। उन्हें प्रेमचंद ने 3 दिसंबर 1928 को एक पत्र लिखा और हंस निकालने में साझेदार बनने के लिए आमंत्रित किया। पत्र में प्रेमचंद ने पत्रिका की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए लिखा कि प्रत्येक अंक में तीन मौलिक तथा दो अनुदित कहानियां, धारावाहिक उपन्यास आठ पृष्ठों में, सामाजिक - राजनीतिक संक्षिप्त टिप्पणी, श्रेष्ठ पुस्तकों की समीक्षा और 12 पृष्ठों में इतिहास तथा यात्रा आदि सामग्री हो सकती है?। जो भी सामग्री रचनात्मक विचारों को उत्पन्न कर सके तथा समाज की अवधारणा को स्पष्ट करे, उसे पत्रिका में स्थान मिलेगा। प्रेमचंद को विश्वास था कि एक वर्ष के बाद पत्रिका ऐसी स्थिति में आ जाएगी कि कुछ आर्थिक लाभ देने लगेगी। लेकिन उनका यह अनुमान गलत साबित हुआ। उन्हें जीवनपर्यंत आर्थिक संकट के साथ अंग्रेजी सरकार की सेंसरशिप का दंश भी भोगना पड़ा ।

जागरण के प्रकाशन के कारण घाटा और भी बढ़ने लगा। 1933 के अक्टूबर - नवंबर महीने में उन्होंने हंस का काशी विश्वनाथ अंक छापा। इससे उनकी आर्थिक संकट में बढ़ोतरी हो गयी, हालांकि उन्होंने इसकी कल्पना नहीं की थी। उन्होंने अपने दोस्त शिवनारायण निगम को 9 जनवरी 1934 को सारी व्यथा बताते हुए पत्र लिखा।

हंस के प्रकाशन को जारी रखने के महात्मा गांधी और कन्हैया लाल मुंशी ने अपनी ओर से कोई कोर - कसर नहीं छोड़ी। 18 मई 1935 को कन्हैयालाल मुंशी ने अंतर - प्रांतीय साहित्य परिषद की रूपरेखा भेजी और लिखा कि इसके लिए हंस का उपयोग किया जा सकता है। प्रेमचंद ने तुरंत कन्हैयालाल मुंशी को उत्तर दिया और लिखा कि वैष्णव प्रांतीय साहित्य को हिंदी भाषा के द्वारा पाठकों तक पहुंचाने के समर्थक हैं। उन्होंने इसके लिए हंस को भी समर्पित करने की स्वीकृति



दे दी।

प्रेमचंद द्वारा हंस के लिए कुछ धनराशि देने का प्रस्ताव महात्मा गांधी ने स्वीकार नहीं किया। प्रेमचंद ने भी अपने प्रस्ताव पर अधिक जोर नहीं दिया और अंततः हंस लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन करवा कर हंस पत्रिका उसे सौंप देने का निर्णय हुआ। इस नई व्यवस्था के अनुसार भारतीय साहित्य के मुखपृष्ठ के रूप में अंश का पहला अंक अक्टूबर 1935 में प्रकाशित हुआ। इस अंक में प्रेमचंद के साथ कन्हैयालाल मुंशी का नाम संपादक के रूप में प्रकाशित हुआ। महात्मा गांधी ने हंस के संबंध में एक संदेश दिया, जो उसमें बराबर छपता रहा । प्रेमचंद ने जिन शर्तो पर हंस सौंपा था, उनमें एक शर्त यह भी थी कि हंस का मुद्रण उनके प्रतिष्ठान सरस्वती प्रेस में ही होगा और हंस लिमिटेड मुद्रण के लिए व्यापारिक दर पर भुगतान करेगी। कुछ मांस उपरांत महात्मा गांधी की अध्यक्षता में भारतीय साहित्य परिषद की स्थापना बैठक हुई और हंस, परिषद को सौंप दिया गया । परिषद के कुछ सदस्यों का मत था कि सरस्वती प्रेस में हंस का मुद्रण कराने पर अधिक खर्च होता है। उन लोगों ने कन्हैयालाल मुंशी को स्थिति से अवगत कराया। तब 4 जुलाई 1936 को भारतीय साहित्य परिषद की कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई, जिससे इस समस्या का हल निकाला जा सके। 22 जून 1936 को मुंबई में कन्हैयालाल मुंशी और काका कालेलकर ने परस्पर विचार विमर्श किया और इसके लिए तार देकर प्रेमचंद को भी बुलाया गया। प्रेमचंद मुंबई नहीं गए क्योंकि वह 4 जुलाई को भारतीय साहित्य परिषद के सम्मेलन में वर्धा जाना चाहते थे?। 4 जुलाई 1936 को वर्धा में हुई मीटिंग में तय हुआ कि हंस का प्रकाशन मुद्रण सरस्वती प्रेस, बनारस से हटाकर सस्ता साहित्य मंडल, दिल्ली को सौंप दिया जाए। इससे परिषद को 50 रुपये की बचत हो सकेगी। जब यह सूचना प्रेमचंद को मिली, तो उन्होंने कन्हैयालाल मुंशी को पत्र लिख कर हंस के संपादक पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही उन्होंने निर्णय किया कि बीसवीं सदी नाम से नई पत्रिका निकाली जाए। अपने मित्र अख्तर हुसैन रायपुरी को 27 जुलाई 1936 को उन्होंने अपनी आहत भावनाओं का खुलकर जिक्र करते हुए लिखा। मगर इस बीच कुछ ऐसी घटनाएं घटित हुई कि हंस फिर से प्रेमचंद के पास लौट आया। जून-जुलाई में गोविंद दास का नाटक सिद्धांत स्वतंत्र प्रकाशित हुआ। अंग्रेज सरकार को इसमें राजद्रोह की आहत सुनाई पड़ी और उन्होंने हंस लिमिटेड को तुरंत एक हजार रुपये जमा करने के आदेश दिए। महात्मा गांधी जमानत देकर पत्रिका निकालने के विरोधी थे। उनके आदेश पर हंस ने जमानत देना स्वीकार नहीं किया । इस पर अंग्रेजी सरकार ने हंस का प्रकाशन बंद करने के आदेश दिए। प्रेमचंद को यह सूचना कन्हैयालाल मुंशी और समाचार पत्रों से प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत व्यवस्था न होने के बावजूद अपनी मानस संतान हंस को पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुट गए। उनकी पत्नी शिवरानी देवी ने इस संबंध में अपनी पुस्तक प्रेमचंद घर में में सविस्तार लिखा है कि कैसे उन्होंने गंभीर रूप से बीमार होने के बावजूद हंस के प्रकाशन को जीने -मरने का सवाल बनाए रखा। प्रेमचंद ने हंस की जमानत जमा कराई और सरकार से उसे पुनः प्रकाशित करने की अनुमति मिल गई। ठीक समय पर हंस का सितंबर 1936 अंक प्रकाशित हुआ। हंस के इस अंक में उनका लेख महाजनी सभ्यता भी छपा, जिसमें उन्होंने धन की सभ्यता की आलोचना करते हुए वर्गविहीन सामाजिक व्यवस्था की वकालत की । परंतु हंस को पुनर्जीवित करने के प्रयास में उन्हें अपना जीवन दान देना पड़ा। हंस का सितंबर 1936 का अंक निकालने के पश्चात 8 अक्टूबर 1936 को उनका जीवन हमेशा के लिए बुझ गया।

यह सर्वविदित है कि उनके पत्रकार रूप की चर्चा कथाकार रूप की अपेक्षा कम हुई। वे लगभग तीन दशक तक बहुत शिद्दत से पत्रकारिता में सक्रिय रहे। 1910 में जब ब्रिटिश हुकूमत ने प्रेस एक्ट की धाराओं को पुनर्जीवित कर पहले की अपेक्षा और अधिक कठोर बनाकर न्यूज़ इंडिया प्रेस ऑर्डिनेंस- 1930 पास किया तो इस सरकारी दमन नीति का सबसे पहले विरोध मुंशी प्रेमचंद ने ही किया। उन्होंने लिखा - स्वेच्छाचारी सरकारों की बुनियाद पशुबल पर होती है। वह हर एक अवसर पर अपना पशुबल दिखाने को तैयार रहती है। .....यह बिल्कुल नया अविष्कार है और इसके लिए इंग्लैंड और भारत दोनों की सरकारों की जितनी प्रशंसा की जाए, वह थोड़ी है। अब न कानून की जरूरत है और न व्यवस्था की। काउंसिलें और असेंबलियां सब व्यर्थ, अदालतें और महकमें सब फिजूल। डंडा क्या नहीं कर सकता - वह अजेय है, सर्वशक्तिमान है। प्रेमचंद ऐसे पत्रकार नहीं थे, जो पत्रकारिता की आर्थिक विवशता को, सिद्धांतों की कुर्बानी देकर विज्ञापनों की बलशालिता के आगे नतमस्तक हो जाते, बल्कि वे ऐसे पत्रकार थे, जो सनसनीखेज खबरों और व्यवसायिक हितों को तरजीह न देकर पत्रकारिता को बुनियादी सवालों से जोड़ना चाहते थे। उनकी नजर में पत्रकारिता मिशन थी, फैशन या व्यवसाय नहीं । वह पत्रकारिता में पूंजी के प्रभुत्व और सस्ते प्रचार तंत्र के सख्त विरोधी थे।

यह माना जा सकता है कि आज की आधुनिक चमक-दमक वाली पत्रकारिता को प्रेमचंद की पत्रकारिता से बहुत कुछ सीखना शेष है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हैं )**

अध्यात्म

## सबसे अच्छा मित्र वही है जो हमारे सामने है



एक राजा ने अपने मंत्रियों से तीन प्रश्न पूछे। पहला, सबसे अच्छा मित्र कौन है? दूसरा, सबसे अच्छा समय कौन सा है? तीसरा, सबसे अच्छा काम कौन सा है? कुछ मंत्रियों ने कहा कि जो समय और काम ज्योतिषी बताता है, वही सबसे अच्छा होता है। कुछ लोग बोले कि राजा के सबसे अच्छे मित्र मंत्री होते हैं। इन जवाबों से राजा संतुष्ट नही हुए।

राजा इन प्रश्नों के जवाब मालूम करने के लिए राज्य के सबसे विद्वान संत के पास पहुंचे। राजा ने संत का सिर्फ नाम ही सुना था, कभी भी वे संत से मिले नहीं थे। जब राजा संत के आश्रम में पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। आश्रम के पास ही एक खेत में एक बूढ़ा व्यक्ति बीज बोने का काम कर रहा था। राजा उस बूढ़े के पास पहुंचे और उससे संत के बारे में पूछा। बूढ़े ने कहा कि आप जिससे मिलना चाहते हैं, वह व्यक्ति मैं ही हूं। बताइए क्या काम है?

राजा ने संत से अपने तीनों प्रश्न पूछे। संत ने राजा से कहा कि बीज बोने में मेरी मदद करो। राजा बिना कुछ बोले संत की मदद करने लगे। काफी समय बीत गया, शाम होने वाली थी, लेकिन राजा को अपने प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला। तभी वहां एक घायल व्यक्ति के चिल्लाने की आवाज आने लगी। संत ने राजा से कहा कि हमें उस व्यक्ति के पास चलना चाहिए। उसकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। राजा संत के पीछे-पीछे चल दिया। जैसे ही वे घायल व्यक्ति के पास पहुंचे। उसने राजा के पैर पकड़ लिए और माफी मांगने लगा। उसने बताया कि मैं आपको मारने आया था, लेकिन आपके सैनिकों ने मुझे घेर लिया था। उनके प्रहारों से मैं घायल हो गया हूं। किसी तरह वहां से बचकर जंगल में छिप गया था।

राजा ने संत से अपने प्रश्नों के बारे में पूछा। संत बोले कि आपके सभी सवालों के जवाब तो मिल गए हैं। सबसे अच्छा समय वर्तमान है। सबसे अच्छा मित्र वही है जो हमारे सामने होता है। सबसे अच्छा काम उपस्थित कर्म है। अगर ये बातें नहीं होती तो वह व्यक्ति आपका मित्र कैसे बनता जो आपके मारने आया था।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांच वर्ष की उपलब्धियाँ

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाँच वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। भारत मंडपम में एक बड़ा आयोजन हो रहा है। अभी गुजरात में हुए कुलपति सम्मेलन हुआ। विविध विषयों पर विचार विमर्श हुए। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के तहत भारतीय भाषाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर ज्ञान को अधिक सहज, सुलभ और समावेशी बनाया जा रहा है। यह 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में एक सार्थक व निर्णायक कदम विशेषज्ञ मान रहे हैं। बीते 5 वर्षों में बहुभाषावाद को प्रोत्साहन मिला है। विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करें, इसका प्रयास हुआ है। निःसंदेह इससे उनकी समझ, अभिव्यक्ति, विश्लेषण और नवाचार की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। वास्तव में, जब शिक्षा अपनी भाषा में होती है, तब वह केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं रह जाती, अपितु सोचने और जीवन को संवारने वाली ऊर्जा बन जाती है। भारत सरकार का यह अध्याय निशंक जी ने 2020 में विशेष प्रयास करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किया। अब उसे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आगे बढ़ा रहे हैं।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए उठाए कदम निर्णायक भूमिका में अपनी उल्लेखनीय सेवा ऐतिहासिक रूप से अंकित करने लगे हैं जिसमें बहुत से इनिशिएटिव ऐसे हैं जो आने वाले समय में अपनी अभूतपूर्व विशेषताएं बताएँगे। यथा एनसीईआरटी द्वारा तैयार बुनियादी अध्ययन और स्कूली शिक्षा के लिए नेशनल करिकुलम की रूपरेखा शिक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी की जा चुकी है। भारत में 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए पहली बार एकीकृत राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सुझाए गए स्कूली शिक्षा के लिए 5+3+3+4 के अनुसार है। इसके तहत शैक्षणिक संरचना यानी आधारभूत चरण में 5 वर्ष, प्रारंभिक और मध्य चरण में 3-3 वर्ष और माध्यमिक चरण में 4 वर्ष शामिल है। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप कक्षा 1 और 2 के लिए जुलाई, 2023 में और कक्षा 3 और 6 के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नई पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित की गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने स्कूलों को सलाह दी है कि वे पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति को 21वीं सदी के कौशल के साथ एकीकृत करें। साथ ही, सीबीएसई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग और डेटा साइंस जैसे नए विषय भी शामिल किए हैं। पाठ्यक्रम भार को कम करने के लिए सीबीएसई ने वर्ष 2022-23 के लिए अपना पाठ्यक्रम कटौती कर कम सामग्री के साथ जारी किया था। इस शिक्षा नीति के तहत देश के 90 से अधिक विश्वविद्यालय ने एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में शुरू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति टेक्नॉलॉजी के लिए जरूरी माइंडसेट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसके लिए अटल टिकरिंग लैब और अटल इंक्यूबेशन सेंटर का एक बहुत बड़ा नेटवर्क देश में तैयार किया जा रहा है और समग्र शिक्षा योजना 2.0 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप रि-डिजाइन किया गया है जो 2025-26 तक चालू रहेगी। यह इनिश्येटिव नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के वे महत्वपूर्ण परिणाम देने वाले हैं जिससे नई पीढ़ी विभिन्न लेयर में अपने आपको मजबूत करेगी और देश में एक नया परिदृश्य देखने को मिलेगा।

अब भारत का शिक्षा मंत्रालय बाल वाटिका, विद्या प्रवेश, निपुण भारत, पीएम ई विद्या, दीक्षा, स्वयंप्रभा, जादुई पिटारा, परख, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम या उल्लास। प्राइमर्स, निष्ठा, 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम व राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन जैसी पहल करके भारत के हर आयु-वर्ग को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर चुका है। देश के शिक्षा तंत्र में बैठे लोगों का अब दायित्व क्या है, वे इसे किस प्रकार से अपने आसपास के जनमानस में अभिप्रेरण करते हैं और कैसे उन्हें इसमें सम्मिलित करते हैं, यह उन पर निर्भर है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक संबोधन में कहा था कि 21वीं सदी के 25वें वर्ष में हम प्रवेश कर चुके हैं। भारत को नॉलेज इकोनॉमी के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य



प्राप्त करने में आप सबकी निर्णायक भूमिका है। शिक्षण के साथ-साथ शोधकार्य पर भी बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हम आज किस प्रकार इस लक्ष्य को हासिल करें, यह सभी भारतीय शिक्षा जगत से जुड़े हितधारकों का दायित्व है।

अच्छी बात यह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति हेतु केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा में सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त वृद्धि करते हुए इसे जीडीपी के 6 प्रतिशत तक पहुंचाने की स्पष्ट रूप से समर्थन एवं परिकल्पना की गई है। उसी दिशा में शिक्षा मंत्रालय सहित उससे जुड़े बजट में वृद्धि की जा रही है। यह बज़ट यद्यपि बहुत अधिक नहीं है। देश में शिक्षा की गुणवत्ता, शोध की गुणवत्ता व समावेशी शिक्षा से समाज के निर्माण की यदि हम बात कर रहे हैं और यह विचार कर रहे हैं कि भारत इस दिशा में विकास करके एसडीजी-2030 लक्ष्य में भी अपनी विशेष उपस्थिति बनाए तो भारत के शिक्षा बज़ट को थोड़ा अधिक करना पड़ेगा। हम हथियारों पर खर्च करें, शिक्षा पर अधिक तो यह देश के हित में होगा। हथियारों से युद्धक सामग्री खरीदी जा स्सक्ति है जो हमारी सुरक्षा के लिए अहम् हो सकती है लेकिन यदि यह बज़ट यदि शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षा हेतु बढाया जाएगा तो उससे हम भारत के भविष्य की सुरक्षा कर सकेंगे और यदि हम यह कहें की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जो कहना है कि हम नॉलेज इकॉनोमी डेवलप करें तो हम इससे पीढ़ीगत भविष्य के साथ विजडम इकॉनोमी का उत्पाद अधिक कर सकेंगे।

भारत के सामने बहुत सी चुनौतियाँ हैं। शिक्षा में व्यापक बदलाव की आवश्यकता है। इसे भी चुनौती के रूप में भारत का बौद्धिक समाज लेगा तो निश्चय ही हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ न्याय कर सकेंगे। हमने एनईपी-2020 के साथ बहुत प्रयास भारत भर में किया है। अकादमिक जगत में इसको लेकर अभी कई धड़े बने हुए हैं जो एनईपी पर शक पैदा करते हैं। वे भी चुनौती हैं हमारे लिए व एनईपी के भविष्य के लिए। किन्तु सरकार की अपनी प्रतिबद्धता बहुत स्पष्ट है। वह इसे लेकर जिस गर्मजोशी के साथ आगे बढ़ रही है। एनईपी के साथ भारत के लिए सरकार विजन 2047 के लिए भी काम कर रही है। इसलिए पांच वर्ष के हमारे कार्य को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता ज्यादा है। बजे इसके कि हम आगे-पीछे की सोचकर इसकी विकास यात्रा को अवरुद्ध करें या खुद इसको विकसित करने से कतराएँ। विगत माह केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का दो दिवसीय सम्मेलन आज गुजरात के केवड़िया में हुआ। धर्मेंद्र प्रधान की पांच प्रतिज्ञाओं का स्मरण आता है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों ने एनपीए 2020 के कार्यान्वयन पर ही विचार किया था। यह समागम ही समीक्षा, मूल्यांकन और रणनीति बनाने के लिए आयोजित हुआ था। इसमें धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पंच संकल्प की अवधारणा जिसमें सम्मिलित है अगली पीढ़ी की उभरती शिक्षा, बहु-विषयक शिक्षा, नवीन शिक्षा, समग्र शिक्षा और भारतीय शिक्षा, इस पर उच्च शिक्षाजगत के लोग एकजुट होकर काम करें।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे। कारोबार में सहकर्मियों के रवैये से नाखुश हो सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके लिये अनुकूल रहेंगी। जॉब में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**मिथुन**
विदेशी संस्थानों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। करियर को लेकर नयी दिशा प्राप्त हो सकती है। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा।

**कर्क**
आज युवा उद्यमियों को सम्मान मिल सकता है। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। घर की सुख-शान्ति बनी रहेगी।

**सिंह**
आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**कन्या**
आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग मेंआप भाग लेंगे।

**तुला**
विद्यार्थी उच्च शिक्षा को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे।

**वृश्चिक**
मन की चञ्चलता पर नियन्त्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे।

**धनु**
आज आपकी परिस्थितियाँ प्रतिकूल हो सकती हैं। इसीलिये आपको सोच-समझकर ही निर्णय लेने चाहिये। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या होगी। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं।

**मकर**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनन्द उठायेंगे। मित्र आपकी प्रत्येक कार्य में सहायता करेंगे।

**कुंभ**
आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियाँ दूर होंगी। पढ़ाई में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**मीन**
आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। नये काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

# सनकी बेटे ने पिता को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** छौड़ाही थाना क्षेत्र के पताही गांव वार्ड 2 में पारिवारिक विवाद में सनकी बेटे ने पिता को गोली मारकर घायल कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। घायल शख्स की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है। जिन्हें उनके बेटे दीपक कुमार ने गोली मारी है। परिजनों ने संतोष कुमार को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां से घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर



किया गया। घायल संतोष कुमार यादव के अनुसार, उनका बेटा दीपक कुमार अवैध तरीके से शराब का धंधा करता था और उनके नाम की मोटरसाइकिल का उपयोग करता था। जब संतोष कुमार ने इसका विरोध किया, तो दीपक कुमार ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने के बाद संतोष कुमार बेहोश हो गए और दीपक कुमार मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं मौके पर पुलिस पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। छौड़ाही थाना प्रभारी कंचन कुमार दास ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण यह घटना हुई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में 25 अगस्त को होगा 'रेड रन 2025' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), मुंगेर विश्वविद्यालय और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त को 'रेड रन 2025' का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। 5 किमी की दौड़ प्रतियोगिता में 17 से 25 वर्ष आयु वर्ग के एनएसएस स्वयंसेवक, रेड रिबन क्लब सदस्य, एनसीसी कैडेट व कॉलेज छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रत्येक कॉलेज से 10 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। दस विजेता




प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप 100 प्रेरणादायक पुस्तकें दी जाएंगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी सुधार संबंधी पुस्तकें शामिल होंगी। कार्यक्रम के जिला समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह होंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा, बल्कि उनमें नेतृत्व और सामाजिक दायित्व की भावना भी विकसित करेगा।

# पारिवारिक कलह से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्वी चंपारण।** चिरैया थाना क्षेत्र के सेमरा ढाठ गांव में पारिवारिक विवाद से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गांव के किशोरी राय की पतोहू तथा विनय कुमार की पत्नी रूबी देवी (26 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटना के बाद से मृतका के ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हैं। मृतका के पिता सत्यदेव राय, जो शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा गांव के निवासी हैं, ने बेटी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का गंभीर



आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर लगातार रूबी को प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायती भी करवाई गई, लेकिन प्रताड़ना बंद नहीं हुई। उन्होंने पति विनय कुमार, ससुर किशोरी राय, सास और अन्य पर मारपीट व दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि रूबी देवी ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अब मामले की वास्तविकता का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि मृतका के दो छोटे बच्चे इस हादसे से पूरी तरह अनजान हैं। अपर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के द्वारा आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार ससुरालजनों की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# डायन कहकर प्राण घातक हमला करने के आरोपित दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने प्राणघातक हमले के एक मामले की सुनवायी करते हुए आरोपितों को दोषी करार दिया। अभियोजन साक्ष्य के आधार पर बखरी थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी गोवर्धन महतो, राजेश महतो, लालो महतो, शांति देवी, दिनेश महतो, रूपेश महतो, मनोज महतो, पंकज महतो, विनोद महतो एवं राजाराम महतो को दोषी पाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में पांच गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपितों को दोषी घोषित किया। आरोपितों पर आरोप है कि दिनांक 11 अगस्त 2014 को रात्रि 9 बजे वादी संजय कुमार महतो के पिता दुकान बन्द कर घर पहुंचे ही थे कि सभी आरोपित जो पूर्व से ही लाठी, रॉड एवं पिस्टल लेकर बैठे हुए थे तो एकाएक सभी आरोपित वादी एवं उसके पिता के ऊपर लाठी रॉड से हमला कर दिया और यह कहते हुए की तुम्हारी पत्नी डायन है। आरोपियों के विरुद्ध वादी संजय कुमार महतो ने बखरी थाना कांड संख्या 252पी2014 भाद वि की धारा 323,341,354यू, 504 34 एवं डायन अधिनियम की धारा 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए दिनांक 31 जुलाई 2025 की तिथि मुकर्रर की।

# विद्यार्थी परिषद के पुरोधा थे रामकुमार बाबू : राजस्व मंत्री

**ध्नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** रामकुमार बाबू जैसे लोगों की वजह से ही बेगूसराय में वामपंथ की लौ धीमी ही नहीं बल्कि बुझ गई। उक्त बातें जिला प्रभारी मंत्री सह राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने एबीवीपी द्वारा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह जीडी कलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह की श्रद्धांजली सभा में कहा। बुधवार को राजदरबार उत्सव हल में आयोजित उक्त श्रद्धांजलि सभा प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारत कैसे पराभव को प्राप्त करे इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। लेकिन हमसब को भारत माता की गरीमा को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने के लिए काम करना होगा। श्रद्धांजलि सभा में एबीवीपी के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री शिवनारायण महतों ने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक होते हुए यशवंत



राव केलकर ने एबीवीपी को स्थापित करने के लिए काम किया था। ठीक उसी प्रकार बेगूसराय के यशवंत राव केलकर रामकुमार बाबू थे। जमींदार परिवार के होते हुए एबीवीपी के लिए कार्यकर्ता की तरह काम करने का काम किया था। यही वजह है कि एबीवीपी के हर एक कार्यकर्ता के लिए रामकुमार सिंह अभिभावक, मित्र और शुभचिंतक की तरह थे।जीडी कलेज में लगे रामकुमार बाबू की प्रतिमा श्रद्धांजलि सभा में पुरातन कार्यकर्ता सत्यदेव ने एबीवीपी को जिले में खड़ा करने में रामकुमार बाबू के योगदान को विस्तार से रखा। मौके पर उत्तर बिहार के क्षेत्रीय संगठन प्रभारी राकेश मौर्या, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदन कुमार, बखरी के नीरज नवीन व राजेश अग्रवाल, बरौनी के सुमित कुमार सिंह, अमित मिश्रा ने जीडी कलेज में रामकुमार सिंह की प्रतीमा लगाने की मांग मंच से किया। इसके लिए सरकार से एनओसी लेने के लिए पहल करने की मांग की गई। इसके साथ ही परिषद स्वर्गीय श्री सिंह के नाम पर अपना कार्यालय बनाएगी। अगले वर्ष रामकुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा एबीवीपी खुद के कार्यालय में मनाने के संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में जीडी कलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्रभूषण प्रसाद सिंह, एसबीएसएस कलेज के प्राचार्य ड अवधेश कुमार सिंह, रामचरित्र सिंह कलेज मंझौल के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. कांतिमोहन सिंह, मधुबनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम अवधेश कुमार, आरएसएस के जिला संघ संचालक मनोरंजन वर्मा, जीडी कलेज के प्राध्यापक डॉ. अंजनी सिन्हा, एमआरजेडी कलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो अशोक कुमार सिंह, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार आदि ने संबोधित किया है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन एबीवीपी के प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शिल्पी गौतम ने की है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, एबीवीपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजीत गौतम, आलोक कुमार, भाजपा नेता केशव शांडिल्य, शिवम, प्रो सहर अफरोज सहित सभागार छात्रों एवं बुद्धिजीवियों से भरा था।

# गंगा ग्लोबल इंस्टीच्यूट में संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट अफ मैनेजमेंट स्ट्डीज में बुधवार को करियर पथ सफलता की ओर आपकी यात्रा का मार्गदर्शन विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार की तेजी से उभरती हुई सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कोडिंग एज के सहयोग से संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार मार्गदर्शन, प्रशिक्षण अवसर, नौकरी संभावनाएं तथा सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की वर्तमान मांग से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो अन्नू मिश्रा थी। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. मुरारी कुमार और प्रो. विवेक कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रोफेसर ऋषभ, प्रो. रामराहुल, प्रो अमित, एवं प्रो काजल की उपस्थिति रही। साथ ही बीसीए और एमसीए पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। संगोष्ठी में विद्यार्थियों को बताया गया कि बीसीए व एमसीए पाठ्यक्रमों के उपरांत उनके पास कौन-कौन से रोजगार विकल्प उपलब्ध हैं, किस प्रकार की कंपनियां किस प्रकार के तकनीकी कौशल की मांग कर रही हैं, और वर्तमान समय में पाइथन, जावास्क्रिप्ट, जावा, डेटा विज्ञान जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं और तकनीकों की अधिक आवश्यकता है। संस्थान के विपणन प्रबंधक मोहम्मद अर्श ने कहा कि कोडिंग एज जैसी उभरती कंपनियों का कॉलेज में आना विद्यार्थियों को न केवल उद्योग से जोड़ता है, बल्कि उन्हें वास्तविक दुनिया की तैयारियों में भी सक्षम बनाता है। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुधा कुमारी झा ने कोडिंग एज को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कॉलेज और कोडिंग एज के मध्य हुआ यह समझौता पत्र (एमओयू) भविष्य में हमारे विद्यार्थियों के लिए निरंतर प्रशिक्षण एवं रोजगार की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगा।

# सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के चार प्रखंडों (सिकटी,पलासी, कुर्साकांटा एवं फारबिसगंज) में 12 दिवसीय सुरक्षित तैराकी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल एवं जिला पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सिकटी प्रखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षित तैराकी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में मंत्री ने कहा कि सुरक्षित तैराकी न केवल एक कौशल है,बल्कि यह आपदा के समय जीवन रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से विपरीत परिस्थितियों में जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की संभावना बनी रहती है। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत वर्षों में ऐसा देखा गया है कि किसी जलश्रोत में या उसके आस-पास नहाने अथवा खेलने के क्रम में पानी में डूबने से प्रायः मृत्यु की घटनाएं हो रही है, ऐसे में तैराकी का प्रशिक्षण बच्चों एवं युवाओं को जीवन सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनायेगा। उन्होंने बच्चों सहित उपस्थित सभी को अनावश्यक नदी, तालाब सहित अन्य जलश्रोत में नहीं उतरने की सलाह दी। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाये। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अजय कुमार ठाकुर, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों द्वारा तैराकी का प्रदर्शन किया गया तथा बच्चों को जीवन रक्षक उपायों की जानकारी दी गई। ज्ञातव्य हो कि अररिया जिला एक बहु आपदा प्रवण जिला है।

# बड़हरा में दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर सम्पन्न

## 28 बच्चों का पंजीकरण, पांच रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिले में दिव्यांग बच्चों को पहचान पत्र व दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) उपलब्ध कराने के लिए प्रखंडवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़हरा में 3 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में सदर अस्पताल, आरा की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम ने उपस्थित बच्चों की गहन जांच की। कुल 28 बच्चों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से 5 बच्चों को बेहतर इलाज और परीक्षण के लिए रेफर कर दिया गया। शेष 23 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, जिनमें कई मूकबधिर एवं अन्य श्रेणी के दिव्यांगता में पाए गए। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार की उपस्थिति में शिविर संचालित हुआ। सदर अस्पताल से आए चिकित्सकों की टीम में डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. धनंजय तिवारी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीभूषण यादव शामिल थे।


## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

### दीर्घकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के तरहसी अंचल अन्तर्गत राजस्व जलकर की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के संकल्प सं0 1575 / दिनांक 09 / 11 / 2017 के आलोक में वर्ष 2025–26 से 2034–35 तक दस वर्षो (01 / 04 / 2025 से 31 / 03 / 2035 तक) के लिए किया जाना है। जो इस प्रकार है :–

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (हे0 में) | जलक्षेत्र (हे0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| अंचल –तरहसी | | | | | | | |
| 1 | सेवती डैम | - | - | - | 12.00 | **1200.00** | |

प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ / जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत / अभिप्रमाणित समिति के सदस्यों की सदस्यता सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्त्ताएँ पूरी करती हो तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति को जलकर की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी। समिति नहीं होने पर स्थानीय विस्थापितों के **S.H.G** के साथ की जाएगी।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 12 / 08 / 2025 तक कार्यालय अविध में अपनी अहर्त्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।

**(मो0 कमरूज्जमाँ)**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।**

PR 358567 Fish(25-26)D


# नवनियुक्त बीएलओ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय परिसर अवस्थित विमर्श कक्ष में बुधवार को नवनियुक्त बीएलओ की बैठक बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के गाइडलाइन के तहत बखरी विधानसभा एवं चेरिया बरियारपुर विधानसभा में संयुक्त रूप से कुल 16 नए बीएलओ की नियुक्ति की गई है। अब बखरी विधानसभा में 73 और चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र में 21 बीएलओ की संख्या हो गई है। नवनियुक्त बीएलओ को चुनाव आयोग के सभी गाइडलाइन और निर्देश को साफ और स्पष्ट रूप में बताया। जाति,धर्म, समुदाय, क्षेत्रवाद से प्रेरित होकर काम नहीं करेंगे। किसी वैध मतदाता का नाम नहीं काटेंगे। गलत तथ्य के आधार पर नाम पर नहीं जोड़ना है।आप मतदान केंद्र के अफिसर हैं। 1 अगस्त 2025 को प्रारूप प्रकाशन पर दावा आपत्ति के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जागरुकता फैलाकर विशेष कैम्प में लोगों के कागजात जमा करने है। कोई भी मतदाता छुटे नहीं। 1 जुलाई 2025 को जिसका उम्र 18 वर्ष हो गया है उसे प्रपत्र 6 के माध्यम से अनलाइन और अफलाइन आवेदन प्राप्त कर नाम जोड़ना है। इस अवसर पर अरुण सदा, नंदन ठाकुर, चंदन कुमार सिंह, अमित कुमार, उपेंद्र राय, प्रभात रंजन, सौरभ आनंद, राजकुमार, नाथूराम चौधरी, मोहम्मद सुभान, पंकज कुमार, सरफराज अंसारी आदि मौजूद थे।

# सुनहरे भविष्य के लिए मेहनत जरूरी

## नर्सरी से 12वीं तक की शिक्षा अनुभवी शिक्षकों द्वारा, नीट व बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अररिया। शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा कराई जाती है। स्कूल के निदेशक कुमार अनूप एवं उप प्राचार्य मो. दबीर ने बताया कि छात्रों को भविष्य में सफल बनाने के लिए नियमित मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना से अब तक इसके कई छात्र देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी पहचान बना चुके हैं। विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं और



शिक्षण पद्धतियां अपनाई जाती हैं। प्रत्येक रविवार को अतिरिक्त विशेष कक्षाएं निःशुल्क लगाई जाती हैं। कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल मैदान, संगीत, शास्त्रीय नृत्य, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास और छोटे बच्चों के लिए किड्स प्ले सेक्शन की सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के साथ-साथ उर्दू की भी शिक्षा दी जाती है। सीबीएसई आधारित पाठ्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया निर्धारित की गई है ताकि अधिक से अधिक बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से लाभान्वित हो सकें। स्कूल प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष भी कई छात्रों ने नीट परीक्षा में सफलता पाई, वहीं दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंकों के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है।


## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

### मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिले के मत्स्य कृषकों / मत्स्य पालकों / मत्स्य बीज उत्पादकों / केज लाभुकों / आर0ए0एस0 लाभुकों / बॉयोफ्लॉक टैंक / बॉयोफ्लॉक तालाब लाभुकों / आर0एफ0एफ0 समूहो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश संख्या 10(रा0) / दिनांक 04 / 07 / 2025 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजनान्तर्गत मछली के संवर्धन एवं मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड / झास्को फिश फीड उपलब्ध कराने का कार्यक्रम है।

| क्र0 | योजना विवरणी | फीड का आकार | अनुदानित राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | केज मत्स्य पालकों / मत्स्य कृषकों हेतु | 2mm–4mm तक | 50 प्रतिशत अथवा 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल, झास्कोफिश अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर 50 प्रतिशत अथवा 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 (फीड के रूप में दी जायेगी)। |
| 02 | केज मत्स्य पालकों / मत्स्य पालकों हेतु | 2mm अथवा इससे छोटे | मत्स्य पालकों को खुले बाजार से क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा 25 रू0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से अनुदान राशि देय होगा। एक लाभुक अधिकत्तम 700कि0ग्रा0 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25 / –कि0ग्रा0 की समानुपातिक दर पर अधिकत्तम 17500 / –रू0 अनुदान राशि के रूप में लाभुके के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| | | 2mm से बड़े 4mm तक | केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पापदन के लिए 2 mm–4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकत्तम के दर से अनुदान देय होगा। एक लाभुक अधिकत्तम 1500कि0ग्रा0 तक के 2 mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फीड के क्रय पर 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान मो0 37500 / –की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 03 | आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) | 4mm तक | दूसरे Crop के लिए प्रति लाभुक $90m^3$ के प्रति टैंक (अधिकत्तम 8 टैंक हेतु) अधिकत्तम 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक हेतु फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25 / –रू0 कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 04 | बॉयोफ्लॉक टैंक | 4mm तक | दूसरे Crop से मत्स्य उत्पादन के लिए प्रति लाभुक $10m^3$ के प्रति टैंक (अधिकत्तम 50 टैंक हेतु) अधिकत्तम 50 कि0ग्रा0 प्रति टैंक के दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 05 | बॉयोफ्लॉक तालाब | 4mm तक | दूसरे Crop से मत्स्य उत्पादन के लिए प्रति लाभुक को अधिकत्तम 1500 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1हे0) की दर से फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25 / –रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |

नोट :– 1. केज मत्स्य पालकों / रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों / बायोफ्लॉक टैंक लाभुकों / बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु उनके चयन में यह ध्यान रखा जाय कि लाभुक सक्रिय केज मत्स्य पालक / सक्रिय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम संचालक / सक्रिय बायोफ्लॉक टैंक संचालक / सक्रिय बॉयोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में / रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में बायोफ्लॉक टैंक में / बायोफ्लॉक तालाबों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा है। उसके पास कम से कम पिछले Crop का रिकार्ड हो।मात्स्यिकी गतिविधियों ( मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिक्री की गई मछलियों का Data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू को अवगत कराने के लिए सहमत हो।
2. आवेदक के पास सक्रिय केज / आर0ए0एस0 / बायोफ्लॉक टैंक / बायोफ्लॉक तालाब होना चाहिए जिसमें वर्त्तमान में मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा हो।
3. विगत अथवा प्रथम Crop का ब्यौरा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मत्स्य बीज संचयन, संचयित मत्स्य बीज की संख्या, प्रजाति, उत्तरजीविता, वृद्धि इत्यादि की विवरणी देना अनिवार्य होगा।

**(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

PR 358568 Fish (25-26)_D


# दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा खंड पर कवच 4.0 का सफल परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/मथुरा।** भारतीय रेल ने स्वदेशी तकनीक से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' का सफलतापूर्वक परिचालन दिल्ली-मुंबई के उच्च घनत्व वाले मथुरा-कोटा रेल खंड पर शुरू कर दिया है। यह कदम देश में आधुनिक रेल सुरक्षा प्रणाली के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा, ख्रकवच 4.0 एक प्रौद्योगिकी-गहन सुरक्षा प्रणाली है, जिसे पूरी तरह भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। कई विकसित देशों को ऐसी प्रणाली विकसित करने में 20 से 30 वर्ष लग गए, पर भारतीय रेल ने यह उपलब्धि रिकॉर्ड समय में हासिल की है।

**कवचः आधुनिक सुरक्षा की ढाल**

कवच प्रणाली लोको पायलट को ब्रेकिंग में सहायता करती है और कम दृश्यता या कोहरे में भी सिग्नल की जानकारी केबिन में लगे डैशबोर्ड पर दिखाती है। यह प्रणाली सेफ्टी इंटेग्रिटी लेवल-4 पर डिजाइन की गई है, जो सुरक्षा मानकों का सर्वोच्च स्तर है। **तकनीकी संरचना और कार्य प्रणाली**

कवच प्रणाली में कई अत्याधुनिक उप-प्रणालियां एक साथ कार्य करती हैं– **आरएफआईडी टैगः** हर एक किमी और सिग्नलों पर लगाए गए टैग ट्रेनों की सटीक स्थिति बताते हैं। **टेलीकॉम टावरः** प्रत्येक कुछ किमी पर लगाकर लोको और स्टेशन कवच को जोड़ते हैं। **लोको कवचः** आपात स्थिति में ट्रेन को स्वतः ब्रेक लगाकर रोकता है। **स्टेशन कवचः** ट्रेनों की गति और सिग्नल समन्वयन सुनिश्चित करता है। **ओएफसी नेटवर्कः** उच्च गति डेटा संचार के लिए ट्रैक के साथ बिछाया गया। **सिग्नलिंग एकीकरणः** सभी प्रणालियाँ आपसी तालमेल में कार्य करती हैं।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के पहले सीनेट चुनाव के लिए अंतिम सूची जारी, 12 पदों पर होगा मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय ने अपने पहले सीनेट चुनाव के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची बुधवार को जारी कर दी है। कुल 13 पदों के लिए हुए नामांकन में से अनुसूचित जनजाति कोटे के लिए केवल एक नामांकन आने से यह पद निर्विरोध घोषित हो गया है। अब विश्वविद्यालय के 12 पदों पर 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। चुनाव के लिए 28 और 29 जुलाई को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई थी। नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। 11 अगस्त को शिक्षकेत्तर कर्मचारी वर्ग के एक पद पर छह प्रत्याशियों के बीच मतदान होगा, जबकि 13 अगस्त को 17 अंगीभूत कॉलेजों के नौ पद और 11 संबद्ध कॉलेजों के तीन पदों के लिए 23 प्रत्याशियों के बीच मतदान कराया जाएगा। सीनेट चुनाव के निर्वाची पदाधिकारी सह कुलसचिव प्रो. घनश्याम राय ने बताया कि 14 अगस्त को मतगणना व परिणाम की घोषणा की जाएगी। सूची जारी होते ही विश्वविद्यालय परिसर में चुनावी हलचल तेज हो गई है और प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साठी थानाध्यक्ष समेत तीन थानेदार निलंबित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंपारण रेंज के डीआईजी हर किशोर राय ने लापरवाही के मामले में साठी थानाध्यक्ष समेत तीन थानेदारों को निलंबित कर दिया है। डीआईजी ने यह कार्रवाई बेतिया के एसएसपी डा. शौर्य सुमन के अनुशंसा पर किया है। पुलिस प्रवक्ता अभिराम सिंह ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के कारण एसएसपी के अनुशंसा पर पुलिस निरीक्षक विनय कुमार, राजेश कुमार व अंजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र बेतिया निर्धारित किया गया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

### इनरवा बार्डर बना खाद तस्करी का हब

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा बार्डर खाद की तस्करी का हब बना हुआ है। खाद की तस्करी के साथ खाद की कालाबजारी में इनरवा बाजार सबसे सुप्रसिद्ध है। एक तरफ यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान है तो वहीं इनरवा से खाद की तस्करी जोरों पर है। सूत्र बताते हैं कि इनरवा बाजार स्थित खाद की दुकानों के सामने नेपाली वाहनों की ताता लगी रहती है। ऐसे में इनरवा बॉर्डर से खाद की तस्करी पर अंकुश लगाना पुलिस प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

### घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**बेतिया/नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के उत्तर तेल्हुआ पंचायत के वार्ड नंबर 3 में एक महिला का शव घर में फंदे से लटकटा हुआ मिला है। मृतक महिला की पहचान रोहित शर्मा की तीस वर्षीय पत्नी पुजा देवी बताई गई।परिजनों ने ससुराल वाले पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया भेज दिया है। मृतका की बहन बिंदु देवी ने बताया कि उसकी बहन की गला दबाकर हत्या उसके ससुर शिवनाथ शर्मा,पति रोहित शर्मा सास व ननद ने किया है।दहेज को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते रहते थे।बताया कि 2018 में उसकी बहन पुजा देवी की शादी रोहित शर्मा से हुई थी।इधर मंगलवार की रात्रि दहेज को लेकर गला दबाकर हत्या उक्त आरोपियों द्वारा कर दिया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया भेज दिया है। एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पत्रकार को भ्रातृ शोक

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पत्रकार कौशिक कुमार मिश्रा उर्फ राजा मिश्रा के छोटे भाई अमन मिश्रा का आकस्मिक निधन के खबर मिलने से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि पत्रकार कौशिक मिश्रा के छोटे भाई अमन मिश्रा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज उत्तर प्रदेश के लखनऊ सहित बिहार प्रदेश के विभिन्न बड़े अस्पतालों में हुआ है। वही मंगलवार की देर रात पटना के पारस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। स्थानीय लोगों को जब अमन मिश्रा के निधन के जब खबर मिली तो उनके चहेतो के आंखे नम हो उनके गुण की चर्चा करने लगे। मृतक अमन मिश्रा एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। सभी के सुख दुख में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन की खबर से उनके परिवार के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस दुःख की घड़ी में प्रखंड के दर्जनो जनप्रतिनिधियों ने उनके दरवाजे पर पहुंचकर पत्रकार को ढाढस बंधवाया।

### खेतों की नमी मापने को लगायें फील्ड वाटर ट्यूब

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मठीया पंचायत के मठीया गांव मे समग्र शिक्षण व विकाश संस्थान के द्वारा एक दिवसीय किसान बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे समग्र शिक्षण विकाश संस्थान के विशाल सिंह अंकित इंथोनी व अभिनव पाठक ने किसानों को जलवायु परिवर्तन घान की खेती के दौरान जल प्रबंधन की चुनौतीयों के संदर्भ मे फील्ड वाटर ट्युब के उपयोग और उसके लाभों से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होने बताया का फिल्ड वाटर ट्यूब के माध्यम से खेत मे मौजुद जल की सटीक गहराई का पता लगाया जा सकेगा जिससे खेत से नमी खत्म होते ही पुनः सिंचाई किया जा सकेगा। इस कारण इससे जल की बरबादी को भी रोका जा सकेगा। जिससे खेतो मे उर्वरक और कीटनाशक के सही समय पर प्रयोग भी किया जा सकेगा। मौके पर किसान व सेवानिवृत शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ देवीलाल यादव, अविनाश कुमार, हीरालाल यादव, रामु ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, रामायण साह, नीरज कुमार, अमर राम सहीत दर्जनो किसान उपस्थित रहे।

### बीस सूत्री कार्यक्रम समिति की बैठक संपन्न

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नल जल योजना के तहत सभी विद्यालयों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, नगर निगम छपरा द्वारा डोर-टू-डोर कचरा उठाव और ग्रामीण सड़कों में गिट्टी की गुणवत्ता की जांच जैसे मुद्दों पर निर्णय लिए गए। छपरा-मशरक स्टेट हाइवे पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक की सिफारिश की गई। बैठक में सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, एसपी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### 390 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

**नगरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खैरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए ककढीया बन क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो से 390 लीटर यूपी निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद की। वाहन चालक फरार हो गया। स्कॉर्पियो में कुल 39 कार्टून बरामद हुए। पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

### टीकाकरण पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को माइक्रोप्लानिंग, कोल्ड चेन प्रबंधन व रिपोर्टिंग सिस्टम पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में फील्ड स्तर की चुनौतियों पर चर्चा हुई।

### जनसुराज का परिवार लाभ कार्ड कैंप आयोजित

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसुराज अभियान के तहत मांझी प्रखंड के कौरु धौरु पंचायत में परिवार लाभ कार्ड और सदस्यता अभियान के लिए कैंप लगाया गया। पहले ही दिन 100 लाभ कार्ड और 200 सदस्य बनाए गए। जनसुराज नेता उदय शंकर सिंह ने बताया कि यह अभियान अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास है।

### शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बहरौली पांडेय टोला स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरित शिक्षकों के सम्मान में विदाई सह स्वागत समारोह हुआ। समारोह की अध्यक्षता अजीत सिंह ने की और मंच संचालन प्रधानाध्यापक दीनानाथ साह ने किया। नव नियुक्त प्रधानाध्यापिका आशा कुमारी को विद्यालय का प्रभार सौंपा गया।

### मानव व्यापार निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नारायणी सेवा संस्थान द्वारा मशरक जंक्शन पर मानव व्यापार निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। रेल पुलिस के सहयोग से यात्रियों को मानव तस्करी की पहचान और कार्रवाई की जानकारी दी गई।

### सारण पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना परिसर में डीएसपी अमरनाथ की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 14 आवेदनों की सुनवाई हुई और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### धान रोपने जा रहे किसान की करंट से मौत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलहरी गांव निवासी राम निवास राम की बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। परिजन के अनुसार मृतक ही परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विधायक ने मांगी चिकित्सा राहत कोष से मदद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत भानाचक वार्ड संख्या 13 निवासी 21 वर्षीय रितेश कुमार पांडेय की दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं। इनके इलाज के लिए स्थानीय विधायक उमाकांत सिंह ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता देने की मांग की है। विदित हो कि वर्ष 2023 से रितेश बीमार चल रहे हैं और 2024 से डायलिसिस पर हैं। अब उनका इलाज दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा है। जहां डॉ. आर.के. यादव ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी है।

---

गुठनी थाना क्षेत्र के बहुचर्चित हत्याकांड में बड़ा फैसला

# त्रिपुरारी दुबे को दोहरी उम्रकैद की सजा एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** एडीजे प्रथम विजय कृष्ण सिंह की अदालत ने गुठनी थाना क्षेत्र के बहुचर्चित हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मुख्य आरोपी त्रिपुरारी दुबे को भादवि की धारा 302 और एससी/एसटी एक्ट के तहत दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों धाराओं में एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जुमार्ने की 50% राशि पीड़ित परिवार को दी जाएगी जबकि बाकी की आधी रकम सरकार के राहत कोष में जमा की जाएगी।

**बेटे के सामने पिता की हत्या, मोटरसाइकिल भी लूटी**

यह हत्याकांड 13 मार्च 2023 को गुठनी थाना क्षेत्र के बकुलारी गांव में घटित हुआ था। मृतक कृष्ण मुरारी प्रसाद उस दिन अपने पड़ोसी गांव में रिश्तेदार के यहां निमंत्रण पर भोजन कर शाम 7 बजे अपने पुत्र के साथ घर लौट रहे थे। तभी चिमनी के पास घात लगाए अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मोटरसाइकिल लूटने के साथ ही पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला किया, जिसमें कृष्ण मुरारी




की मौके पर ही मौत हो गई।

**पत्नी के बयान पर दर्ज हुई प्राथमिकी**

घटना के बाद मृतक की पत्नी मंजू देवी के बयान पर त्रिपुरारी दुबे, उनके पुत्र आदर्श दुबे और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गुठनी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के बाद त्रिपुरारी दुबे को दोषी पाते हुए अदालत ने उपरोक्त सजा सुनाई।

**अधिवक्ताओं के बीच जोरदार बहस**

इस केस में अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता भागवत राम ने मजबूत पैरवी की, जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता इष्ट देव तिवारी ने बहस की। कोर्ट ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर त्रिपुरारी दुबे को दोषी माना।

### गैर इरादतन हत्या का मामलाः प्रतिमा देवी व उनके पुत्र को पांच साल की सजा

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीजे पंचम उमाशंकर की अदालत ने बुधवार को एक गैर इरादतन हत्याकांड में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए प्रतिमा देवी और उनके पुत्र अनिल शाह को पांच-पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 17 सितंबर 2019 को पचरुखी थाना के पोखरेड़ा गांव में घटी थी। जानकारी के अनुसार, गांव के दो भाइयों दिलीप शाह और प्रदीप शाह की पत्नियां दीपावली देवी व प्रतिमा देवी के बीच खेत में सब्जी तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। शाम होते-होते यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों भाइयों में कहासुनी और फिर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दिलीप शाह को गंभीर चोटें आईं, जिनके कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी दीपावली देवी ने प्रदीप शाह, उनकी पत्नी प्रतिमा देवी और पुत्र अनिल शाह के विरुद्ध पचरुखी थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई।

## हार्डवेयर व्यवसायी के पुत्र की हत्या मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर में बीते सप्ताह एक हार्डवेयर व्यवसायी सोनल सिंह के पुत्र रोशन सिंह (26) की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने एसआईटी की मदद से अनुसंधान के क्रम में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। बताया गया है कि एसएसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम द्वारा एकमा पुलिस की मदद से छानबीन की गई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देशन में एसआईटी व एकमा पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई बीआरसी एकमा के समीप स्थित बगीचे में की। जिसमें हत्या के मामले के मुख्य आरोपी एकमा चट्टी निवासी उपेंद्र महतो को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि हार्डवेयर व्यवसायी पुत्र की हत्या की जांच में यह बात सामने आई कि हत्या के आरोपी और मृतक दोनों दोस्त थे। उन्होंने बताया कि मामले में तीन लोगों की संलिप्तता सामने आई है। जिसमें दो अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। हालांकि, हत्या में प्रयुक्त हथियार अभी तक पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस के अनुसार आपसी विवाद को लेकर हुई थी। गिरफ्तार उपेंद्र महतो ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। यहां बता दें कि बीते 21 जुलाई की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने हंसराजपुर निवासी व हार्डवेयर व्यवसायी सोनल सिंह के पुत्र रोशन सिंह की 21 जुलाई की देर शाम पेट में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दी थी। जिसे स्थानीय निजी अस्पताल में उपचार के बाद सदर अस्पताल बेहतर उपचार हेतु रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान रोशन सिंह की मौत हो गई थी।

## भूमि विवाद में भिड़े दो पक्ष, महिला-पुरुष सहित चार लोग घायल

**पिछले तीन दिनों से चल रहा था विवाद, कर्कटनुमा घर को लेकर उत्पन्न हुआ तनाव**

**नौतन (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के कुरमौटा गांव में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से महिला-पुरुष समेत कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नौतन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित पक्ष की महिला मुन्नी खातून ने बताया कि वह अपने हिस्से की जमीन पर कर्कटनुमा घर बनाकर रह रही थीं। 28 जुलाई को उनके पट्टीदारों ने घर में तोड़फोड़ कर मारपीट की थी। इसके बाद 29 जुलाई को दोनों पक्षों ने नौतन थाने में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इससे गांव में तनाव बना रहा।

30 जुलाई को मुन्नी खातून द्वारा दोबारा घर निर्माण कार्य शुरू किया गया। इसी दौरान करीब दोपहर 2 बजे विपक्षी पक्ष के करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष वहां पहुंचे और दोबारा तोड़फोड़ करते हुए मारपीट कर दी। इस झड़प में मुन्नी खातून, सहाना खातून और जैद हुसैन घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की महिला पूजा खातून को भी चोट आई। घटना की जानकारी 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

## बीस सूत्री की बैठक में आवास, नल जल, आंगनबाड़ी और आशा बहाली में रिश्वतखोरी का मामला उठा

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित सभागार में बुधवार को बीससूत्री का बैठक काफी गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष दीपकदत्त तिवारी उर्फ दीपू तिवारी ने की। वहीं बैठक में उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा, प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी,बीडीओ संजीव कुमार , सीओ नितेश कुमार सेठ, ईओ दिनेश पुरी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार, मनरेगा पीओ रत्नेश कुमार तिवारी,पवन कुमार सिंह, एमओ राकेश कुमार,सभी विभागों के अधिकारी और बीस सूत्री सदस्य उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष दीपकदत्त। तिवारी ने कहा कि उनके पंचायत में आशा बहाली में अस्पताल के दलालों द्वारा एक से डेढ़ लाख रुपया घूस लिया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों की भूमिका पर




सवालिया प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि उनके पास इसका प्रमाण है। भाजपा के नगर मंत्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि नगर पंचायत से इसबार 1037 आवास सर्वे हुआ है, इसमें सबसे ज्यादा हैरानी वाली बात यह है कि नगर पंचायत द्वारा वैसे लोगों को आवास सर्वे में नाम शामिल है जिनका पूर्व से एक और मंजिला मकान है। इसकी जांचकर दोषियों पर कारवाई की जाए। वहीं श्री मिश्रा ने कहा कि वार्ड वार्ड 14 में डेढ़ दशक पूर्व आंगनबाड़ी भवन सरकार द्वारा बनाया गया था, जिसमें केंद्र नहीं चलता है और उसमें भूसा भरकर रखा रहता है। इसकी जांच कराई जाए। वही प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष (जदयू) राटा दुबे ने सवाल उठाया कि प्रखंड परिसर में एक तालाब हैं जिनका सौन्दर्यकरण जो वर्षो से अधूरा है,आंगनबाड़ी केंद्र कई जगहों पर क्यों बंद रहता है, जहां खुला रहता है, वहां मेनू के अनुसार भोजन नहीं मिलता है और आईसीडीएस के दलालों द्वारा सभी सेंटरों से तीन हजार रुपया किस लिए लिया जाता है। इसके बाद भास्कर मिश्रा,विनोद राम, विक्रम शर्मा आदि सदस्यों ने बैठक में कहा कि लौरिया प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए, खाद की भारी किल्लत को देखते हुए किसानों के लिए खाद उपलब्ध कराया जाए और वैसे दुकानदार जो खाद ब्लैक बेच रहे हैं उनपर अंकुश लगाया जाए। इधर अध्यक्ष श्री तिवारी और बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि इस सबकी जांच होगी। दोषियों पर कारवाई भी होगी। साथ ही बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हैं। उन्हें भी बहुत कुछ पता नहीं चलता है कि उनके विभाग में पीठ पीछे क्या हो रहा है। बैठक में शामिल होने पर सदस्यों द्वारा बताए जाने पर उन्हें बहुत सारी जानकारियां मिल जाती है कि उनके विभाग में क्या गड़बड़ी है। इसपर वे एक्शन लेते हैं।

## आर सेटी के निदेशक के निलंबन का प्रस्ताव भेजने का निर्देश

**जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया, वरीय उप समाहर्ता, बैंकिंग, अग्रणी जिला अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।अग्रणी जिला प्रबंधक, सतीश कुमार द्वारा अवगत कराया गया जिले का साख जमा अनुपात 85.45 प्रतिशत है जो कि बिहार में तीसरे स्थान पर है। साथ ही अन्य एजेंडाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी बैंक के अधिकारियों को



निर्देशित किया कि यदि प्रशासन से किसी प्रकार का सहयोग की अपेक्षा हो तो वह इस बैठक के माध्यम से अवगत कराएं जिससे प्रशासन बैंकों को सहयोग प्रदान कर सके।उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि कार्य प्रगति की पीपीटी अच्छे तरीके से तैयार करें। पीपीटी में स्लाइड एकदम एजेंडावार और स्पष्ट रहे।बैठक में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित तथा विगत बैठक में प्रगति ठीक नहीं रहने के कारण निदेशक, आर. सेटी, बेतिया के विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। वहीं अनाधिकृत अनुपस्थिति को लेकर डीपीएम, जीविका के वेतन पर रोक सहित शोकॉज करने का निर्देश भी दिया गया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित बैंक के अधिकारियों के विरुद्ध उनके राज्य उच्च अधिकारियों द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

### एसपी ने किया नगर थाना का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसपी सुशांत कुमार सरोज ने नगर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस जिला में विधि व्यवस्था बने रहे इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से समीक्षा की। मंगलवार की रात्रि एसपी ने बगहा थाना में पहुंच सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगे कंट्रोल रूम के जरिए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों का जायजा लिया। साथ ही ओडी रजिस्टर ओडी ड्यूटी ,गार्ड रजिस्टर आदि संचिकाओं का अवलोकन किया। जिसमें साफ सफाई ,संचिकाओं का रख रखाव आदि की जानकारी ली। एसपी ने जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों के ड्यूटी ओडी रजिस्टर का भी बारीकी से जांच किया एवं ओडी ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों का कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से उनका स्थलीय जांच की। उन्होंने थाना में विभिन्न कांडों का समीक्षा किया एवं थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारी को कांडों का समय से निष्पादन करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही कांड में फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं कुर्की जाप्ती में तेजी लाने के साथ साथ पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त करते हुए नियमित रूप से पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों का निर्देश दिया।

## पंचायत विकास सूचकांक 2.0 को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, लेखपाल, तकनीकी सहायक, एवं कार्यपालक सहायकों की एक दिवसीय प्रशिक्षण दी गयी। प्रशिक्षण के



दौरान पंचायत विकास सूचकांक 2.0 पोर्टल की प्रक्रिया को लेकर जारी निर्देश के बारे में सभी को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत बीपीआरओ विवेक आर्य ने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियो को प्रशिक्षण देने का निर्देश प्राप्त है। उक्त निर्देश के आलोक में प्रथम चरण में पंचायत विकाश सूचकांक 1.0 का कार्य एवं 2.0 के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि पंचायत विकास सूचकांक 1.0 के कार्य को 2.0 के पोर्टल पर एन्ट्री कार्य को सुचारू रूप से ससमय पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि पंचायत विकास सूचकांक एक ऐसा सूचकांक है जिसे पंचायती राज मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है, जो ग्राम पंचायतों की सतत विकास लक्ष्यों पर प्रगति को मापता है। यह सूचकांक 9 विषयों में ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन को मापता है। और योजना-आधारित विकास को बढ़ावा देता है। प्रशिक्षण में मुखिया अनुपधर दुबे, संतोष कुमार साह, प्रभात बैठा, सनाउल्लाह अंसारी, पंचायत सचिव बाबूराम प्रसाद यादव, विक्रांत राज, शंकर प्रसाद, राकेश कुमार, मो. जलालुद्दीन समेत कार्यपालक सहायक, लेखपाल आदि उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल, युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में एक युवक द्वारा अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने का मामला तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फोटो में युवक हाथ में तमंचा लेकर दबंगई के अंदाज में पोज दे रहा है। यह फोटो जैसे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आया, लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फोटो कब और कहां का है, लेकिन पुलिस वायरल युवक की पहचान करने में जुट गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि वायरल फोटो की जानकारी पुलिस को मिली है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं आई है। फिर भी पुलिस अपनी ओर से कार्रवाई कर रही है।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 का सिवान में भव्य आयोजन

**स्थानीय युवाओं और स्टार्टअप्स को नई उड़ान, 600 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, सिवान के ऑडिटोरियम में बुधवार को 'बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025' का आयोजन पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था—राज्य के युवाओं, इनोवेटर्स और स्थानीय उद्यमियों को सामाजिक और आर्थिक नवाचार की दिशा में प्रेरित करना।

**जिलाधिकारी व उद्योग महाप्रबंधक रहे मुख्य अतिथि**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आदित्य प्रकाश एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात बिहार सरकार की इस पहल पर एक प्रेरणादायक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई।

**कॉलेज प्राचार्य ने नवाचार की महत्ता पर दिया जोर**

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए नवाचार और स्थानीय स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की





आवश्यकता बताई। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने विचारों को क्रियान्वित कर समाज के लिए उपयोगी समाधान प्रस्तुत करें।

**स्टार्टअप नीति की विस्तृत जानकारी दी गई**

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार ने स्टार्टअप बिहार नीति 2022 के तहत मिलने वाली सरकारी सहायता, प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को विचारों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सरकार हर स्तर पर युवाओं को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रभावशाली प्रेजेंटेशन और अनुभव साझा**

स्टार्टअप सेल प्रभारी प्रोफेसर ने 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' की प्रक्रिया, मूल्यांकन मानदंड और सहायता राशि पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। वहीं जीविका के DPM ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक उद्यमिता पर अपने विचार रखे।

**स्थानीय स्टार्टअप्स ने बांधा समां**

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणास्पद क्षण रहा जब जिले के दो सफल स्टार्टअप संस्थापकों ने अपनी संघर्ष-से-समृद्धि की कहानियां साझा कीं। इनके अनुभवों ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया और यह दिखाया कि सिवान जैसे जिलों से भी बड़े सपने साकार हो सकते हैं।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न**

अंत में स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर श्री कुमार आदित्य चंद्रा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति का आभार जताते हुए कार्यक्रम का समापन किया। आयोजन को लेकर छात्रों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### नाबालिक लड़कियो के सामूहिक अपहरण का प्रयास, एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के बहुअरवा खुर्द में नाबालिक लड़कियो को गाव के ही एक युवक द्वारा अगवा करने का प्रयास किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपित हसमुद्दीन मियां को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में खलबली मची हुई है। घटना मंगलवार की है। बताया जाता है कि मंगलवार को सभी बच्चियां बहुअरवा खुर्द में महाबीरी मेला देखने गयी थी। जहां गाव के ही एक युवक के द्वारा पैसे का लालच देकर उन्हें सुनसान जगह पर ले जाने का प्रयास किया गया। बच्चियो ने जब विरोध किया तो उसने बच्चियो का हाथ पकड़ कर ले जाने की कोशिश करने लगा। जिसपर बच्चियो ने आरोपित के हाथ पर दांत काट लिया और शोर मचाते हुए गाव पहुच गई। और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी के बाद घटना स्थल पर परिजन पहुचे। हालांकि परिजनो को आते देख आरोपित भाग निकला। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

# रैयतों को भूमि खाली करने का अंतिम निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन एनएच-119डी के लिए भूमि अधिग्रहण के बावजूद कुछ रैयतों द्वारा अब भी खेती किए जाने को लेकर जहानाबाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। प्रशासन ने मौजा धामापुर और करहरा के सभी प्रभावित रैयतों को एक सप्ताह के भीतर भूमि खाली करने का अंतिम अवसर प्रदान किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3क के अंतर्गत जारी अधिसूचना के बाद उक्त भूमि विधिक रूप से भारत सरकार की संपत्ति बन चुकी है। बावजूद इसके, कुछ रैयत अधिग्रहित भूमि पर अब भी खेती कर रहे हैं, जिसे अवैधानिक कब्जा माना गया है। प्रशासन ने बताया कि कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कुछ किसानों ने भूमि खाली नहीं की। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिनियम की धारा 3ए के अनुसार मुआवजा के लिए दस्तावेज 60 दिन के भीतर प्रस्तुत करने थे। कई रैयतों द्वारा आवश्यक कागजात नहीं देने के कारण उनकी मुआवजा राशि स्थानीय व्यवहार न्यायालय, जहानाबाद में जमा करा दी गई है। प्रशासन ने चेताया कि यदि निर्धारित अवधि में भूमि खाली नहीं की गई, तो फसल हटाने और भूमि मुक्त कराने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। जिन रैयतों ने अब तक मुआवजा नहीं लिया है, उन्हें भू-अर्जन कार्यालय या व्यवहार न्यायालय से अविलंब संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है, अतः सभी प्रभावित रैयतों और नागरिकों से जनहित में सहयोग की अपेक्षा करते हुए कार्य में बाधा नहीं उत्पन्न करने की अपील की गई है।

## आईफोन पुत्र सैमसंग ने मांगा आय प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पटना के मसौढ़ी में डॉग बाबू के नाम से आवासीय प्रमाण पत्र जारी होने की घटना के बाद अब जहानाबाद में भी सरकारी सिस्टम का मजाक उड़ाने वाला मामला सामने आया है। जिले के मोदनगंज अंचल कार्यालय में सैमसंग नामक व्यक्ति ने आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, जिसमें उसके पिता का नाम आईफोन और माता का नाम स्मार्टफोन दर्ज है। इतना ही नहीं, पता कॉलम में आवेदक ने अपना घर गड़हा बताया है। आवेदन की समीक्षा करते समय जब यह मामला कार्यालय कर्मियों की नजर में आया तो उन्होंने तत्काल अंचलाधिकारी मोहम्मद आसिफ हुसैन को इसकी जानकारी दी। सीओ ने इसे सरकारी व्यवस्था के साथ शरारतपूर्ण खिलवाड़ बताते हुए गंभीरता से लिया और साइबर थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। सीओ आसिफ हुसैन ने कहा कि यह न केवल प्रक्रिया का मजाक उड़ाना है, बल्कि सरकारी सेवा को बाधित करने की कोशिश भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और दोषी की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लोक अदालत में निपटेंगे खनन से जुड़े वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में खनन से संबंधित मामलों के निपटारे की व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने खनन विभाग के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान, जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार और खनन निरीक्षक राजू कुमार उपस्थित थे। बैठक के दौरान लोक अदालत से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई, खासकर उन मामलों की जिनमें सुलहनीय शुल्क पक्षकारों द्वारा जमा कर दिया गया है।



सचिव तान्या पटेल ने निर्देश दिया कि लोक अदालत में खनन विभाग के पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि मामलों के निपटारे में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी सुलह शुल्क से संबंधित विवरणी और वादों की सूची अपने साथ लेकर आएं, जिससे अगर कोई पक्षकार लोक अदालत के दिन ही शुल्क जमा करना चाहे, तो उसका मामला तत्काल सुलझाया जा सके।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने स्पष्ट किया कि जिन न्यायालयों में खनन से संबंधित वाद लंबित हैं, वे समय रहते उनकी सूची तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उपलब्ध कराएं, ताकि संबंधित पक्षकारों को वाद निपटारे में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। बैठक में यह भी तय किया गया कि खनन विभाग और न्यायालयों के बीच समन्वय मजबूत किया जाएगा, जिससे लोक अदालत के दिन अधिकतम वादों का निष्पादन संभव हो सके। जिला प्रशासन की मंशा है कि समझौते योग्य मामलों का त्वरित समाधान हो, जिससे पक्षकारों को राहत मिल सके और न्यायिक प्रक्रिया पर से बोझ कम किया जा सके।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में हो रही परेशानी, भाजपा प्रवक्ता ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया में हो रही देरी और जटिलता से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने उपमुख्यमंत्रीसम्राट चौधरी को पत्र लिखकर समस्या को अवगत कराया है और प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने की मांग की है। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व में जिस तरह से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर निर्गत हो जाते थे, वह प्रक्रिया जनता के अनुकूल थी। परंतु वर्तमान में इसे इतना जटिल बना दिया गया है कि लोगों को पंचायत



से लेकर अनुमंडल और जिला कार्यालय तक दौड़ लगानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस बदलाव से छात्र-छात्राओं, नौकरी-पेशा लोगों और आम नागरिकों को समय पर प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है, जिससे अनेक आवश्यक कार्य अटक गए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जानबूझकर प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को कठिन बनाया गया है, जिससे जनता में असंतोष बढ़े और एनडीए सरकार की छवि प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है और प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। तिवारी ने जानकारी दी कि वर्तमान प्रक्रिया के तहत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पहले एफिडेविट बनवाकर अनुमंडल कार्यालय, फिर पंचायत, फिर ब्लॉक, और अंत में जिला कार्यालय तक दस्तावेज भेजे जाते हैं। अंततः यह प्रक्रिया दो महीने या उससे अधिक समय ले रही है। यह स्थिति अत्यंत अव्यवहारिक है और आम जनता को मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान कर रही है।

उन्होंने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया कि दोषी अधिकारियों की जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए, और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को फिर से सरल बनाया जाए। साथ ही जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को ही इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी जाए ताकि प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर निर्गत किए जा सकें। अंत में श्री तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या पर शीघ्र संज्ञान नहीं लेते हैं, तो सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

## गैर-जमानती वारंटी पिंटू यादव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर धमनी गांव निवासी पिंटू कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट निर्गत किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए कारा भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रखंड कार्यालय का जर्जर भवन दे रहा हादसे को न्योता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचल अभिलेखागार भवन निर्माण के साथ आठ साल में ही जर्जर व बदहाल हो गया है। छत की ढलाई टूट कर गिरने से अभिलेखागार भवन में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर, राजस्व कर्मचारी कई बार घायल हो गए हैं। अभिलेखागार भवन में दाखिल खारिज दस्तावेज, खतियान, जमाबंदी, रजिस्टर टू, कम्प्यूटर सिस्टम सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित नहीं है। छत से बारिश की पानी टपकता है। भवन में रखे दस्तावेज पानी से खराब हो जाते है। वहीं डाटा इंट्री ऑपरेटर एवं राजस्व हल्का कर्मचारियों के सिर



पर छत का कंक्रीट टूट फुट कर गिरते रहता है। वे लोग घायल हो जाते है। डाटा इंट्री ऑपरेटर रौशन कुमार एवं मो. आकिब आलम ने बताया कि छत टूटकर गिरने से कम्प्यूटर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। अभिलेखागार भवन का निर्माण 2016- 2017 में करीब 40-45 लाख रूपये की लागत से बनीं यह दो मंजिला भवन 2020-2021 में संवेदक द्वारा अंचल को सौंपा गया था। सात आठ साल भी नहीं टिक सका और जीर्णशीर्ण तथा बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। बताया जाता है कि भवन में लगे खिड़की और दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दीवारों में दरार पड़ गई है। किसी भी पल ध्वस्त हो सकता है और बड़ी हादसा हो सकता है। समय रहते इसकी जीर्णोद्धार करवाने की जरूरत है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि भवन के छत का कंक्रीट टूटकर गिर रहे हैं जिसका मरम्मत कराया गया है। बारिश की पानी के रिसाव होने के कारण छत का मलवा गिरता है। काम करने वाले कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि वे सतर्कता बरतेंगे।

# हसपुरा में नेत्र चिकित्सालय का शुभारंभ, अब स्थानीय स्तर पर ही होगी आंखों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा में नेत्र जांच केंद्र का उद्घाटन बुधवार को किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण ने फीता काटकर नेत्र चिकित्सालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अब आंखों की बीमारी या जांच के लिए स्थानीय लोगों को पटना या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा बिहार सरकार द्वारा पीपीपी मोड के तहत ए.एस.जी. आई हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू की गई है। इस पहल के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में विजन सेंटरों की स्थापना की जा रही है। हसपुरा अस्पताल में अब आधुनिक उपकरणों जैसे ऑटो रिफ्रैक्टोमीटर,



स्लिट लैंप, ऑफथेल्मोस्कोप, रेटिनोस्कोप और फंडस कैमरा आदि की मदद से नेत्र जांच संभव होगी। स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ. रवि प्रकाश ने इसे हसपुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक वरदान बताया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, जिन्हें अब तक आंखों की समस्याओं के इलाज के लिए दूरदराज जाना पड़ता था। इस अवसर पर ए.एस.जी. आई हॉस्पिटल के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. एस. कांत, नेत्र चिकित्सक डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह, एवं विजन टेक्नीशियन धीरज कुमार की उपस्थिति रही। डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही जांच और परामर्श मिलेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। हमारी प्राथमिकता अंधत्व को रोकना और हर व्यक्ति की दृष्टि को सुरक्षित रखना है। अस्पताल में अब चश्मे की जांच, रेटिना (आंख के पर्दे) की जांच, व अन्य नेत्र रोगों की पहचान कर उचित सलाह और इलाज दिया जाएगा। इस शुभ अवसर पर डॉ. टीकम चंद, डॉ. गुड्डू, डॉ. मुकेश, फिरोज अहमद, संतोष कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी, आशा और ममता कार्यकर्ता भी उपस्थित रही। यह पहल हसपुरा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को और सशक्त बनाएगी तथा आम जन को सुलभ और सस्ती नेत्र सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

# दिव्यांग छात्रों को मिली व्हीलचेयर, पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा में शिक्षा विभाग की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के समावेशी शिक्षा संभाग की पहल से पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के दो अस्थि दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस सहायतार्थ कदम से कक्षा आठ के छात्र संतोष कुमार एवं प्रिंस भारती के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है, जो अब पहले से कहीं अधिक सहजता से विद्यालय आ-जा सकेंगे। व्हीलचेयर वितरण के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बिहार सरकार के इस कदम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब इन दोनों बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। पहले ये छात्र कठिन परिस्थितियों में विद्यालय पहुंचते थे, लेकिन अब यह सुविधा उनके लिए एक वरदान साबित होगी। इस अवसर पर समावेशी शिक्षा की शिक्षिका कल्पना शर्मा, शिक्षक सत्येंद्र सिंह, सतीश कुमार सिंह, अहमद रज़ा, विमल चौहान, रीता कुमारी, पूनम उपाध्याय, युसूफ आलम, कमाल फातमा, कुमारी नंदिनी और संगीता कुमारी सहित अन्य




शिक्षकों एवं स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एक प्रेरक पहल बताया। इस मानवीय कदम से यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी सोच को मजबूत करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, ताकि कोई भी बच्चा, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

# सनातन रक्षा और सशक्त भारत का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल के तत्वावधान में ग्राम ईंटवां पंचायत भवन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष राधिका सोनी ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, गढ़वा जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, एवं गोह मंडल मंत्री सावित्री देवी की गरिमामयी उपस्थिति रही। लवली गुप्ता ने अपने संबोधन में महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में भाजपा को समर्थन देना सिर्फ एक राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि देश और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा वर्ग भेद के नाम पर वोट देना भविष्य के लिए खतरा बन सकता है। अगर हमें अपने बच्चों का सुरक्षित कल चाहिए, तो महिलाओं को आगे आकर भाजपा के पक्ष में समाज को संगठित करना होगा। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा में अपनी भूमिका को समझें और मजबूती से आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में लिया गया निर्णय ही भविष्य की दिशा तय करेगा, नहीं तो केवल पछतावा ही हाथ लगेगा। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान राधिका सोनी के पति कृष्णा सोनी एवं दुग्धेश्वर कुशवाहा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं, जिनमें सुनीता देवी, सोनम देवी, लालमती देवी, सबिता देवी, लक्ष्मिनिया देवी, शांति देवी प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने लवली गुप्ता एवं अन्य अतिथियों को नारेबाजी और तालियों की गूंज के साथ विदाई दी।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए राहत बनी पथ प्रदर्शक संस्था
## बुजुर्गों का बनवाया गया आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, परंतु कई बार इन्हें उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इसी भाव को समझते हुए औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक ने एक मानवीय पहल करते हुए बुजुर्गों के लिए निःशुल्क आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने का बीड़ा उठाया है। बुधवार को संस्था ने बारुण प्रखंड के आश्रम, सोनतट, बारुण में एक शिविर का आयोजन कर 20 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर का उद्घाटन आयुष्मान भारत योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार, बारुण नगर परिषद की चेयरमैन इंदु देवी, पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, तथा संस्था की सदस्यों उषा देवी, पूनम सिंह और राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चेयरमैन इंदु देवी ने कहा पथ प्रदर्शक




की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। इससे निश्चित रूप से बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। वहीं, संस्थापक बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अधिकाधिक बुजुर्गों को इस योजना से जोड़कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा देना है। डीपीसी रंजीत कुमार ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का हिस्सा है। यह कार्ड धारकों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज प्रदान करता है और 2000 से अधिक बीमारियों को कवर करता है, जिनमें पहले से मौजूद बीमारियां भी शामिल होती हैं। शिविर में पथ प्रदर्शक टीम के विनोद बिहारी, धनंजय कुमार, सन्नी रजक, बिगन चौधरी, गुलबाग टेलर, शकीला खातून, संतोषी देवी, कृष्णा देवी और उपेंद्र चौधरी सहित कई ग्रामीण और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक से मारपीट का मामला गरमाया, एमडीएम में गड़बड़ी को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोला गोड़ीहा के प्रधानाध्यापक मो. इसरार आलम के साथ बुधवार की सुबह अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वे सुबह लगभग नौ बजे स्कूल पहुंचकर मुख्य गेट पर गाड़ी खड़ी कर रहे थे, तभी पांच-छह अज्ञात युवक आए और उनके धार्मिक पहनावे को लेकर आपत्ति जताते हुए मारपीट करने लगे। इस हमले में प्रधानाध्यापक के माथे और चेहरे पर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि हमलावरों को वह पहचानते नहीं हैं।

इधर, ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में मिड डे मील (एमडीएम) योजना में भारी अनियमितता है। साथ ही प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को तिलक या कलावा पहनकर स्कूल आने से मना किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि स्कूल में मेनू के अनुरूप मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता, और शिक्षा का माहौल अनुशासन की जगह पक्षपात और द्वेष से भरा हुआ है। प्रधानाध्यापक मो. इसरार आलम ने इन आरोपों को झूठा और द्वेषपूर्ण बताते हुए कहा कि उन्होंने अभी चार जुलाई को ही विद्यालय का कार्यभार संभाला है, और एमडीएम का प्रभार पूर्व प्रधानाध्यापक परवेज आलम के पास है। उन्होंने कहा कि उन्होंने बच्चों को केवल स्कूल ड्रेस पहनने और कड़ा न पहनने की सलाह दी थी, ताकि विद्यालय में अनुशासन बना रहे। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन विद्यालय पहुंचे और ग्रामीणों, प्रधानाध्यापक व छात्रों से बातचीत कर दोनों पक्षों से आवेदन देने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सत्यापन के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर रफीगंज में बच्चों की सुरक्षा को लेकर समन्वित कार्रवाई पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) कार्यालय, रफीगंज में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, जन प्रतिनिधि, शिक्षकगण और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की तस्करी (ट्रैफिकिंग) जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सामूहिक और समन्वित कार्रवाई को बढ़ावा देना रहा। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों जैसे बाल श्रम, बाल विवाह, और बाल यौन शोषण से लड़ने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने कहा कि अगर कहीं कोई बच्चा संदिग्ध स्थिति में या किसी अजनबी के साथ दिखाई दे, तो तुरंत 1098 या आरपीएफ को सूचना दें। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाकर यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों, दुकानदारों, विक्रेताओं और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों को पहचानने और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में यह भी चर्चा की गई कि ट्रैफिकिंग गिरोह रेल मार्ग का उपयोग कर बच्चों को दूसरे राज्यों में ले जाते हैं, इसलिए रेलवे स्टेशनों पर चौकसी और जागरूकता जरूरी है। अधिकारियों ने जोर दिया कि जब तक बाल तस्करी में शामिल दोषियों को त्वरित और सख्त सजा नहीं मिलेगी, तब तक कानून का भय नहीं बनेगा। इसी भय से हम तस्करी को रोकने में सफल हो सकते हैं।

जिला समन्वयक रितेश कुमार, एसआई इंदल कुमार मंडल, एएसआई अविनाश कुमार, संदीप कुमार गोवर, अनिल कुमार, डब्लूसीपीयू के सदस्य सुरेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, तथा दीप ज्योति कल्याण संस्थान से बिंदु कुमार, सरिता कुमारी, उपेन्द्र दास, जिज्ञासा कुमारी, जपिल कुमार आदि की उपस्थिति और सहभागिता ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। सभी वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि सशक्त कानूनी कार्रवाई, जनजागरूकता, और प्रशासनिक समन्वय के ज़रिए ही बच्चों की तस्करी जैसी कुरीति पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। यह कार्यक्रम समाज के हर तबके को बाल सुरक्षा की दिशा में जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा।

# एस.एस. कॉलेज जहानाबाद में अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों ने प्रस्तुत किया लघु शोध
## प्रवासी संकट और बेरोजगारी पर शोध ने बटोरी सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज के अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग में बुधवार को अंतिम सत्र के दो मेधावी छात्रों द्वारा लघु शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। छात्र प्रणव कुमार पीयूष ने कोविड-19 के दौरान बिहार में प्रवासी संकट पर आधारित शोध में सरकारी नीतियों, सामाजिक संगठनों की भूमिका तथा भविष्य की चुनौतियों को रेखांकित किया। वहीं राजकिशोर कुमार ने बिहार में बेरोजगारी की स्थिति और समाधान विषय पर शोध प्रस्तुत करते हुए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को समाधान का आधार



बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार ने की। संयोजन डॉ. अंशु कुमार मल्लिक ने किया। इस अवसर पर डॉ. विजेता लाल, डॉ. फातिमा, डॉ. प्रवीण दीपक, डॉ. हुलेश मांझी और डॉ. वकील राय ने छात्रों के शोध को सराहा और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## शराब और बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना पुलिस ने बलार पैक्स गोदाम के समीप से 25 लीटर महुआ निर्मित देशी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल सहित दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फ़ेसर थाना क्षेत्र के ममका बिगहा गांव निवासी बनारसी चौधरी का पुत्र बब्लू चौधरी और प्रेमन चौधरी का पुत्र धीरज कुमार चौधरी के रूप में की गई है।

## विद्यालय से स्मार्ट टीवी, मोटर पंप और बैटरी की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर मेन रोड स्थित मगध इंटरनेशनल एकेडमी में मंगलवार की रात चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। बुधवार सुबह जब विद्यालय खुला तो कार्यालय और कंप्यूटर रूम के ताले टूटे हुए मिले और स्मार्ट टीवी गायब था। विद्यालय के कर्मचारियों ने जब परिसर की तलाशी ली तो मोटर पंप और ट्रैक्टर की बैटरी भी चोरी पाए गए। इस संबंध में विद्यालय के प्रबंधक कुंदन कुमार आर्य ने हसपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी दी है और सामानों की बरामदगी की गुहार लगाई है। प्रबंधक ने बताया कि चोरों ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए देर रात सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया। इस घटना से विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोगों में गंभीर आक्रोश है।

# विशिष्ट शिक्षकों की सेवा पुस्तिका संधारण की मांग को लेकर डीइओ से मिला शिक्षक संघ गोपगुट का प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाध्यक्ष डॉ. मधेश्वर सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) सुरेंद्र कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विशिष्ट शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के संधारण तथा गोह प्रखंड के चिन्हित मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक प्रभार से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग रखी। डीइओ सुरेंद्र कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उक्त मामलों को शीघ्रता से और सर्वोच्च प्राथमिकता पर निपटाया जाएगा। संघ ने इस पहल के लिए डीईओ के प्रति आभार भी व्यक्त किया। ज्ञात हो कि दाउदनगर प्रखंड के 143 विशिष्ट शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं पिछले एक माह से कार्यालय में जमा हैं, जिन्हें अद्यतन करना लंबित है। यह प्रक्रिया राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार केस के आलोक में शिक्षकों की प्रोन्नति से जुड़ी मांग को पूर्ण करने के लिए आवश्यक मानी जा रही है।

शिक्षक संघ ने इस दिशा में डीईओ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, साथ ही शेष बिंदुओं की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया ताकि प्रक्रिया पूर्णरूपेण निष्पादित हो सके। प्रतिनिधिमंडल में प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार रत्ना, संजीव कुमार, विनोद कुमार गुप्ता समेत अन्य शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

## नाग पंचमी पर स्वरांजलि सेवा संस्थान ने किया भक्ति संगीत कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा औरंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित शिव मंदिर परिसर में एक भव्य भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ समाजसेवी एवं मुख्य अतिथि अनिल यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि अनिल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि नाग पंचमी न केवल शिव भक्ति का विशेष पर्व है, बल्कि यह लोक परंपरा और सर्प संरक्षण का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था, सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण की भावना सुदृढ़ होती है। भजन गायक डी. आनंद की प्रस्तुति ने माहौल को भावविभोर कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत शिव का ध्यान धरो मेरे भाई और हर हर भोले नमः शिवाय जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर तक तालियां बजाते रहे। कार्यक्रम में संस्था के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शिव भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार नाग पंचमी के दिन सर्प पूजा, मंत्र जाप और दूध अर्पण से कालसर्प दोष जैसी ज्योतिषीय बाधाएं शांत होती हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पांच अपराधियो को कादिरगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादरीगंज थाना क्षेत्र के पकौडा डीह गांव से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे हैं 5 अपराधियों को न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर कादरीगंज पुलिस ने उसके गांव से ही गिरफ्तार की है। गिरफ्तार अपराधियों में गणेश बिंद उम्र 34 वर्ष,तनिकन बिंद( 45 वर्ष) पसेरी बिंद (48 वर्ष) आल्हा बिंद (58 वर्ष) और पप्पू बिंद (32 वर्ष ) है थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर पकौड़ा डीह गांव से इन पांचो को एक ही साथ उनके घरों से गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपी गंभीर मामलों में संलिप्त रहे है। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### विद्यालय में नई हेड टीचर का बच्चों ने किया स्वागत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रा. विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, फुलवारी शरीफ, पटना में नई प्रधानाध्यापिका के पदभार संभालने से बच्चों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मंगलवार को



शिक्षिका नीतू शाही और बच्चों ने मिलकर विद्यालय की नई हेड टीचर तबस्सुम प्रवीण का पारंपरिक स्वागत किया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रा दीपा, सोनाली, संध्या, शीतल सहित कई बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। बच्चों ने कहा कि "मैम बहुत अच्छी हैं। जब से हमारे स्कूल में आई हैं, हमें बहुत अच्छा लग रहा है।" प्रधानाध्यापिका तबस्सुम प्रवीण, जो इढर हेड टीचर परीक्षा में सफल होकर गोपालगंज से स्थानांतरित होकर यहां आई हैं, उन्होंने विद्यालय को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, ह्लयह विद्यालय और यहां के बच्चे बहुत सुंदर हैं। यहां जो भी कमियाँ हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में नामांकन दिलाने हेतु विशेष तैयारी कराई जाएगी। विद्यालय में इस सकारात्मक परिवर्तन को लेकर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी उत्साह का माहौल देखा गया। सभी को नई प्रधानाध्यापिका से बड़ी उम्मीदें हैं।

### पटना में प्रॉपर्टी डीलर से मांगी गई एक करोड़ की रंगदारी, धमकी से दहशत में कारोबारी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के नजदीक परसा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत संपतचक-परसा रोड स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस में रंगदारी मांगने की सनसनीखेज घटना सामने आई है. जमीन खरीद-बिक्री का काम करने वाले संजीत कुमार को एक अज्ञात नंबर से फोन कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है.फिलहाल उन्होंने इस मामले की लिखित शिकायत परसा बाजार थाना में देकर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रॉपर्टी डीलर संजीत कुमार, जो रहीमपुर गांव निवासी हैं, ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल नंबर 9334709523 पर एक कॉल आया. कॉल करने वाला खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए धमकी दी कि अगर पैसा नहीं दिया गया तो जान से मार दिया जाएगा. कॉल एक अन्य मोबाइल नंबर 9211982527 से किया गया था. संजीत कुमार ने बताया कि वह किसी से कोई विवाद नहीं रखते और रंगदारी मांगने की घटना से पूरी तरह घबरा गए हैं. उन्होंने आशंका जताई कि कभी भी कोई अनहोनी उनके साथ हो सकती है. थानाध्यक्ष, परसा बाजार मेनका रानी ने बताया कि रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन संजीत कुमार के द्वारा दिया गया है हर पहलू पर तहकीकात की जा रही है.

# दानापुर लेखा नगर रोड पर जलजमाव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दो दिन के बारिश से लेखानगर रोड पर घुटने भर जल जमाव हो गया है. जिससे आम लोगों का जनजीवन नारकीय हो गया है और स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश और नाले के गंदे पानी सडकों पर बह रहे है और दुर्गंध से संक्रामक रोग फैलने की संभावना बना हुआ है. हर साल बारिश में सडकों पर जल जमाव हो जाता है. इसके बाद भी नगर परिषद प्रशासन द्वारा जल निकासी के लिए नाला का निर्माण नही कराया गया है. इसके जिससे लोगों में रोष व्याप्त है. आम लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है. बच्चों की पढ़ाई, बीमारी को इलाज कराने ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है.

## स्कूली बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल



**जल जमाव से परेशानी**

गली-मोहल्लों में गंदे पानी और कीचड़ के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों के लिए बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कक्षा 7 के छात्र अर्णव ने कहा कि कीचड़ और गंदगी से होकर स्कूल जाना पडता है. जूते-पैंट भींग जाते हैं और कई बार बुखार-सर्दी भी हो जाती है. संध्या मिश्रा ने कहा कि बच्चों को रोज स्कूल छोड़ने जाना पड़ता है. लेकिन गली में जल जमाव और फिसलन के कारण डर से हर दिन चिंता बनी रहती है. गार्ड प्रमोद कुमार ने कहा कि नाले का गंदा पानी अपार्टमेंट के अंदर तक घुस गया है.लोग घरों में कैद हो गए हैं. जरूरी सामान खरीदना भी मुश्किल हो गया है. सोनू सिंह ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार शिकायत किया गया है. लेकिन सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है. हालात ऐसे हैं कि कुछ लोग गांव लौटने को मजबूर हो गए हैं. शिवेश जयसवाल ने कहा कि गली-मोहल्लों की हालत बद से बदतर हो गई है. नालियां ओवरफ्लो कर रही हैं. जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है. निरंजन सिंह ने कहा कि नगर परिषद के कर्मचारियों और अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ. लापरवाही अब आम लोगों की जान के लिए खतरा बन चुकी है. सुभाष यादव का कहना है कि बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सब परेशान हैं.मरीजों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो गया है. लोग अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए घर से नहीं निकल पा रहे हैं. सत्येंद्र पासवान ने कहा कि बारिश शुरू होते ही जलनिकासी व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है. अधिकारी निरीक्षण कर चले जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता. बिपुल कुमार ने कहा कि हर साल यही समस्या होती है.यदि समय रहते नालों की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था की गई होती तो ये हालात नहीं बनते. नप के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि मोटर पंप और सुपर सकर मशीन व सक्शन मशीन से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### दानापुर दो दिन के बाद भी सड़कों पर से नहीं निकला पानी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दो दिन के बारिश से नगर व छावनी परिषद प्रशासन के नाला उडाही का पोल खोल कर रख दिया है. लाखों रुपए नाला उडाही के नाम पर खर्च करने के बाद भी सडकों पर जल जमाव से झील बन गया है. परिषद के कई क्षेत्र में सडकों पर जल जमाव हुए दो दिन हो गए. परिषद प्रशासन के लोग पानी निकालने की कोशिश में लगे हैं. लेकिन पानी नहीं निकला. परिषद क्षेत्र के झखडी महादेव रोड, गोसाई टोला रोड , पंचशील नगर, पूर्वी गोला रोड, उर्जा नगर , लेखानगर , अर्पणा बैंक कॉलोनी, बालाजी नगर समेत बेली रोड के कॉलोलियों के सडकों व गलियों में जल जमाव से लोगों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है. घर में पानी घुस गया है. वार्ड 21 के रीना कुमारी के घर में बारिश के पानी घुस गया है. परिषद के वार्ड 19, 20, 21 व 22 समेत आदि वार्डो के सडकों व गलियों में जल जमाव व कीचड हो गया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि करोडों की लागत से बुडको द्वारा जल निकासी के लिए बडे नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो अधूरे पडे हुए है. जिससे जल निकासी नही हो पा रहा है. वही परिषद प्रशासन द्वारा भी बडे नाला का निर्माण कार्य कराये गये है, उसके बाद भी जल निकासी समुचित तरीके से नही हो पा रहा है. जिससे बारिश से सडकों व गलियों में जल जमाव से झील सा दृश्य बन गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि करीब 40 मोटर पंप और सुपर सकर मशीन व सक्शन मशीन से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है.

### गौरीचक में युवाओं के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पटना के गौरीचक स्थित पावर ग्रिड परिसर में "एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम" के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, रोजगार के अवसर, और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास एवं उद्योग योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और भविष्य में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें. कार्यक्रम में पटना एवं आसपास के क्षेत्रों से आए दर्जनों युवाओं ने भाग लिया.विशेषज्ञों द्वारा उन्हें बताया गया कि किस प्रकार कौशल प्रशिक्षण लेकर वे सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं. पावर ग्रिड के अधिकारियों और श्रम विभाग के प्रतिनिधियों ने विस्तार से बताया कि बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टार्टअप योजना, कौशल विकास मिशन आदि का लाभ कैसे उठाया जा सकता है.

## पिकअप व ऑटो में टक्कर, ऑटो सवार की मौत व पांच जख्मी

### आगजनी कर सड़क जामकर किया प्रदर्शन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीघा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात बेलगाम पिकअप भान ने ऑटो में धक्का मारा दिया. जिससे ऑटो सवार एक यात्री की मौत व पांच गंभीर रूप से जख्मी हो गये . घटना के विरोध में मृतक के परिजनों व आक्रोशित लोगों ने बुधवार को सुबह दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को रामजीचक के पास शव को रखकर आगजनी कर सडक जाम कर प्रदर्शन किया. जाम के कारण करीब डेढ घंटे तक आवागमन बाधित रहा. मृतक के पहचान दीघा थाने के रामजीचक यादव गली निवासी सुजीत कुमार के रूप में किया गया है. जख्मी सभी को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार की रात 9 बजे सुजीत ऑटो पर सवार होकर पटना ड्यूटी जा रहा था. ऑटो पर अन्य यात्री सवार थे. जैसे ही ऑटो नहर पर पहुंची उल्टी दिशा से आ रही तेज रफ्तार से बेलगाम पिकअप भान ने ऑटो में टक्कर मार दिया.जिसमे सुजीत की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये . घटना के बाद पुलिस प्रशासन के उदासीन रवैय को लेकर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों आक्रोशित होकर शव को सड़क पर रखकर आगजनी करते हुए दानापुर गांधी मैदान मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया . प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है की ट्रैफिक पुलिस घटना के बाद कोई उचित कारवाई नही की है. पुलिस ने सुजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भी नही भेजा है.

### डिपंल हत्याकांड का फरार आरोपित शत्रुघ्न गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने साली डिंपल कुमारी के हत्याकांड में फरार आरोपी शत्रुघ्न सिंह उर्फ धर्मेंद्र को पुलिस ने बुधवार को उसके घर से गिरफ्तार किया है,पुलिस को उसके घर पर आने की भनक लगी थी तभी छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि बिते 25 जुन को उसके घर पर नसिरनाचक में इश्तेहार साट कर जल्द सरेंडर करने की चेतावनी दी गई थी।बहरहाल बताया जाता है की धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ीचक के पास राधेश्याम नगर मुहल्ले में एक घर में डिंपल कुमारी पिता लाल बाबू यादव पैगंबरपुर काको जहानाबाद का शव बरामद की गई थी, बताया जाता है की 30 अप्रैल को बिहटा में इसकी शादी होने वाली थी। इसके हाथों में मेहंदी रचने से पहले ही इसे मौत की नींद सुला दी गई है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की मृतक की मां ज्ञानती देवी के बयान पर अपने दामाद शत्रुघ्न उर्फ डीएम पिता महेंद्र प्रसाद नसीरनाचक पर हत्या का केस दर्ज कराया गया था।

## आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स के 27 साल बेमिसाल

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स आज अपने स्थापना के 27 वर्ष पूरा करने पर गौरवान्वित महसुस करती है। इस अवसर पर मनोज कुमार एवं कंचन कुमार ने कहा कि



हम अपने क्लाइंट्स एवं मीडिया पार्टनर्स के आभारी हैं जिन्होंने हम पर अपना पूर्ण विश्वाश कर हमे अपनी सेवाएं प्रदान करने में हमारी सहायता की। साथ ही उनके परामर्श और प्रतिक्रियाओं ने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे हम आज इस मुकाम तक पहुंच पायें हैं। 1998 में एक छोटे से विचार के रूप में शुरू हुआ यह सफर आज एक प्रतिष्ठित पहचान बन चुका है। विज्ञापन, ब्रांडिंग और मीडिया समाधान के क्षेत्र में हमारा हर कदम गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक रहा है। यह सब संभव हुआ है- आप जैसे सम्मानित क्लाईट्स एवं मीडिया पार्टनर्स के विश्वास तथा हमारे सहयोगियों के अथक परिश्रम और हर उस व्यक्ति के सहयोग से जिसने हमारे साथ यह सफर तय किया है। इन 27 वर्षों में हमने सिर्फ व्यापार ही नहीं किया- बल्कि हमने रिश्ते बनाये, ब्रांड गढ़े और सपनों को साकार करने में भागीदारी निभाई। इस विशेष अवसर पर, हम आप सभी को धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि आगे भी आप हमारा मार्गदर्शन, सहयोग और विश्वास यूं ही बनाए रखेंगे।

# नप प्रशासन की पहल पर टूटा जाम, सड़क की होगी मरम्मती और होगी नाला उड़ाही



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के द्वारा सड़क मरम्मती और नाला उडाही के आश्वासन पर बीते 24 घंटे से मसौढ़ी के मालिकाना रेलवे लाइन वार्ड नंबर 15 में सड़क के बीच-बीच लगा हुआ जाम बुधवार को समाप्त कर दिया गया है। जहां नगर परिषद के सहयोग से सड़क जाम हटा दिया गया है। दरअसल बीते मंगलवार की सुबह से ही पूरे मोहल्ले के लोग सड़क पर जल जमाव और सडको पर जलजमाव के कारण आवाजही में परेशानी हो रही थी, यातायात पूरा ठ्प्प था, जिससे गुस्साए मोहल्ले वासियों ने सड़क के बीच बांस बल्ला लगाकर सड़क को जाम कर दिया और नगर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते नजर आए थे, इस बीच नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू कुमार को भी इसका आक्रोश झेलना पड़ा था, स्थानीय विधायक ने भी सड़क मरम्मती का आश्वासन दिया था, ऐसे में बुधवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन के संयुक्त आश्वासन से जाम को हटा दिया गया है। मौके पर नगर परिषद के अमीर रामाधार प्रसाद, मसौढ़ी थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। इसके अलावा सड़क जाम करने वाले प्रदर्शनकारियो ने चेतावरी दी है कि अगर जल्द समय रहते सड़क मरमती नहीं हुई तो एक बार फिर से सड़क जाम हो सकती है। हालांकि इस बीच बुधवार की सुबह कुछ ट्रक चालकों ने भी रेलवे गुमटी चौराहा के पास में सड़क जाम कर आक्रोश व्यक्त किया था। क्योंकि पिछले 24 घंटे से एक लंबी लाइन लगाकर सभी ट्रक चालक खड़े थे, हालांकि स्थानीय पुलिस पहुंचकर उसे तुरंत हटा दिया था।

## विनोद कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक दानापुर का पदभार ग्रहण किया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 30/7/25 को श्री विनोद कुमार ने पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में श्री जयंत कुमार चौधरी से कार्यभार ग्रहण कर लिए हैं। आप 1995-बैच के भारतीय रेल अभियंत्रण सेवा के अधिकारी हैं। आपने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आई.आई.टी.,रूड़की से एम.टेक.की डिग्री हासिल की हुई है। प्रशिक्षण के उपरान्त श्री कुमार ने सर्वप्रथम पश्चिम रेलवे के कोटा मंडल में सहायक मंडल अभियंता के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। आपने पश्चिम रेलवे के कोटा, वड़ोदरा, रतलाम मंडल एवं पूर्व रेलवे के हावड़ा, आसनसोल मंडल के साथ-साथ मेट्रो रेलवे एवं निर्माण विभाग में विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है। आपको रेलवे के परिचालन, अनुरक्षण एवं निर्माण विभाग में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है। दानापुर मंडल में योगदान से पूर्व श्री कुमार, कार्यकारी निदेशक के पद पर,रेल भूमि विकास प्राधिकरण, दिल्ली में पदस्थापित थें। इस शताब्दी



वर्ष में पदभार ग्रहण करने के पश्चात आपने मंडल के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर,मंडल में रेल से संबंधित चल रहे विभिन्न विकास कार्यो एवं परियोजनाओ की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए समीक्षा की साथ ही संरक्षा,समय पालन एवं सुरक्षा तथा आधारभूत संरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए समस्त रेल कार्यो को सुगम एवं पारदर्शी कार्य पद्धति का अनुसरण करते हुए संपन्न करने पर बल देते हुए अपनी प्राथमिकता जतायी।

# पैड वूमेन बनीं थाना प्रभारी खुशबू

### स्लम बस्तियों में माहवारी स्वच्छता के प्रति चला रही जागरूकता, कर रही सेनेटरी पैड वितरण

शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ना कोई सरकारी मदद,न कोई संस्था से सहयोग,मसौढ़ी अनुमंडल के लहसूना थाना के थाना प्रभारी खुशबू इन दिनों पैड वूमेन बन गई है। दरअसल स्लम बस्तियों में जाकर महिलाओं और किशोरियों के बीच उन्हें माहवारी के प्रति उन्हें जागरूक कर रहे हैं और न केवल उन सभी महिलाओं को जागरुक कर रही है, बल्कि उन्हें सैनिटरी पैड भी दे रही है। और स्वच्छता के प्रति उन्हें जागरूक भी कर रही है। थाना प्रभारी खुशबू खातून ने बताया की पुलिस की सेवा में काफी ब्यस्तता होती है, लेकिन जब कभी भी वक्त मिलता है तो महादलित टोलों में स्लम बस्तियों में जाकर हम उन सभी महिलाओं को किशोरियों को स्वच्छता के प्रति उन्हें जागरुक करते हैं। आज भी हमारे समाज में दबे कुचले खासकर स्लम बस्ती की महिलाओं में अज्ञानता है। जागरूकता नहीं है। महावारी के प्रति कई लोग आज भी शरमाते हैं सब कुछ बताने में हिचकीचाते हैं। जिसको लेकर हमने मन में ठाना की वैसे लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करेंगें मैं भी एक महिला हूं इसीलिए इस बात को बेहतर ढंग से समझते हैं। लहसुना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसडीह मुसहरी काफी





बड़ा है तकरीबन 500 से ज्यादा आबादी है काफी संख्या में यहां महिलाएं किशोरीयां रहती हैं। उन सबों के बीच सेनेटरी पैड का भी वितरण कर रहे हैं।हम खुद अपने पैकेट से अपने बलबूते खर्च कर उन सभी महिलाओं को जागरुक कर रहे हैं और यह काम करने में हमें काफी अच्छा लगता है, हम महिला होकर कम पढ़े-लिखी महिलाओं के बीच जागरूकता फैलाने में हमें बहुत ही अच्छा लगता है।कई महिलाएं बहुत कुछ खुलकर नहीं बता पाई फिर भी हम उन्हें जाकर जागरूक किया। बहरहाल लहसुना थाना के थाना प्रभारी खुशबू खातून इन दिनों अपने इलाके में पैड वूमेन के रूप में भी चर्चा में है,एक थाना प्रभारी जो अपने व्यस्तता भरे वक्त में भी स्लम इलाको में जागरुक कर स्वच्छता की खुशबू लोगों में बिखेर रही हैं।

## मसौढ़ी अंचल का आरटीपीएस कांउटर सील,आम जन को प्रमाण पत्र बनवाने मे बढ़ी परेशानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अंचल के आरटीपीएस काउंटर से निर्गत डॉग बाबू नाम के कुत्ते का बना निवास प्रमाण पत्र प्रकरण के बाद मसौढ़ी अंचल का आरटीपीएस काउंटर को सील कर दिया गया है। कब खुलेगा, कैसे काम होगा, आम अवाम को कब से सुविधा मिलने लगेगी अभी इस बात की किसी को भी कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में



आरटीपीएस काउंटर बंद होने से फिलहाल आम अवाम को कई तरह के प्रमाण पत्र बनवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले राजस्व पदाधिकारी पर थाने मे केस दर्ज किया गया है।अब कौन कब निवास बनायेगा इस बात का भी कोई सूचना नही है।इस बबात अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया की वरीय पदाधिकारी की निर्देशन में वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी फिलहाल पूरे मामले की छानबीन चल रही है। पुलिसिया कार्रवाई चल रही है। तीन आईटी सहायको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और कंप्यूटर पर जांच पड़ताल की जा रही है। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम में अब तक जो तथ्य सामने आई है जिसमें आईटी सहायक मिंटू कुमार निराला पूर्ण रूप से दोषी है। जिन्होंने ही कंप्यूटर पर इसे अपलोड किया था इस मामले में राजस्व पदाधिकारी पर प्राथमिकी हुई है। फिलहाल उसकी मंशा क्या है उसके जड़ तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। किसके कहने पर मिंटू कुमार निराला ने उसे ऑनलाइन निर्गत किया है पूरे मामले के तह तक पुलिस इस कार्य में जुट गई है। लेकिन फिलहाल आरटीपीएस काउंटर बंद होने से आम आवाम परेशान है और अभी तक कोई भी वैकल्पिक सुविधा आम अवाम के लिए बहाल नहीं की गई है जिसे कई लोग परेशान दिख रहे हैं।

### शराबबंदी की आड़ में बाल अपराध बढ़ा, बच्चों के हाथों बिक रही शराबः प्रेम

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव श्री प्रेम ने प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित पत्र के माध्यम से बिहार में शराबबंदी से उपजे सामाजिक विघटन और बाल अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी का उद्देश्य सकारात्मक था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट और भयावह होती जा रही है.भारतीय लोकहित पार्टी के अध्यक्ष ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर शराब बिहार में आती कहां से है? उन्होंने मांग की कि राज्य की सीमाओं, चेक पोस्ट और पुलिस तंत्र में मौजूद भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच हो. अपराधियों और उनके संरक्षकों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए. श्री प्रेम ने चेतावनी दी कि यदि इस पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो बिहार की युवा पीढ़ी पूरी तरह नशे और अपराध की चपेट में आ जाएगी।

# मसौढ़ी में 10 वर्षों से प्यासी है मोरहर नदी

### मोरहर नदी में पानी लाने को लेकर ग्रामीणों ने छेड़ा आंदोलन, विरोध प्रदर्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अविरल धारा के रूप में बिहार की विशाल नदी मोरहर अपनी अस्तित्व खोती जा रही है. पिछले 10 वर्षों से इस नदी में पानी तक नहीं आई है. वहीं बिहार में कई इलाकों में बाढ़ से हालात खराब हैं. सभी नदियां इन दोनों उफाने पर हैं।. वहीं मसौढ़ी के मोरहर नदी सूखी पड़ी हुई है. खेतों में पटवन नहीं हो रही है और जलस्तर गिरने से आसपास के चापाकल सूख गये है. यहां पानी की समस्या हो गई है.गया से निकलकर पटना गंगा में मिलने वाली मोरहर नदी कभी गहरी और विशाल नदी के रूप में जानी जाती थी. शुरूआत में नदी की गहराई लगभग सात-आठ मीटर थी, लेकिन मौजूदा समय में नदी पूरी तरह सूख गई है। मोरहर नदी मसौढ़ी के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है. मोरहर नदी जहानाबाद तक आई जरूर है लेकिन उसे कई जगहों पर बीयर बांध बनाकर उसे रोक दिया गया है. जिस वजह से मसौढ़ी में पानी नहीं आ रहा है.इसको लेकर न केवल पटवन के लिए किसान परेशान है बल्कि आसपास के गांव के लोगों का जलस्तर भी नीचे चले जाने से चापाकल सूख गए हैं. इसको लेकर अब स्थानीय गांव के लोगों ने



आंदोलन शुरू कर दिया है। मोरहर नदी में पानी लाने के लिए सरकार के समक्ष अपना आवास बुलंद कर रहे हैं। शिक्षक इंदल पासवान ने बताया कि आसपास के इलाकों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है. हमलोग अपने फसल को पर्याप्त सिंचाई नहीं कर पा रहे है. आसपास के इलाकों का घरेलू चापाकल बिल्कुल बंद पड़े हुए हैं. उन्होंने बताया कि कसना बीयर, गोपालपुर मिल्की बीयर, जामुक बीयर एवं भवानीचक बीयर है जो जहानाबाद जिले के अन्तर्गत संचालित होता है।नरेश प्रसाद, विनोद कुमार, इंदल पासवान, चंदन कुमार, कमलेश कुमार, दुखित, डॉ राजू, रंजन कुमार,राजदेव चौधरी, चंदन शर्मा, रंजय शर्मा, आदी शामिल रहे।

आईसीसी रैंकिंग

# रविंद्र जडेजा विश्व के नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी टेस्ट क्रिकेटरों की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढ़त हो गई है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और वार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढत बना ली है। इसमें कहा गया, 'उसने 13 रेटिंग अंक हासिल किए है और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। इसके साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढ़कर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढकर 14वें स्थान पर हैं। वॉशिंगटन सुंदर आठ पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर हैं जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। गेंदबाजों में चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर आ गए हैं।



# अभिषेक शर्मा पहली बार नंबर-1 टी-20 बैटर बने

आईसीसी रैंकिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट में नंबर-1 बैटर बनने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट में नंबर-1 बैटर बनने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

बुधवार को जारी वीकली आईसीसी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा में टी-20 के नंबर-1 बैटर बन गए हैं। वे विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के बाद नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बैटर बने हैं।

अभिषेक शर्मा के 829 अंक हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते एक भी टी-20 नहीं खेला है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड वेस्टइंडीज के खिलाफ 5वां टी-20 मैच नहीं खेले थे, इससे उनके अंक गिरकर 814 हो गए। इससे अभिषेक नंबर-1 पोजिशन पर आ गए और हेड दूसरे पर खिसक गए। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट में चोट के बावजूद फिफ्टी बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 776 अंक के साथ आईसीसी टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में आठवें से सातवें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लिश बैटर जो रूट इस लिस्ट में टॉप पर कायम हैं। टेस्ट बॉलर्स की लिस्ट में टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इधर रवींद्र जडेजा लगातार 177 हफ्तों से नंबर-1 ऑलराउंडर बने हुए हैं।





# जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे ओवल टेस्ट

2**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का 5वां मैच गुरुवार (31 जुलाई) से लंदन के ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें इजाजत देने से मना कर दिया है। मैनचेस्टर टेस्ट के बाद कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि ओवल में बुमराह खेलने पर अभी फैसला नहीं लिया गया है। कोच गौतम गंभीर ने भी कुछ ऐसी ही बात कही थी। सहयक कोच सितांशु कोटक ने मंगलवार (29 जुलाई) को कहा कि बुमराह खेलने फैसला अभी नहीं हुआ, लेकिन वर्कलोड के हिसाब से फिट बताया।

इस बीच ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार ओवल में बुमराह खेलते नहीं दिखेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह से कहा है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और लंबे समय की योजना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे

यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि मेडिकल टीम ने बुमराह, भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के साथ मिलकर यह तय किया था कि वह इंग्लैंड दौरे के दौरान पांच में से केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। बुमराह, हेडिंग्ले में पहले टेस्ट मैच में खेले, एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच में बाहर रहे, जिसे भारत ने जीता और उसके बाद लॉर्ड्स में और पिछले हफ्ते ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए दो टेस्ट मैचों में खेले।

## ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे दिन की सुबह से गेंदबाजी नहीं की

बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे दिन की सुबह से गेंदबाजी नहीं की है। साथ ही आखिरी दो टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक भी है, ऐसे में भारत ने अपनी मूल योजना में बदलाव करने पर विचार किया होगा, क्योंकि वह ओवल में जीत के साथ सीरीज 2-2 से बराबर करने की संभावना को देखते हुए।

## बुमराह की गति प्रभावित

धीमी, सपाट पिच और वर्कलोड मैनेजमेंट ने चौथे टेस्ट में बुमराह की गति को प्रभावित किया। उन्होंने 33 ओवरों में दो विकेट लिए। एक पारी में उनके सर्वाधिक ओवर थे। पहली बार उनके रनों का आंकड़ा 100 के पार गया। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, प्रत्येक टेस्ट की पहली पारी में 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंद फेंकने की उनकी संख्या भी हेडिंग्ले में 42.7त्न से घटकर लॉर्ड्स में 22.3त्न और ओल्ड ट्रैफर्ड में 0.5त्न हो गई।बुमराह वर्तमान में सीरीज में 14 विकेट लेकर मोहम्मद सिराज के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मैनचेस्टर में ड्रॉ के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि बुमराह अंतिम टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन दो दिन बाद भारत ने उन्हें आराम देने का फैसला किया।

## बुमराह की जगह आकाश दीप ले सकते हैं

बुमराह की जगह कौन लेगा? यह मंगलवार को भारत के वैकल्पिक प्रैक्टिस सेशन में लगभग स्पष्ट हो गया। कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहे आकाशदीप ने हरी-भरी अभ्यास पिचों पर गेंद को अच्छी तरह से सीम करते हुए लय पकड़ ली। एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच में आकाशदीप ने मैच में दस विकेट लिए। इसमें इंग्लैंड की दूसरी पारी में करियर का सर्वश्रेष्ठ 99 रन देकर 6 विकेट लेना भी शामिल है। लॉर्ड्स में अगले टेस्ट मैच में आकाश को दिक्कत हुई, खासकर स्लोप वाले पवेलियन एंड से। उन्होंने टेस्ट में सिर्फ एक विकेट लिया, लेकिन ओवल की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियां आकाश को जल्दी वापसी करने में मदद कर सकती हैं।




# भरत बने लखनऊ सुपर जायंट्स के नए गेंदबाजी कोच

पूर्व तेज गेंदबाज की अगुआई में धारदार हुई भारतीय पेस बैटरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2026 से पहले भरत अरुण को अपना नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। उनके साथ दो साल का करार हुआ है। इससे पहले वह कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ चार साल तक जुड़े रहे थे, जिसमें 2024 का आईपीएल खिताब भी शामिल है। फरवरी 2020 में माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री (बाएं) और तत्कालीन गेंदबाजी कोच भरत अरुण भरत।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए भरत अरुण को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज भरत अरुण को बॉलिंग कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत की गेंदबाजी इकाई का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का श्रेय दिया जाता है।

भरत अरुण कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ भी एक सफल कार्यकाल के बाद एलएसजी में शामिल हुए हैं। उनके रहते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। वह 2022 सीजन से 4 साल तक केकेआर का हिस्सा रहे। क्रिकबज की खबर के अनुसार, भरत रुण (62) ने संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली टीम के साथ दो साल का करार किया है। इसके तहत उन्हें पूरे साल एलएसजी के खिलाड़ियों के साथ काम करना होगा।

भरत अरुण के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने का मतलब है कि एलएसजी पिछले सीजन में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम के मेंटर जहीर खान को अपने साथ बनाए नहीं रखना चाहती। पहले भी खबर आई थी कि जहीर खान का फ्रेंचाइजी के साथ एक साल का अनुबंध था और प्रबंधन इस सौदे की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। अनुबंध के नवीनीकरण की संभावनाएं कम हैं। साथ ही कुछ सीजन तक टीम का हिस्सा रहे मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अनुबंध की भी संभावनाएं कम हैं।

# यूसुफ पठान-स्टुअर्ट बिन्नी ने 28 गेंदों में ठोके 71 रन



**नई दिल्ली, एजेंसीं।** वर्ल्ड चैंपियंसशिप ऑफ लीजेंड्स2025 के एक अहम मुकाबले में इंडिया चैंपियंस के दिग्गज खिलाड़ी युसूफ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी ने केवल 28 गेंदों में 71 रन ठोककर टीम को केवल 80 गेंदों में ही जीत दिला दी. इंडिया चैंपियंस को इस लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 14.1 ओवर में 145 रन बनाने थे. इस मुश्किल लक्ष्य को युसूफ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी ने काफी आसान बना दिया और वेस्टइंडीज चैंपियंस के खिलाफ केवल 13.2 ओवर में ही इंडिया चैंपियंस को 5 विकेट से जीत दिलाकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली. युसूफ पठान ने छक्का लगाकर टीम को इस लीग में पहली जीत का स्वाद भी चखाया. डब्ल्यूसीएल 2025 के अहम मुकाबले में इंडिया चैंपियंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज चैंपियंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए.इंडिया चैंपियंस को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इस लक्ष्य को 14.1 ओवर में हासिल करने थे, लेकिन उसकी शुरुआत काफी खराब रही और टीम के चार विकेट केवल 52 रन पर ही गिर गए.

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, फर्नांडीज पहले दौर में बाहर, मुसेट्टी-रूने भी अगले दौर में

नेशनल बैंक ओपन

**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह



मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

## पुरुष एकल में मुसेट्टी-रूने की जीत

वहीं, पुरुषों में तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूने ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, 14वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन भी अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे।

# एससी-एसटी अत्याचार निवारण मद से अब तक 2.90 करोड़ के मुआवजा का हुआ भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने की। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। अब तक कुल 382 पीड़ितों के बीच 2,90,00,000 रूपये (दो करोड़ नब्बे लाख रूपये) की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त हत्या से संबंधित 24 मामलों में मृतकों के आश्रितों को



माह जून 2025 तक पेंशन का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही हत्या के 5 मामलों में मृतकों के आश्रितों को परिचारी के पद पर सरकारी नौकरी भी प्रदान की गई है। बैठक में पीड़ितों को समय पर न्याय एवं सहायता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा सतत अनुश्रवण व त्वरित कार्रवाई की महत्ता पर बल दिया गया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण, कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार, कुटुंबा विधायक के प्रतिनिधि, विशेष लोक अभियोजक (अनु. जाति एवं अनु. जनजाति) एवं समिति के सदस्यगण मधेश्वर पासवान, राजेश्वर पासवान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# वज्रपात से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के देव थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव में पिता के सामने वज्रपात की चपेट में आने से बेटे की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी रविंद्र साव के 20 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम धान की रोपनी को लेकर खेत तैयार किया जा रहा था। मृतक विकास और उसके पिता आसपास ही कार्य कर रहे थे तभी वज्रपात की चपेट में आने से वह हादसे का शिकार हो गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में काम करते हैं। दो दिनों पहले धान की रोपनी करने के लिए घर आए थे। पिता-



पुत्र धान की रोपनी के लिए खेत तैयार कर रहे थे। अचानक बारिश के साथ वज्रपात की घटना घटित हुई और विकास झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पिता ने शोर मचाया तो आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि विकास दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई घर पर ही रहकर पढ़ाई करता है। विकास अपने पिता के साथ दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में काम करता था। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि वज्रपात की चेपट में आने से युवक के मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सर्पदंश से अधेड़ की मौत घर में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में अधेड़ व्यक्ति को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 57 वर्षीय चैतन्य भुइयां के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सुबह जब काफी देर तक चैतन्य नहीं उठे तो परिजन उन्हें उठाने के लिए कमरे में पहुंचे तो देखा कि वे बेहोश पड़े हुए हैं। उनके हाथ पर सांप के काटने के निशान थे। बेहोशी की हालत में अधेड़ को सामुदायिक अस्पताल मदनपुर पहुंचाया गया। यहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल ले जाने के दौरान अधेड़ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर अस्पताल में मौजूद मृतक के बेटे सत्येंद्र ने बताया कि सुबह उठने के बाद मैं खेत की ओर चला गया था। काफी देर बाद मुझे सूचना मिली कि पिता को सांप ने काट लिया है। घर पहुंचा और पिता को इलाज के लिए मदनपुर अस्पताल ले गया। यहां से पिता को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही पिता की मौत हो गई। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

# मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की जरूरत : सीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा को लेकर सदर अस्पताल स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित एमपीसीडीएसआर नामक समीक्षात्मक कार्यक्रम के निमित्त आयोजित इस बैठक में सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, प्रखंड मूल्यांकन एवं अनुश्रवण सहायक, नामित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आदि सम्मिलित हुए। जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत मातृ एवं शिशु मृत्यु के केस की स्टडी की जाती है तथा आवश्यक करेक्टिव एवं प्रीवेंटिव एक्शन लिए जाते हैं। आज ओबरा प्रखंड में हुए एक मातृ मृत्यु की स्टडी में स्पष्ट हुआ कि दो गर्भ के बीच तीन साल का अंतर नहीं रखा गया। गर्भधारण के तत्काल पश्चात प्रसव पूर्व जांच में बिलंब हुआ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जब तक पहचान एवं पंजीकरण किया जाता तब तक गर्भधारण के तीन से चार महीने बीत चुके थे। गर्भवती के पेट में जुड़वां बच्चे थे, एक तो निर्धारित प्रसव पूर्व जांच नहीं हुए दूसरे प्रसव की योजना भी निश्चित नहीं की जा सकी थी। गर्भकाल में उच्च जोखिम धारण करने वाली महिला परीक्षा स्थल पर परीक्षा के दौरान प्रसव पीड़ा महसूस करती है और



सीधे सदर अस्पताल में एडमिट होती है। सामान्य प्रसव उपरांत रक्तस्राव शुरू हो जाता है और महिला को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया जाता है। रेफरल सेंटर जाने के क्रम में रास्ते में ही महिला क़ी मौत हो जाती है। इस केस स्टडी की सबसे मार्मिक बात यह रही कि एक साथ तीन बच्चे मातृ विहीन हो जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि दो गर्भधारण के बीच तीन साल का अंतर रखा जाए। गर्भधारण का पता जैसे ही चले संबंधी क्षेत्र के आशा या एएनएम, सरकारी अस्पताल या विशेषज्ञ महिला चिकित्सक से अनिवार्य रूप से प्रसव पूर्व जांच कराई जाय। प्रसव की पूर्व योजना निर्धारित हो। अनिवार्य रूप से संस्थागत प्रसव अर्थात किसी अस्पताल में ही प्रसव कराया जाय। सरकारी अस्पतालों में प्रसव होने पर शहरी लाभार्थियों को एक हजार तथा ग्रामीण क्षेत्र की लाभार्थियों को 1400 रूपये प्रदान किए जाते हैं। इस प्रसंग में जिला के मातृ-शिशु कल्याण पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन द्वारा मातृ-शिशु-मृत्यु के स्थानीय एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय तथ्यों से अवगत कराया गया, साथ ही सोशल ऑटोप्सी की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी एवं आरबीएसके के जिला कोऑर्डिनेटर नीलम रानी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा पोर्टल की जानकारी दी गई। जिला सामुदायिक उत्प्रेरक आनंद प्रकाश द्वारा आशा की सहभागिता एवं सहयोग पर विमर्श किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम प्रति माह किया जाएगा। इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के स्तर से निर्देशित है कि सभी मातृ एवं शिशु-मृत्यु की समीक्षा की जाए तथा आकलित कमियों के आलोक में सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। सभी आशा फैसिलिटेटर अपने एवं सम्बद्ध आशा से मातृ एवं शिशु-मृत्यु का प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम का अंतिम उद्देश्य मातृ एवं शिशु-मृत्यु के कारणों को पहचानना एवं आवश्यक सुधार करने का प्रयास करना है।

# दो पोक्सो मामलों में दोषियों को दस-दस साल की सजा

## पीड़िताओं को मिलेगा एक-एक लाख रुपये मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में बुधवार को स्पेशल पोक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने दो अलग-अलग पोक्सो मामलों में फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को दस-दस साल की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही दोनों मामलों में पीड़िताओं को एक-एक लाख रुपये का प्रतिकर देने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया गया है। पहला मामला रफीगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां थाना कांड संख्या 405/23 (पोक्सो केस न. 120/23) के तहत चंदन कुमार, निवासी अतरौली, ओबरा को दोषी ठहराया गया। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अदालत ने चंदन कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 में एक वर्ष की सजा व एक हजार रुपये जुर्माना, धारा 342 में एक वर्ष की सजा व एक हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 376 और पोक्सो अधिनियम की धारा 4 में दस वर्ष की सजा व तीस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में अभियुक्त को 28 जुलाई 2025 को दोषी ठहराया गया था। वह अब तक जेल में 8 माह 23 दिन की सजा काट चुका है। मामले में प्राथमिकी 9 सितंबर 2023 को दर्ज हुई थी और आरोप 4 अप्रैल 2024 को गठित किए गए थे। दूसरा मामला गोह थाना कांड संख्या 195/23 (पोक्सो केस न. 122/23) से संबंधित है, जिसमें अभियुक्त सुधीर कुमार, निवासी पिपरा, गोह को अदालत ने दोषी पाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत पांच वर्ष की सजा व बीस हजार रुपये जुर्माना और धारा 376 व पोक्सो की धारा 4 के तहत दस वर्ष की सजा व तीस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है। यहां भी सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी और जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त को 28 जुलाई 2025 को दोषी करार दिया गया था। वह अब तक एक वर्ष नौ माह चार दिन जेल में बिता चुका है। इस मामले में प्राथमिकी 26 सितंबर 2021 को दर्ज की गई थी और आरोप 22 नवंबर 2023 को गठित किए गए थे। दोनों मामलों में स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि पीड़िताओं को एक-एक लाख रुपये का प्रतिकर देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद को दिया गया है।

# 21 दिव्यांग बच्चों का किया गया प्रमाणीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, समग्र शिक्षा अभियान ,के तहत दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण किया। शिविर में कुल 45 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इसमें से 21 बच्चों का प्रमाणीकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण किया जाता है। प्रमाणीकरण होने के बाद सभी दिव्यांगजन सरकारी लाभ प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर बीइओ संजीव कुमार ने बताया कि बच्चों का प्रमाणीकरण होने से वे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और वे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े रहेंगे। समग्र शिक्षा अभियान के अपर कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो ने बताया कि प्रमाणीकरण होने से बच्चों को शिक्षा विभाग की तरफ से भी भत्ता दिया जा सकता है। शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े रहेंगे। इस मौके पर मेडिकल टीम के डॉ. आयुष्मान, डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार, विजय कुमार सिंह, समावेशी शिक्षा प्रखंड संसाधन केंद्र मदनपुर, राकेश कुमार, जय सिंह, शिक्षक दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# 125 यूनिट फ्री बिजली के बारे में दी गई जानकारी



**अंबा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** अंबा में बुधवार को स्टॉल लगाकर लोगों को मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना की जानकारी दी गई। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रिय कंचन निराला ने बताया कि बिहार सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट बिजली निःशुल्क देने का निर्णय लिया है, जो 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कोई रजिस्ट्रेशन या ओटीपी की जरूरत नहीं है। घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ स्वतः मिलेगा। उन्होंने लोगों से फर्जी मैसेज और लिंक से सावधान रहने की अपील की है। इस मौके पर बिजली विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# गोह सीएचसी में आंख का इलाज शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंखों का इलाज शुरु हो गया है। बुधवार को सीएचसी प्रभारी शिव शंकर कुमार, डॉ एस कांत, प्रबंधक मनीष कुमार, नेत्र सहायक सोनम कुमारी, विजन टेक्नीशियन प्रीतम आनंद ने संयुक्त रूप फीता काटकर उद्घाटन किया है। आंखों का जांच प्रतिदिन सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। यह जांच एएसजी आई हॉस्पिटल के जिला कॉर्डिनेटर डॉ एस कांत की निगरानी में नेत्र सहायक सोनम कुमारी एवं विजन टेक्नीशियन प्रीतम आनंद के द्वारा आंखों का जांच कर उचित सलाह और मार्गदर्शन मरीजों को दिया जाएगा। आंख का जांच लेटेस्ट मशीन, ऑटो रिफ्रैक्टोमीटर, स्लेट लैंप,ऑफथेल्मोस्कोप,रेटिनोस्कोप एवं फंड्स कैमरा के साथ अन्य मशीनों से जांच कर इलाज किया जायेगा।

# परिचर्चा और भाषण में पार्थ प्रथम तो चित्रकारी में रानी ने पाया तीसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रमंडल स्तर पर संपन्न पेंटिंग, निबंध एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है और औरंगाबाद का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग के आरडीडीई सईद अंसारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय का अष्टम वर्ग का छात्र पार्थ ने परिचर्चा और भाषण प्रतियोगिता में प्रमंडल स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इसी स्कूल की रानी कुमारी ने चित्रकारी में तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने पार्थ और रानी को बधाई दी है। साथ ही कहा कि जिला स्तर पर चयनित बच्चों की टोली को प्रमंडलीय मुख्यालय गयाजी के लिए जिला कार्यक्रम



पदाधिकारी स्थापना भोला कुमार कर्ण एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। छात्रों की टोली को मुकुल कुमार पाण्डेय +2 उच्च विद्यालय लौवावार सिकरिया नबीनगर एवं सीमा कुमारी पीएम श्री विद्यालय गंगहर साथ ले जाकर प्रतियोगिता में हिस्सा दिलाया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर पेंटिंग, निबंध और वक्तृत्व प्रतियोगिता में प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हुए विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रमंडल स्तर पर भाग लेने वालों में उच्च विद्यालय नवीनगर से अभिमन्यु कुमार, गंगहर से आशुतोष कुमार, उच्च विद्यालय बारुण से हिमांशु कुमार एवं पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगाबाद से रानी कुमारी एवं पार्थ कुमार आदि सम्मिलित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** जिले के दाउदनगर स्थित दाउदनगर महाविद्यालय द्वारा ग्रामीणों के बीच शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के ही निकट गांव सिपहां एवं नीमा में किया गया। प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) एम. एस. इस्लाम के दिशा-निर्देशानुसार मनोविज्ञान के सहायक प्राचार्य डॉ श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसमें कॉलेज के ही सहायक प्राचार्यों में अर्थशास्त्र के डॉ निर्भय राजवंशी, गणित के डॉ. सुनील जी एवं रसायन शास्त्र के डॉ. विजय कुमार ने साथ दिया। कार्यक्रम के तहत व सिपहां एवं नीमा गांव के



ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के बीच कॉपी, कलम एवं साबुन का वितरण किया गया। वहीं समाज में लोगों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्रीनिवास सिंह ने ग्रामीणों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य एक समृद्ध समाज की बुनियाद है। यदि बच्चे पढ़ेंगे और स्वस्थ रहेंगे तो उनका भविष्य उज्जवल होगा और समाज भी प्रगति करेगा। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय जाने और स्वच्छता का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक माह आयोजित किया जाएगा। डॉ. निर्भय राजवंशी ने शिक्षा की आर्थिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकता है। डॉ. सुनील ने गणितीय सोच और तार्किक क्षमता के विकास पर बल दिया। वहीं डॉ. विजय कुमार ने स्वच्छता और व्यक्तिगत हाइजीन के वैज्ञानिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम के अंत में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मी प्रवीण कुमार एवं श्रीकांत बबलू भी उपस्थित थे।

